आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज
भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत
उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 13 दिसंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 63 www.janexpresslive.com/epaper

एक व्यक्ति की जनगणना पर 97 रुपए... 12

# यूपी भाजपा को कल मिल जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष

- चुनाव कार्यक्रम जारी, नामांकन आज दोपहर होगा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

14 दिसंबर को उत्तर प्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। शुक्रवार को पार्टी ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। शुक्रवार को प्रदेश परिषद सदस्य सूची प्रकाशन और प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव कार्यक्रम का प्रकटीकरण किया गया। 13 दिसंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं, 13 दिसंबर को ही शाम 4 से 5 बजे के बीच नामांकन वापस लिए जाएंगे। 14 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की आधिकारिक घोषणा और आवश्यक होने पर मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।





### मतदान हुआ तो 380 से अधिक प्रांतीय परिषद सदस्य हिस्सा लेंगे

यूपी के चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने बताया, प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को लखनऊ आएंगे। उसी दिन दोपहर एक बजे से दो बजे तक पार्टी मुख्यालय पर नामांकन पत्र दाखिल कराए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की मौजूदगी में होगी। अगले दिन रविवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उन्होंने बताया, चुनाव में यदि मतदान की आवश्यकता हुई तो 84 संगठनात्मक जिलों से 380 से अधिक प्रांतीय परिषद के सदस्य मतदान करेंगे। भाजपा के 98 संगठनात्मक जिले हैं, लेकिन अभी 14 जिलों में जिला अध्यक्ष का चयन नहीं हुआ है। इसलिए वह जिले प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे।

### तो होगा मंत्रिमंडल विस्तार

योगी सरकार 2.0 का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार भी होना है। पूर्व पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद कैबिनेट मंत्री के पद खाली हैं। आगामी पंचायतीराज चुनाव और विधानसभा चुनाव के चलते सामाजिक समीकरण सेट करने के लिए भी कुछ जातियों का सरकार में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। दलितों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ाया जाना है। भाजपा के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को भी फिर से मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना है। प्रदेश सरकार के मौजूदा मंत्रियों में, जिनके कामकाज को लेकर सरकार, भाजपा और आरएसएस के साथ कार्यकर्ताओं में नाराजगी है, उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर भी किया जा सकता है। हालांकि, पार्टी का एक वर्ग चुनाव से पहले किसी को मंत्रिमंडल से बाहर करने के पक्ष में नहीं है। योगी सरकार 2.0 का पहला मंत्रिमंडल विस्तार 5 मार्च, 2024 को किया गया था। इसमें सुनील शर्मा, दारा सिंह चौहान, रालोद के अनिल कुमार और सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को मंत्री कैबिनेट मंत्री बनाया गया था।

### योगी सरकार में 54 मंत्री, 6 पद खाली

योगी कैबिनेट में वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित कुल 21 कैबिनेट मंत्री हैं। असीम अरुण, गुलाब देवी, जेपीएस राठौर और दयाशंकर सिंह समेत 14 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। प्रतिभा शुक्ला, रजनी तिवारी, बलदेव सिंह औलख और जसवंत सिंह सैनी सहित 19 राज्यमंत्री हैं। इस तरह वर्तमान में कुल 54 मंत्री हैं, जबकि कुल 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। लिहाजा, मंत्रिमंडल के लिए 6 पद खाली हैं।

### यूपी भाजपा की राजनीतिक दिशा क्या होगी, जानकार कहते हैं–

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह या डॉ दिनेश शर्मा को कमान सौंपी गई तो यह माना जाएगा कि केंद्रीय नेतृत्व में आगामी विधानसभा मजबूत किया है, उन्हें फ्री हैंड दिया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य या उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तो ऐसा माना जाएगा कि केंद्रीय नेतृत्व यूपी में सत्ता की ताकत का संतुलन बनाए रखना चाहता है। साध्वी निरंजन ज्योति पर पार्टी भरोसा जताती है तो यूपी में आगामी राजनीति पूरी तरह भगवामय में होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी भगवा वस्त्र धारी हैं और प्रदेश अध्यक्ष भी भगवा वस्त्र धारी होगी।

### 11 महीने से नए अध्यक्ष का इंतजार

यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति 15 जनवरी, 2025 को होनी थी। कभी महाराष्ट्र चुनाव, तो कभी यूपी में उपचुनाव। इसके बाद बिहार चुनाव के चलते मामला अटकता चला गया। यूपी भाजपा का अध्यक्ष केवल यूपी ही नहीं, पार्टी की केंद्रीय राजनीतिक के लिए भी महत्वपूर्ण है। 16 दिसंबर, 2025 से खरमास शुरू हो रहा है, लिहाजा दो दिन पहले 14 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष का चयन हो जाएगा।

### पंकज चौधरी सबसे आगे क्यों?

- पंचायत और विधानसभा चुनाव में बीजेपी पिछड़े वर्ग पर दांव खेलेगी। पिछड़े वर्ग में कुर्मी समाज की आबादी यादवों के बाद सबसे ज्यादा है। कुर्मी समाज को बीजेपी का वोट बैंक माना जाता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में इस समाज का एक हिस्सा पीडीए के नाम पर सपा के साथ गया था।
- पंकज चौधरी कद्दावर नेता हैं। 7 बार के सांसद हैं। अच्छे प्लानर माने जाते हैं। पार्षद से राजनीति की शुरुआत की। गोरखपुर के डिप्टी मेयर रहे और फिर 1991 में पहली बार सांसद बने। राहत रूह तेल कंपनी के मालिक हैं।
- 2024 में 11 कुर्मी सांसद चुने गए। इनमें 3 भाजपा, 7 सपा के हैं। कुर्मी वोटों का ध्रुवीकरण हुआ।
- यूपी भाजपा में इससे पहले दो बार कुर्मी भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। विनय कटियार और स्वतंत्र देव सिंह। अगर चौधरी का नाम फाइनल हुआ तो ये तीसरे कुर्मी जाति के अध्यक्ष होंगे।
- गोरखपुर की राजनीति में योगी और पंकज चौधरी ही बीजेपी के दो पड़े क्षत्रप माने जाते हैं। दोनों की राजनीति का तरीका अलग है। एक को सरकार और एक को संगठन की कमान सौंपने के भी कई राजनीतिक मायने हैं।

### प्रस्तावक के रूप में सीएम योगी हो सकते हैं शामिल

प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में प्रस्तावक के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और संगठन के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने इस बार प्रदेश अध्यक्ष के चयन में संगठनात्मक मजबूती, जमीनी पकड़ और व्यापक स्वीकार्यता को प्रमुख आधार बनाया है।

### अब रेस में 2 और नाम क्यों

1. बीएल वर्मा, केंद्रीय मंत्री: लोधी समाज की आबादी करीब 1.20 करोड़ है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के समय से यह समाज बीजेपी के साथ रहा है, लेकिन जब कल्याण सिंह बीजेपी से अलग हुए तो समाज भी बीजेपी से अलग हो गया। कल्याण सिंह के फिर बीजेपी में आने के साथ समाज का झुकाव भी बीजेपी की ओर हो गया। कल्याण सिंह के निधन के बाद लोधी समाज में बीजेपी का कोई बड़ा चेहरा नहीं है। बीजेपी नेतृत्व बीएल वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर समाज में नई लीडरशिप की तैयारी कर सकता है।
2. साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व केंद्रीय मंत्री: निषाद समाज में बीजेपी की पकड़ कमजोर है। इसके चले बीजेपी को निषाद पार्टी से गठबंधन करना पड़ता है। बीजेपी ने साध्वी निरंजन ज्योति को बिहार चुनाव में सह-प्रभारी बनाया था। उसके बाद बिहार में बीजेपी के विधायक दल की बैठक के लिए सह-पर्यवेक्षक भी बनाया। इसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि बीजेपी नेतृत्व साध्वी निरंजन ज्योति को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे सकता है। इससे एक तीर से तीन निशाने लग जाएंगे। पहला- महिला वोट बैंक साधने का, दूसरा- पिछड़े वर्ग को नेतृत्व देना और तीसरा- निषाद समाज में अपनी पकड़ मजबूत करना।

### इन नामों की भी चर्चा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, यूपी सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह और राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद के नाम की भी चर्चा है। जबकि, ब्राह्मण वर्ग में राज्यसभा सदस्य डॉक्टर दिनेश शर्मा, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के नाम पर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, इसकी उम्मीद बहुत कम ही है।

### मतदान की नौबत नहीं आएगी, निर्विरोध होगा चुनाव

पार्टी सूत्रों का कहना है कि मतदान की नौबत नहीं आएगी। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल परिषद की बैठक में नेता के नाम का प्रस्ताव रखेंगे। जिस पर योगी आदित्यनाथ या कोई अन्य नेता समर्थन करेगा। इसके बाद नाम की घोषणा कर दी जाएगी। क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए कम से कम 10 प्रांतीय परिषद सदस्यों के प्रस्तावक और समर्थक होना आवश्यक है। ऐसे में पार्टी की ओर से तय नाम के खिलाफ जाकर किसी भी नेता की नामांकन दाखिल करने की हिम्मत नहीं होगी ना ही कोई प्रांतीय परिषद का सदस्य प्रस्ताव का समर्थन बनने की हिम्मत करेगा।

# 20 जिलों में घना कोहरा, बस्ती में 5 गाड़ियां भिड़ीं

- एक की मौत, 2-3 दिन बारिश के आसार, गलन भी बढ़ेगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से ठंड बढ़ती जा रही है। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, देवरिया समेत 20 जिलों में सुबह से घना कोहरा छाया है। सड़कों पर 5 मीटर आगे तक नहीं दिख रहा है। लोग अलाव के पास बैठे नजर आए। गोरखपुर-बरेली में विजिबिलिटी शून्य रिकॉर्ड की गई। पिछले 24 घंटे की बात करें तो कानपुर यूपी में सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम पारा 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अयोध्या, महाराजगंज और शाहजहांपुर में कोहरे के चलते सड़क हादसे हुए। इसमें प्रेग्नेंट महिला समेत 4 की मौत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन-चार दिन प्रदेश में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। गलन भी बढ़ेगी। इस बीच बस्ती में शुक्रवार सुबह घने कोहरे की वजह से लुंबिनी-दुद्धी रोड पर भीषण सड़क हादसा हो गया। बेईली गांव के पास पिकअप समेत करीब पांच वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में पिकअप चालक मनीष कुमार की मौत हो गई। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- आज एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। तीन से चार दिनों तक पूर्वी दिशा से हवाएं चलने की संभावना है, जिससे मौसम में हल्का बदलाव आ सकता है। कुछ स्थानों पर छिटपुट बारिश के आसार हैं।



### 3 दिनों तक कैसा रहेगा मौसम

- 13 दिसंबर - पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रह सकता है। पूर्वी यूपी के तराई क्षेत्रों में घना कोहरा छा सकता है। हवा की स्पीड 20 किमी/घंटा तक हो सकती है।
- 14 दिसंबर - पूर्वी और पश्चिमी यूपी में कोहरा रहेगा। दृश्यता 100 मीटर तक रह सकती है। कहीं-कहीं हल्की बारिश के भी आसार हैं।
- 15 दिसंबर - पश्चिमी यूपी में हल्का कोहरा पड़ सकता है। पूर्वी यूपी में भीषण कोहरा देखने को मिल सकता है। दृश्यता शून्य से 100 मी. तक रह सकती है।

### ठंड से सर्दी-जुकाम के मरीज बढ़े, फसलों को फायदा

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से सर्दी-जुकाम, खांसी, निमोनिया के मरीज बढ़ गए हैं। सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या 1,200 तक पहुंच गई है। ठंड-कोहरे की वजह से गेहूं और सरसों की पैदावार अच्छी होती है। हालांकि, ज्यादा ठंड या लगातार कोहरा होने पर पौधों की विकास प्रक्रिया धीमी हो जाती है। नमी के कारण फसल में फंगस, पत्ती सड़न और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### बस्ती में घने कोहरे के कारण पांच वाहन भिड़े, एक की मौत

बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बेईली गांव के पास करीब पांच वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें एक पिकअप चालक मनीष कुमार की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह उस समय हुई, जब दृश्यता लगभग शून्य हो गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर के चिकित्सक डॉ. प्रभाकर चौधरी की कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। हालांकि, वे सुरक्षित बच गए। हादसे में बारीजोत थाना नगर निवासी पिकअप चालक मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पिकअप सड़क किनारे मुड़कर पूरी तरह टूट गई थी। पुलिस और ग्रामीणों को उन्हें वाहन से निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### घना कोहरा, 10 मीटर आगे तक देख पाना मुश्किल

हरदोई में शुक्रवार सुबह घने कोहरे ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मौसम विभाग के वेदर ऑब्जर्वर रमेश चंद्र वर्मा के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान 23.5एड और न्यूनतम तापमान 8.5एड दर्ज किया गया। सुबह हवा में 81% और शाम को 64% नमी दर्ज होने से वातावरण में ठंडक और ज्यादा बढ़ गई है। सुबह का दृश्य ऐसा रहा कि 10 मीटर आगे तक भी देख पाना मुश्किल हो गया।

# दिनदहाड़े गोली मारकर मौलाना की हत्या

- पिता-पुत्र ने कनपटी पर सटाया तमंचा...पलक झपकते उड़ा दी खोपड़ी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

यूपी के रायबरेली में बेटी को ससुराल से लेकर घर लौट रहे मौलाना मुर्तजा (45) की शुक्रवार दोपहर बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक के बाद दो गोली मौलाना के कनपटी पर मारी गईं। बेटी और बेटे ने भागकर जान बचाई, वरना हमलावर उनकी भी हत्या कर देते। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। पिता-पुत्र ने चार साथियों के साथ मिलकर रंजिश में वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अफसरों ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर पिता-पुत्र समेत छह हत्यारोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### बेटी की ससुराल से वापस आ रहे थे

नसीराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरी पाठक मजरे बिरनावां गांव निवासी मौलाना मुर्तजा पुत्र मुस्तफा पूरे जालिम गांव स्थित मदरसा में शिक्षक थे। शुक्रवार को वह अपने बेटे मो. सोफियान के साथ बड़ी बेटी इशरतजहां को ससुराल सरदार का पुरवा मजरे रोखा गांव आए थे। दोपहर बाद शाम करीब 3 बजे बाइक से बेटी इशरजहां को लेकर घर जा रहे थे। बेटा सोफियान दूसरी बाइक से उनके पीछे था। सीएचसी, डीह स्थित नहर के पास सुनसान पड़ता है। पहले से घात लगाए बैठे छह हमलावरों ने नहर के पास मौलाना को रोक लिया। डर के मारे मौलाना भागे तो हमलावरों ने उन्हें दौड़ा लिया। कुछ दूरी पर जाकर हमलावरों ने गोली मारकर मुर्तजा की हत्या कर दी। वहीं बेटा-बेटी भाग खड़े हुए। कुछ दूर जाकर घटना की सूचना पुलिस को दी।



### खड़ंजा लगाने को लेकर था विवाद

मौलाना की हत्या की वारदात की जानकारी पर पुलिस अफसर व कई थानों की पुलिस टीम के अलावा फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। मृतक के चचेरे भाई मो. हफीज के मुताबिक दो साल पहले खड़ंजा लगाने को लेकर गांव निवासी अयूब से मारपीट हो गई थी। दोनों पक्षों के खिलाफ नसीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी रंजिश के चलते मो. अयूब ने अपने बेटे मो. नईम के अलावा जब्बार, मो. मुर्तजा पुत्र सलामत, मो. जुबैर, मो. रफीक के साथ मिलकर मुर्तजा की हत्या की है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मौलाना की हत्या के मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डीह, सलोन, नसीराबाद थानों की पुलिस के अलावा एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया है। साथ ही वारदात के सही कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। जल्द हत्यारोपियों गिरफ्तार किए जाएगा।

# बोलेरो की टक्कर से दो साल की मासूम की मौत

जन एक्सप्रेस। बलिया

बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के नारायणगढ़ ढाले पर शुक्रवार की सुबह स्कूल के बच्चों को लेने के लिए जा रही बोलेरो की चपेट में आने से दो वर्षीय मासूम बुधिया की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने चालक विनोद यादव की पिटाई कर बंधक बना लिया। सूचना पर एसएचओ रेवती राजेश बहादुर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और चालक को हिरासत में लिया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया।

### कैसे हुआ हादसा

थाना प्रभारी राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि दलपतपुर निवासी विनोद यादव रानीगंज स्थित एक निजी स्कूल में अपनी बोलेरो चलाते हैं। सुबह में बच्चों को लेने नारायणगढ़ की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान नारायणगढ़ ढाले पर कोहरे के बीच अचानक सड़क पार कर रही दो वर्षीय बुधिया बोलेरो के चपेट में आकर घायल हो गई। मौके से आनन- फानन परिजनों ने इलाज के लिए बच्ची को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना के बाद ग्रामीणों ने बोलेरो चालक विनोद यादव की जमकर पिटाई कर दी।

# गर्लफ्रेंड को स्टेज पर डांस करने से मना करता था प्रेमी, नहीं मानी तो घर में घुसकर मार दी गोली

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के पारा की कांशीराम कॉलोनी में बृहस्पतिवार देर रात एक शराबी प्रेमी ने अपनी डांसर प्रेमिका पर फायरिंग कर उसे घायल कर दिया। प्रेमी स्टेज डांस करने से मना करता था। इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने प्रेमिका के दाहिने हाथ में तमंचे से गोली मार दी। खून से लथपथ अवस्था में घायल युवती को तुरंत लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना सदरौना कांशीराम कॉलोनी के मकान संख्या 14/13 की है, जहां लक्ष्मी थापा लवली (21) अपनी बहन के साथ किराए पर रहती है। लवली का सरोजनीनगर के गौरी बाजार, एचडीएफसी बैंक के पास रहने वाले आकाश कश्यप से करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों के अनुसार आकाश आपराधिक प्रवृत्ति का है और इसी कारण लवली ने उससे बात करना बंद कर दिया था। इसी बात से नाराज आकाश शुक्रवार देर रात करीब दो बजे शराब के नशे में लवली के कमरे पर पहुंचा। दरवाजा खुलते ही वह मारपीट पर उतारू हो गया। विवाद बढ़ने पर आकाश ने कमरे के अंदर ही अवैध तमंचा निकालकर लवली पर फायर कर दिया। गोली उसके दाहिने हाथ में कंधे के पास लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। युवती की चीख सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आकाश अपनी काली स्कॉर्पियो में सवार होकर फरार हो चुका था। इसके बाद पड़ोस में रहने वाले पंडित नाम के युवक की मदद से घायल लवली को स्कूटी से लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर उसका उपचार कर रहे हैं। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया घायल की बहन राधिका की तहरीर पर आरोपी आकाश कश्यप के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही आकाश कश्यप की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी है।

- आरोपी आकाश कश्यप के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश में छानबीन शुरू कर दी गई है

# उत्तराखंड में नए शहरों की प्लानिंग तेज, यूआइआइडीबी को सौंपी दस नई सिटीज की टोपोग्राफी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड में नए शहर बसाने के लिए राज्य सरकार ने नीतिगत बदलावों के साथ ही धरातल पर कार्य तेज कर दिया है। ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड परियोजनाओं के तहत नए शहरों की स्थापना के लिए 22 स्थान चुने गए हैं। इनमें बिलकेदार (पौड़ी), बमौथ (चमोली) का टोपोग्राफी सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, सभी तकनीकी दस्तावेज उत्तराखंड एकीकृत अवसंरचना विकास बोर्ड (यूआइआइडीबी) को सौंप दिए गए हैं, ताकि प्रक्रिया तेज की जा सके। पहाड़ पर बढ़ती शहरी आबादी व राज्य में प्रवासियों की वापसी ने नए शहरी केंद्रों की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। जहां पहले कोई निर्माण, शहरीकरण नहीं हुआ, वहां आधुनिक, आपदा-रोधी और पर्यावरण-अनुकूल नए शहर बसाने की संभावनाएं हैं, जबकि पुराने शहरों में जाम, पार्किंग, सीवरेज, आवासीय दबाव व यातायात जैसी चुनौतियों को दूर करने के लिए पुनर्विकास आवश्यक हो गया है। चुनी गई जगहों का विकास अब नई टाउनशिप पालिसी के तहत करने की योजना है। नई लैंड पूलिंग पालिसी भी इन नए शहरों की आधारशिला बनेगी। लैंड पूलिंग व बैंकिंग, पीपीपी, डेवलपर आधारित माडल और क्लस्टर-आधारित विकास को शहर बसाने में लागू किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के बजाय स्वैच्छिक साझेदारी को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि ग्रामीणों और कस्बों पर बोझ न पड़े, वहीं बड़े भूखंड एकमुश्त उपलब्ध होने से डेवलपर्स को आकर्षित करना आसान होगा।



'नए शहरों की स्थापना के लिए नीतिगत व धरातल दोनों स्तर पर कार्य किया जा रहा है, टोपोग्राफी सर्वे किया जा चुका है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्ययोजना बनाई जा रही है।'
- आर मीनाक्षी सुंदरम
प्रमुख सचिव आवास

### पीपीपी व ज्वाइंट वेंचर माडल लागू होगा

इन शहरों को राज्य सरकार शून्य बजट पर विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसमें सरकार नकद निवेश नहीं करेगी, बल्कि भूमि को ही पूंजी के रूप में उपयोग करेगी। डेवलपर भूखंड को विकसित करेगा, पीपीपी व ज्वाइंट वेंचर माडल भी प्रमुख रूप से लागू होंगे, ताकि निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता का प्रयोग हो सके।

### सबसे पहले बसेंगे बिलकेदार-कोटद्वार समेत दस शहर

राज्य सरकार ने जिन दस स्थानों को प्रथम चरण में नए शहरों के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, उनमें बिलकेदार, सहसपुर, रोशनाबाद, बमौथ, टिहरी-चंबा न्यू टाउनशिप जोन, कोटद्वार साउथ, सितारगंज-एग्रो-लाजिस्टिक क्लस्टर, काशीपुर-बाजपुर संयुक्त शहरी क्षेत्र, हरिद्वार उत्तरी रिंग रोड तथा ऋषिकेश-नरेंद्रनगर टाउनशिप शामिल हैं। इन दस स्थानों पर विस्तृत मास्टर प्लानिंग और विकास माडल के अगले चरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

### दूसरे चरण के लिए 12 शहरों की भी सूची तैयार

प्रदेश सरकार दूसरे चरण में 12 नए शहर बसाने के लिए भी स्थानों का चयन कर चुकी है। ये सभी स्थान प्री-फिजिबिलिटी स्टडी, जीआइएस विश्लेषण और नगर एवं ग्रामीण नियोजन विभाग के इनपुट के आधार पर सामने आए हैं। इस सूची में धनोल्टी, मुनस्यारी, अल्मोड़ा ईस्ट-बाईपास, पिथौरागढ़ के दक्षिण-पूर्वी हिस्से, भीमताल से सितारगंज के मध्य, रानीखेत बाईपास, रामनगर टाउन एक्सटेंशन, देहरादून-डोईवाला, कर्णप्रयाग, भटवाड़ी, ऊधमसिंह नगर न्यू इंडस्ट्रियल टाउन, लाखामंडल-त्यूणी को भी उभरते शहरी केंद्रों के रूप में पहचाना गया है।

### दूसरे चरण में 12 नए शहरों की सूची तैयार

उत्तराखंड में नए शहरों को बसाने के लिए राज्य सरकार ने नीतिगत बदलाव किए हैं। ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड परियोजनाओं के तहत 22 स्थान चुने गए हैं, जिनमें बिलकेदार (पौड़ी) और बमौथ (चमोली) का टोपोग्राफी सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। यूआइआइडीबी को तकनीकी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। पहले चरण में बिलकेदार-कोटद्वार समेत दस शहरों को बसाने की योजना है, जबकि दूसरे चरण में 12 नए शहरों की सूची तैयार है।

# नाबालिक गुमशुदा बच्चे को उसकी मां को किया सुपुर्द

जन एक्सप्रेस। बांदा




अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन मुस्कान÷ के क्रम में थाना विशेष किशोर इकाई,थाना मानव तस्करी रोधी पुलिस,चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिसेफ व अन्य संयुक्त टीम द्वारा 10 वर्षों से गुमशुदा नाबालिक बच्चे को उसकी मां को सुपुर्द किया गया है।बालक किशन 06 वर्ष की अवस्था में बच्चा अपनी मां के साथ कामदगिरी परिक्रमा पथ से 2014-15 में लापता हो गया था।मां द्वारा काफी प्रयास किये जाने के बाद भी वह न मिल सका।मटौंध से महोबा जाने वाली रेलवे लाइन के किनारे बच्चे को रेलवे लाइन से जाता देखकर ट्रैकमैन द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई पीआरवी द्वारा पूछताछ करते हुए महोबा पुलिस चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर भेजा गया व बच्चे के काउन्सलिंग के दौरान बच्चे द्वारा ग्राम मऊ,थाना मर्का व बबेरु जनपद का नाम बताया गया।जिसके बाद महोबा पुलिस द्वारा बच्चे को बाल कल्याण समिति जनपद भेजा गया।पुलिस की विशेष टीमो का गठन कर बच्चे के मां की खोजने का प्रयास किए जाने लगे। इसी क्रम में थाना मरका,कोतवाली देहात,कोतवाली नगर व जनपद के अन्य थानों में बच्चे के परिजनो की खोज कि गई साथ ही जनपद चित्रकूट के भी सभी थानों व कामदगिरी परिक्रमा पथ में पुलिस द्वारा पम्पलेट आदि लगाकर खोज की जा रही थी। बच्चे द्वारा खोजबीन के दौरान यह भी बताया गया कि कुछ लोगो द्वारा अपने घर में प्रताडित करते हुए बंधुवा मजदूरी का कार्य कराते थे।जिस पर थाना मानव तस्करी रोधी द्वारा धारा 137(2)115(2) बीएनएस, 75/79 किशोर न्याय अधिनियम व 16 बंदी श्रम अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया व दिनांक 12अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष 04 अभियुक्तों के विरुध्द आरोप पत्र दाखिल किया गया है।पुलिस द्वारा लगातार प्रयास जा रहे थे कि कामदगिरी परिक्रमा मार्ग के आसपास के लोगो द्वारा बताया गया कि कुछ लोग मजदूरी करने गुजरात भी जाया करते है।संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुजरात के रहने वाले लोगो से बातचीत करते हुए बच्चे की मां पता लगाने का प्रयास किया जा रहा था। करीब 06 माह के कठिन प्रयासों के बाद बच्चे की मां संगीता देवी का पता चलने पर उसको गुजरात से जनपद बुलाया गया।बच्चे को उसकी मां से मिलाया गया।बच्चे की मां द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया।

# जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जन एक्सप्रेस। हमीरपुर

पल्स पोलियो अभियान रैली को जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सचिव जिला विधिक प्राधिकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला सर्विलांस अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, अपर शोध अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0, अर्बन कोर्डिनेटर, डब्लू0एच0ओ0, यूनीसेफ, जे0एस0आई0 प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी सहित शिक्षा विभाग के शिक्षक और 500 स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की, कि जिले में कोई भी 0-5 साल तक के बच्चे पल्स पोलियों की दवा पीने से रह न जायें। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी को पोलियों कार्यक्रम के बारे में डिटेल जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को संदेश दिया कि सभी जिम्मेदारी से काम करते हुये शतप्रतिशत बच्चों को पोलियों की दवा पिलाये। जिले में करीब 139118 बच्चों को दवा पिलाई जानी है, जिसके लिये 598 बूथ और 335 घर-घर टीमों के साथ ही 11 मोबाइल 20 ट्रांजेट टीमें बनायी गयी है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को विविध प्रावधानों एवं अपराध नियंत्रण के बारे में दिया प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें नई संहिता के अद्यतन प्रावधानों, प्रक्रियाओं तथा आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं पर विशेष रूप से जानकारी दी गई।अपर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण बदलाव शामिल किए गए हैं।इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पुलिसकर्मी इन प्रावधानों को भली-भाँति समझे और इन्हें व्यावहारिक रूप से लागू करने में दक्ष हो।प्रशिक्षण के दौरान गिरफ्तारी एवं जमानत संबंधी संशोधित प्रावधानों, मामलों की समयबद्ध व वैज्ञानिक जांच, महिला व बच्चों से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता आधारित कार्यवाही, डिजिटल सबूतों के संरक्षण एवं उपयोग,तथा पुलिस की जवाबदेही एवं व्यवहार संहिता जैसे बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई।रिक्रूट आरक्षियों को बताया गया कि नई संहिता के तहत तकनीक का उपयोग बढ़ेगा,इसलिए डिजिटल रिकॉर्डिंग, ऑनलाइन रिपोर्टिंग और तकनीकी उपकरणों के सही उपयोग का कौशल आवश्यक है।अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि कानून का ज्ञान फील्ड में व्यवहारिक उपयोग के लिए अधिक महत्वपूर्ण है।प्रत्येक पुलिसकर्मी को जनता के साथ संवाद करते समय संवेदनशीलता,धैर्यता और सदाचार व्यवहार का पालन करना चाहिए।उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को निर्देश दिया कि वे संहिता के प्रावधानों का गंभीरता से अध्ययन करें और पुलिस सेवा के दौरान इनका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## घटना के बाद परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। बांदा



बबेरू कोतवाली क्षेत्र के जनपद रोड न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास बाइक सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन में मारी टक्कर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई।बबेरू कस्बे के कमासिन रोड प्रभाकर नगर मोहल्ले के रहने वाले राजा कुशवाहा पुत्र राजकुमार कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्ष, यह गुरुवार की देर शाम बाइक में सवार होकर अपने घर बबेरू जा रहा था। तभी जनपद रोड न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा घायल राजा कुशवाहा को गंभीर हालत में जनपद इलाज हेतु ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया है। जिसका शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई जाएगी। वही शुक्रवार की सुबह करीब 09¬30 बजे घटना की जानकारी देते हुए मोहल्ले के ही लोगों ने बताया कि मृतक राजा कुशवाहा कस्बे का प्रतिष्ठित व्यापारी था,जनपद रोड न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिस राजा कुशवाहा की मौत हो गई, मृतक राजा कुशवाहा के दो पुत्री और एक पुत्र था। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी गोमती देवी सहित परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# राज्य स्तरीय कबड्डी 52वीं चौंपियनशिप के लिए टीम का ट्रायल संपन्न

जन एक्सप्रेस। बांदा

52वीं सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय कबड्डी चौंपियनशिप में सहभागिता हेतु जिला टीम का ट्रायल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।यह प्रतियोगिता 13 से 14 दिसम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी। जिला कबड्डी संघ जनपद के सचिव कमल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रायल के आधार पर निम्न खिलाड़ियों का चयन जनपद टीम के लिए किया गया है।

चयनित खिलाड़ियों में अंशुल, शशांक, अविनिश, अभिषेक गुप्ता, विक्रम सिंह राजपूत, मोहित सिंह, उदय प्रताप सिंह, शिवम यादव, नंदकिशोर, पंकज, अभय कुमार, जितेन्द्र कुमार, दिव्यांशु, गौरव पांडेय। इसके अतिरिक्त स्टैंडबाय खिलाड़ियों में लवकुश सैनी, युवराज, प्रिंस पांडेय एवं भुवनेश्वर को शामिल किया गया है।इस अवसर पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित कुशवाहा, जिला कबड्डी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। सचिव कमल यादव ने बताया कि चयनित टीम आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने का पूरा प्रयास करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह चयन पारदर्शी प्रक्रिया एवं खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राशनकार्ड से सम्बन्धित सेवाओं के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर आमजनमानस के लिए राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएं जैसे राशनकार्ड विभाजन, यूनिट स्थानान्तरण, राशनकार्ड स्थानान्तरण, राशनकार्ड सर्मपण, यूनिट निरस्तीकरण, मुखिया परिवर्तन आदि के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी हैं, जिनके माध्यम से आवेदक सम्बन्धित सेवाओं के लिए अपने राशनकार्ड नम्बर तथा राशनकार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद आवेदन कर सकेंगे। बताया कि इन सुविधाओं के लिए अब राशनकार्डधारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक इन सुविधाओं के लिए स्वयं आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदन सक्षम प्राधिकारियों की लॉगिन पर स्वतः प्रदशित हो जाएंगे तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निस्तारित किया जाएगा।

### 17 को होगी जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा की अध्यक्षता में आगामी 17 दिसंबर को जनपद के राजकीय गेस्ट हाउस में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला जनसुनवाई तथा जागरूकता चैपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 17 को लगेगा रोजगार मेला

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भांगा शिवरामपुर के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद के अर्ह युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए जीनस कम्पनी द्वारा आगामी 17 दिसंबर को संस्थान में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि इस रोजगार मेले में आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, फिटर, इलेक्ट्रानिक्स, पावर डिस्ट्रीब्यूटर) पास आउट पुरुष प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते है। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी द्वारा 16,700-25000 सीटीसी व ट्रैवल अलाउंस तक का वेतन दिया जायेगा।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 12दिसम्बर को थाना अतर्रा पुलिस चोरी करने वाले 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम सेमरिया कुशल की रहने वाली कमलेश कुमारी द्वारा दिनांक 11दिसम्बर को अतर्रा पर सूचना दी कि दिनांक 10दिसम्बर रात्रि को गांव के ही तुग्गन व उनके साथियों द्वारा खिड़की को तोड़कर गैस सिलेन्डर चोरी कर ले गये है।सूचना पर थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे।इसी क्रम में दिनांक 12दिसम्बर को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को जरुआ चौकी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।मौके से 02 गैस सिलेन्डर,अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।पुलिस द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा गया।

बरामद-02 गैस सिलेन्डर (चोरी के),01 अवैध तमंचा 315 बोर,01 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार आरोपी-रामनरेश पुत्र राम गोपाल निवासी मूशानगर बिसंडा रोड कस्बा व थाना अतर्रा,विनोद उर्फ तुग्गन पुत्र बुध्दविलास निवासी सेमरिया कुशल थाना अतर्रा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-प्रभारी निरीक्षक थाना अतर्रा ऋषिदेव सिंह व उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह,उप निरीक्षक मणिशंकर, कांस्टेबल अर्जुन वर्मा,कांस्टेबल रितिक राय आदि मौजूद रहे।

# बच्ची को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो तालाब में पलटा

जन एक्सप्रेस। बांदा



बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बच्ची को बचाने के चक्कर में ट्रॉली सहित ट्रैक्टर तालाब में पलटा वही बड़ा हादसा होते-होते बचा है।जिसमें ट्रैक्टर में सवार लोगों को मामूली चोटे आई हैं।बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरहनी गांव में गुरुवार की शाम ट्रैक्टर स्वराज 742 गाड़ी नंबर यूपी ,90 8736 माता बदल निवासी गुजेनी अपने समधी रामदेव फौजी निवासी भांटी के यहां से धान लेकर बबेरू मंडी बेचने हेतु गए थे, धान बेचकर वापस गुजेनी जा रहा था। तभी उमरहनी गांव के पास तालाब के किनारे एक बच्ची शौच क्रिया कर रही थी,जैसे ही ट्रैक्टर निकला बच्ची दौड़कर सड़क पार किया जिससे बच्ची को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में ट्रॉली सहित पलट गया। ड्राइवर की सूझबूझ के चलते ट्रैक्टर में सवार तीन लोग सभी सुरक्षित बच गए हैं जिनकी मामूली चोटे आई है। ट्रैक्टर को देखते हुए यह लग रहा था की कोई बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।ट्रैक्टर ट्राली पूरी तरह तालाब में डूब गए,वहीं पर पुलिस को सूचना मिलते ही बबेरू कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत ने घटना स्थल पर पहुंचकर क्रेन के माध्यम से ट्रैक्टर व ट्रॉली को निकलवाया।

# सागर की टीम ने पूर्वांचल को 10 विकेट से हराया, कल होगा फाइनल



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दीनदयाल शोध संस्थान एवं चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 में शुक्रवार को महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मैच सागर व पूर्वांचल टीम के बीच हुआ। जिसमें सागर की टीम ने पूर्वांचल को 10 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मैच का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, पार्षद नगर पंचायत रवि माला सिंह, जिलाध्यक्ष केसरिया हिंदू वाहिनी अल्पना सोनी, जिला समन्वयक महिला कल्याण विभाग प्रिया माथुर, मीनू सिंह, ममता सिंह, रीता कमल, रेनू देवी, ग्राम विकास अधिकारी आशुतोष, अमित सोलंकी आदि ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। टॉस जीत कर पूर्वांचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 82 रन बनाए। पूर्वांचल की ओर से भूमि ने 14 व गायत्री ने 10 रन बनाए। सागर की ओर से तनु ने तीन, रचना ने दो तथा रिया व सोनल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। जवाब में सागर ने 83 रन के निर्धारित लक्ष्य को मात्र 16 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आसानी से प्राप्त कर लिया। सागर की ओर से ज्योति ने नाबाद 49 एवं भूमि मिश्रा ने नाबाद 24 रन बनाए। सागर की ज्योति को बल्लेबाजी में श्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते वुमन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर प्रवीण तिवारी व सागर त्रिपाठी, कमेंटेटर सर्वेश निगम तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। मैच को सफल बनाने में राजकुमार निषाद, महेश प्रजापति, रमाकांत कुशवाहा, राजकुमार प्रजापति, कमरुल इस्लाम, अशोक सेन आदि का योगदान रहा। टूर्नामेंट में शनिवार को महिला वर्ग का फाइनल मैच सागर व जबलपुर टीम के बीच खेला जाएगा।

## जनपद को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए दिलाया गया संकल्प

**चित्रकूट।** शासन के निर्देशानुसार जनपद को बाल श्रम मुक्त जनपद बनाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने जनपद के प्रतिष्ठान स्वामियों/सेवायोजकों के साथ बैठक की। बैठक में सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालयों बाल श्रम के विरुद्व जागरूकता अभियान चलाकर आम जन समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक कराने निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में शासन के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन के लिए निरन्तर चिन्हांकन, प्राभियोजन आदि कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। बताया कि भारत देश में बालश्रम रोकथाम के लिए कडे कानून एवं प्रावधान है, परन्तु कानूनी प्रावधानों के क्रियान्वयन के साथ सामाजिक जागरूकता एवं मानव व्यवहार परिवर्तन प्रक्रिया एक मजबूत व सार्थक प्रयास है, जिसके माध्यम से बाल श्रम जैसे सामाजिक व संवेदनशील मुद्दों को समाप्त करने में प्रभावी मदद मिलती है।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

खोह स्थित पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर अन्य व्यवस्थाओं व साफ-सफाई का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। साथ ही स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी। एसपी ने प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया कि परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों में अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा होनी चाहिए।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर परिवहन शाखा में खड़ी समस्त चार व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार एसपी ने डॉयल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी का भी निरीक्षण किया। यहां एसपी ने व्यवस्थाओं व साफ सफाई का जायजा लेकर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# खेलकूद से शारीरिक रूप से फिट रहते है विद्यार्थी- डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्?यालय में शुक्रवार को 14वें वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। मार्च पास्ट का नेतृत्व विद्?यालय के छात्र कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों ने किया, जिसमें सभी सदनों ने तालमेल, अनुशासन और ऊर्जा का अद्?भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या स्नेह लता ने डीएम को हरित पौधा देकर स्वागत किया। खेल दिवस में वि?द्यार्थियों ने विभिन्न ट्रैक इवेंट्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख प्रतियोगिताएँ 100 मी, 200 मी, 400 मी, 600 मी. दौड़ एवं 400 मी दिले रेस रही, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल भावना, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रमों का संचालन खेल विभाग प्रभारी विनय पांडेय ने किया तथा निर्णायक मंडल ने निष्पक्षता के साथ परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिताओं के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय स्तर के विजेता खिलाडियों एवं विद्?यालय स्तर पर सदनवार प्रतियोगिता के विजेता




खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान डीएम ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ाता हैं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, साहस, नेतृत्व और आत्मविश्वास भी विकसित करता हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ ही विद्यार्थियों को वि?द्यालयी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस मौके पर जिला वि?द्यालय निरीक्षक रविशंकर, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज की प्राचार्या शशिकला, शिक्षक अवधेश पाल, रामानुज चतुर्वेदी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रिया वंदना, समीर शुक्ल, अंकिता महराज, दीपक कुमार, शिवकुमार, आर.के. मौर्य आदि मौजूद रहे।



**सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान...**

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 'हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे... पढ़ें पेज 12 पर...

# कफ सिरप कांड: लखनऊ में सिपाही आलोक सिंह की कोठी सहित ईडी की 25 ठिकानों पर छापेमारी, छह शहरों में बोला धावा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी के कफ सिरप कांड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने शुक्रवार सुबह से ही सिंडिकेट के 25 ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। ईडी की टीमों ने लखनऊ, वाराणसी, अहमदाबाद, जौनपुर, सहारनपुर और रांची के ठिकानों पर छापेमारी की है। वहीं, लखनऊ में आरोपी आलोक सिंह के ठिकानों पर भी छापा मारा। इसके पहले, कफ सिरप मामले में लखनऊ में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन की कालाबाजारी के मामले में 11 अक्तूबर को गिरफ्तार हुए



कृष्णानगर के स्नेहनगर निवासी दीपक मानवानी के दो साथियों सूरज मिश्र और प्रीतम सिंह को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों का एक साथी आरुष सक्सेना अभी पकड़ा नहीं गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है। भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप हुए थे बरामद एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि 11 अक्तूबर को औषधि विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने स्नेहनगर निवासी दीपक मानवानी के मकान पर छापा डालते हुए भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन बरामद किया था। आरोपी दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज की थी। पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया था कि वह उक्त दवा सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। आरोपी सूरज व प्रीतम को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस टीम दोनों की तलाश में लगी थीं। बृहस्पतिवार को कृष्णानगर पुलिस ने बैकुंठ धाम वीआईपी रोड से मड़ियांव फैजुल्लागंज निवासी सूरज मिश्र और महानगर के बादशाहनगर निवासी प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी सूरज मूल रूप से सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और उसकी न्यू मंगलम आयुर्वेदिक नाम से दवा की एजेंसी है। आरोपी प्रीतम मूल रूप से बहराइच के बाडी राजा का निवासी है। वह फैमिली रेस्टोरेंट पुरनिया में काम करता है।

# सास ने दामाद को दान करी किडनी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मां जैसी ममता की एक मजबूत मिसाल सामने आई, जब 51-वर्षीय साधना देवी ने अपने 31-वर्षीय दामाद, कमलेश को जीवन देने के लिए अपनी किडनी दान कर दी। कमलेश किडनी फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे थे। यह किडनी प्रत्यारोपण लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, में किया गया और उत्तर प्रदेश में एडवांस्ड किडनी केयर के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि यह सर्जरी अत्याधुनिक दा विंची एक्सआई रोबोट की मदद से हुई। कमलेश लंबे समय से अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर के कारण गंभीर किडनी डैमेज से पीड़ित थे। तीन साल पहले क्रॉनिक किडनी रोग का पता चलने पर उन्होंने एक अन्य हॉस्पिटल में अपना इलाज शुरू करवाया, लेकिन उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता चला गया। इसके बाद परिवार ने लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल का रुख किया और नेफ्रोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. वेंकटेश थम्मिशेट्टी से सलाह ली। हॉस्पिटल पहुंचते-पहुंचते उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी और किडनी तेजी से जवाब दे रही थी, ऐसे में तुरंत ट्रांसप्लांट ही आखिरी विकल्प बचा था। परिवार में कोई उपयुक्त डोनर नहीं मिला, तो 51-वर्षीय सास साधना देवी ने खुद आगे आकर किडनी दान करने की पेशकश की। हॉस्पिटल की ट्रांसप्लांट टीम ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दा विंची एक्सआई रोबोट की मदद से रोबोटिक असिस्टेड किडनी ट्रांसप्लांट करने का फैसला किया, जो अपनी सटीकता और बारीक सर्जिकल तकनीक के लिए जाना जाता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, के डायरेक्टर यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी - डॉ. अदित्य के शर्मा, ने बताया ÷इस मामले में डोनर की उम्र ज्यादा होने के बावजूद हमने बेहद सटीकता और न्यूनतम आघात के साथ सर्जरी की। डोनर को चौथे दिन ही काफी बेहतर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, वहीं रिसीपिएंट की रिकवरी भी बेहतरीन रही और आठवें दिन उन्हें भी छुट्टी दे दी गई। यह आने वाले समय की झलक है जब रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी और भी सुरक्षित, सहज और मरीज के अनुकूल होगी।÷ मैक्स अस्पताल, लखनऊ, के डायरेक्टर यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी - डॉ. राहुल यादव, ने बताया ÷रोबोटिक असिस्टेड किडनी ट्रांसप्लांट ने हमें बेहद नाजुक प्रक्रियाएं बहुत छोटे चीरे के साथ करने की सुविधा दी। इसमें 3क् में स्पष्ट दृश्य और उपकरणों पर अधिक नियंत्रण मिलता है, जो जटिल सर्जरी में अहम साबित होता है। इससे खून बहने की संभावना कम होती है, जरूरी ऊतकों की सुरक्षा होती है और नई किडनी जल्दी से सही तरीके से काम करने लगती है। डोनर और रिसीपिएंट दोनों की तेज और आरामदायक रिकवरी इस बात का विश्वास और मजबूत करती है कि रोबोटिक ट्रांसप्लांट ही भविष्य है। दा विंची एक्सआई सिस्टम के साथ हम अब उत्तर प्रदेश में ही विश्वस्तरीय ट्रांसप्लांट परिणाम दे पा रहे हैं।÷ मैक्स अस्पताल, लखनऊ, के एसोसिएट डायरेक्टर नेफ्रोलॉजिस्ट और रीनल ट्रांसप्लांट फिजिशियन-डॉ. वेंकटेश थम्मिशेट्टी, ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यूपी के मरीजों को जटिल ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए अब बड़े शहरों की यात्रा न करनी पड़े। लखनऊ में रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट उपलब्ध होने से हम मरीजों को उनके ही क्षेत्र में विश्वस्तरीय विशेषज्ञता दे पा रहे हैं। यह प्रगति पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के हजारों मरीजों के लिए वरदान साबित होगी, जिन्हें समय पर एडवांस्ड इलाज की जरूरत होती है।÷ इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, जटिल किडनी केयर में नए मानक स्थापित कर रहा है और अनगिनत परिवारों के लिए आशा, नवाचार और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं घर के करीब उपलब्ध करा रहा है।

## घर में घुसकर गर्लफ्रेंड को मारी गोली, कंधे और हाथ में लगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ में सिरफिरे प्रेमी ने युवती को गोली मार दी। वह आधी रात युवती के घर में घुस गया। उसके साथ मारपीट की। घर में रखे सामान तोड़े। उसके बाद युवती को 2 गोली मारी। 1 गोली युवती के कंधे और दूसरी हाथ में लगी। युवती को कमरे में बंद करके स्कॉर्पियो से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज और चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। घटना गुरुवार रात करीब 2 बजे पारा थाना क्षेत्र की है। यहां 21 साल की युवती बड़ी बहन और भांजी के साथ रहती है। उसकी बहन ने बताया- करीब 1 साल से सरोजनी नगर के गौरी बाजार निवासी आकाश कश्यप से छोटी बहन का प्रेम-प्रसंग था। आकाश क्रिमनल प्रवृत्ति और नशे का आदी है। इस वजह से छोटी बहन उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी। आकाश उसे लगातार परेशान कर रहा था और गुरुवार रात में घर में घुसकर गोली मारकर फरार हो गया। पारा थाना क्षेत्र में 21 साल की युवती बड़ी बहन और 7 साल की भांजी व 3 साल के भांजे के साथ किराए के मकान में रहती है। बड़ी बहन ने बताया कि छोटी बहन का 1 साल से आकाश कश्यप के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुरुवार रात करीब 2 बजे आकाश शराब के नशे में घर आया।

## राजधानी में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया,ठंड और गलन बढ़ी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटी रही। विजिबिलिटी 50 मीटर ही रही, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह सीजन का लगातार दूसरा दिन है जब इतना घना कोहरा है। इससे ठंड और लगन बढ़ गई है। हालांकि दोपहर तक हल्की धूप निकल आई। जिससे ठंढ से लोगों को राहत मिली। रात में न्यूनतम तापमान 11 से0 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पछुआ हवाओं की एंट्री के कारण कोहरा और गलन दोनों तेजी से बढ़े हैं। गुरुवार सुबह औसत एक्यूआई 183 रिकॉर्ड किया गया, जबकि शाम तक यह 178 था। नवंबर से ही हवा 'यलो और ऑरेंज जोन' में बनी हुई है, जिससे प्रदूषण का स्तर और विजिबिलिटी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर में हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन हवा में ठंडक बरकरार रही।

# गाटा-05 पर भू-माफिया का साम्राज्य!

## सदन से लेकर परिषद तक 'बंजर' घोषित ज़मीन को अफसर बना रहे 'निजी', भ्रष्ट गठजोड़ उजागर


जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ। राजधानी के सदर तहसील क्षेत्र में स्थित ग्राम हरचन्द्रपुर कनौरा की गाटा संख्या-05 (17 बीघा 14 विस्वा) की सरकारी बंजर ज़मीन पर भू-माफिया का दबदबा इतना मजबूत है कि सदन में स्वीकार किए जाने के बावजूद आज तक कब्जा नहीं हट पाया।

सबसे चौंकाने वाली बात–अफसरों की आख्या कभी ग़लत गाटा दिखाती है, कभी भूमि को ÷निजी÷ बता देती है, और कभी फाइल को ठंडे बस्ते में डालकर जांच ही गायब कर दी जाती है।

**सीधा सवाल—जब सीएम ने खुद जवाब दे दिया, तो ज़मीन पर कब्जा क्यों बरकरार?**

विधानसभा 2019, और विधान परिषद 2025 दोनों में यह बात रिकॉर्ड पर रखी गई की गाटा संख्या 05 बंजर है।17 बीघा से ज़्यादा



हिस्से पर दुकाने और मकान खड़े हैं यह पूरा निर्माण अवैध कब्जा है इसके बावजूद ज़मीनी हकीकत नहीं बदली।

**आयुक्त, राजस्व परिषद का आदेश भी ठंडे बस्ते में**

08 अप्रैल 2025 को राजस्व परिषद ने डीएम लखनऊ को एडीएम स्तर की कमेटी बनाकर जांच का निर्देश दिया।

लेकिन न कमेटी बनी न जांच हुई न कब्जा हटाने की कार्रवाई न किसी अधिकारी पर कार्रवाई प्रशासन की यह चुप्पी अब चुभने लगी है।

**लेखपाल की विवादित आख्या यह निजी संपत्ति है**

जहाँ पूरे सरकारी रिकॉर्ड में जमीन बंजर दर्ज है, लेखपाल ने पोर्टल में उल्टा लिख दिया कि यह निजी संपत्ति है जिससे बंजर जमीन को बचाने का पूरा खेल खुलकर सामने आ गया है। शिकायतकर्ता की गुहार÷ 'भू-माफिया-अफसर' गठजोड़ की जांच हो!

**शिकायतकर्ता नें मुख्यमंत्री से मांग की है कि**

दबंगों का कब्जा तत्काल हटाया जाए

राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए

प्रशासनिक अनदेखी नहीं, खुली संरक्षण नीति? गाटा-05 की फाइलों में जो कुछ हो रहा है, वह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार, संरक्षण और भू-माफिया के गठजोड़ का एक जीता-जागता उदाहरण लगता है।

## आधी आबादी के स्वावलंबन की मिशाल बनी बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से संगठित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें लखपति महिला बनाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है ,ताकि वे सालाना कम से कम एक लाख या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें।ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सकारात्मक व प्रभावी कदम उठाए गये हैं। बुन्देलखण्ड में संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। बलिनी आधी आबादी के स्वावलंबन की मिशाल बन गयी है। कम्पनी दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध एकत्र करने के बाद उसे संरक्षित कर बेचती हैं। महिलाओं की इस साहसिक पहल ने उनकी आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाई जा रही कम्पनी सदस्यों को पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था, कृत्रिम गर्भाधान, गुणवत्तायुक्त पशु आहार आदि सुविधाएं भी मुहैया करा रही है।

बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी की स्थापना 2019 में झांसी में की गयी थी। कम्पनी का उद्देश्य सदस्य उत्पादकों को विशेष रूप से महिलाओं के हितों की रक्षा करना है। दूध उत्पादकता बढ़ाने के लिए पारदर्शी तरीका, समय पर भुगतान, क्षमता निर्माण, एवं पशुधन सहायता सेवा में प्रदान करने के अपने इन उद्देश्यों को पूरा करने में बलिनी आज बड़ा नाम बन चुकी है। बलिनी में संग्रह से भण्डारण तक की प्रक्रिया में बिचौलियों को दूर रखा गया है, सीधे किसानों को लाभ मिल रहा।बुन्देलखण्ड क्षेत्रान्तर्गत सातों जनपदों के 1351 ग्रामों से 90 हजार महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 2.72 लाख लीटर से अधिक दुग्ध का संग्रह किया जा रहा है। कम्पनी में 20000 से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

## एक लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए स्टांप विभाग के एआईजी

लखनऊ । शामली में सहायक महानिरीक्षक निबन्धन रविन्द्र मेहता तथा एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को शत-प्रतिशत लागू करने की बात दोहराई है और कहा सरकार जनता के हित से कोई समझौता नहीं करेगी। रविन्द्र मेहता, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन शामली तथा अश्विनी कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर सेवा प्रदाता को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इस मामले में दिनांक 9 दिसंबर को थाना-आदर्शनगर शामली में भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत दोनों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर रवीन्द्र मेहता को गिरफ्तार किया गया।10 दिसंबर को एंटी करप्शन कोर्ट द्वारा रवीन्द्र मेहता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मंत्री श्री जायसवाल ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्य पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किए जाएं ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रकरण में अग्रिम तिथि 23 दिसंबर नियत की गई है, जिस पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## अंबेडकर प्रतिमाओं की सुरक्षा का दायित्व उठायेगी राज्य सरकार: अनिल कुमार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की उत्तर प्रदेश में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की सुरक्षा का दायित्व अब राज्य सरकार स्वयं उठाएगी।÷ यह निर्णय प्रदेश के दलित समुदाय, वंचित वर्ग तथा अंबेडकर अनुयायियों की भावनाओं के सम्मान एवं उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्व द्वारा प्रतिमाओं से छेड़छाड़, क्षति की किसी भी घटना पर अब पूर्ण प्रतिबंध होगा। सरकार स्वयं इसकी निगरानी व संरक्षण सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि जहाँ-जहाँ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाएँ स्थापित हैं, वहाँ मजबूत बाउंड्री का निर्माण कराया जाएगा। प्रतिमाओं के ऊपर आकर्षक एवं सुरक्षित छत्र लगाए जाएँगे, जिससे न केवल सुरक्षा सुदृढ होगी, बल्कि इन स्थलों की गरिमा और सौंदर्य भी बढ़ेगा।आज इसी घोषणा के संदर्भ में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर व्यक्तिगत रूप से, दलित समाज,वंचित समुदाय तथा सभी अंबेडकर अनुयायियों की ओर से उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री को एक प्रशस्ति पत्र तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट की गई। यह भेंट प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।मंत्री ने कहा, प्रदेश सरकार की यह पहल सामाजिक सौहार्द, न्याय और समानता के मार्ग को मजबूत करेगी तथा बाबा साहेब की विचारधारा को और अधिक ऊर्जा प्रदान करेगी।इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी,प्रदेश अध्यक्ष रामआशीष राय, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ एवं प्रेस प्रवक्ता रोहित अग्रवाल,प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान जोगेंद्र सिंह अवाना भी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के स्थापना की मनाई गई वर्षगांठ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ाकृअनुप राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो ने 12 दिसंबर को अपने स्थापना दिवस की 42वीं वर्षगांठ मनाई। समारोह में विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान, संस्थागत सम्मान, हितधारक संवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। निदेशक आईसीएआर-एनबीएफजीआर डॉ. काजल चक्रबर्ती ने जलीय आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन में ब्यूरो की वैज्ञानिक प्रगति, संरक्षण प्रयासों और राष्ट्रीय जैव विविधता जनादेशों में उसके सतत योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान की सहयोगात्मक पहलों, रूपांतरकारी अनुसंधान परिणामों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप सतत विकास लक्ष्यों में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि, एनएस रहमानी निदेशक मत्स्य विभाग ने एनबीएफजीआर के उन प्रभावशाली कार्यक्रमों की सराहना की, जिन्होंने राज्य में संसाधन संवर्धन तथा समुदाय-आधारित आजीविका ढाँचों को सुदृढ़ किया है। इसके उपरांत विशेष आमंत्रित अतिथि प्रो.डॉ एएन मुखोपाध्याय, पूर्व कुलपति एएयू ने अंत:विषयक अनुसंधान, वैज्ञानिक नेतृत्व तथा बदलती जलवायु परिस्थितियों के संदर्भ में संसाधन संरक्षण के भावी आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान के प्रकाशनों का औपचारिक विमोचन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में एनबीएफजीआर के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और सहयोगियों के उत्कृष्ट योगदानों को सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस व्याख्यान प्रो.डॉ एन फेलिक्स, कुलपति तमिलनाडु डॉ जे जयललिता मत्स्य विश्वविद्यालय टीएनजेएफयू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जलीय संसाधन प्रबंधन की वर्तमान चुनौतियों, संभावनाओं तथा क्षेत्र में लचीलापन बढ़ाने हेतु अनुकूलनशील प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आईसीएआर-एनबीएफजीआर और टीएनजेएफयू के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के पीएजीआर केंद्र, कोच्चि में भी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि, डॉ. एन जी के पिल्लै पूर्व आईसीएआर एमेरिटस वैज्ञानिक, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य व्यक्तियों ने ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता की।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र 19 दिसंबर से, अधिसूचना जारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की अठारहवीं विधानसभा के वर्ष 2025 के तृतीय सत्र की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद विधानसभा सचिवालय ने सत्र आहूत किए जाने की औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार 19 दिसंबर, 2025 को प्रातः 11 बजे से विधानसभा का तृतीय सत्र प्रारंभ होगा। सत्र का आयोजन विधान भवन स्थित विधानसभा मंडप में होगा।

प्रेस नोट में बताया गया है कि निर्धारित तिथि और समय पर सदन की कार्यवाही शुरू की जाएगी। माना जा रहा है कि यह सत्र सरकार के लिए बेहद अहम रहने वाला है। सरकार कई महत्वपूर्ण विधायी प्रस्ताव सदन में रखने की तैयारी में है। वित्तीय, प्रशासनिक और जनहित से जुड़े मामलों पर चर्चा के साथ कई विधेयक पेश किए जा सकते हैं। उधर विपक्ष भी सरकार को घेरने की रणनीति बनाने में जुटा है, जिससे सत्र के दौरान सदन में तीखी नोकझोंक देखने के आसार हैं।

विधानसभा सचिवालय ने स्पष्ट किया है कि सत्र के दौरान अनुशासन और समयबद्धता पर विशेष फोकस रहेगा। विधायी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जनहित से जुड़े मुद्दों पर रचनात्मक और सार्थक बहस सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा। इधर, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने प्रेस नोट जारी कर सत्र की तिथि की आधिकारिक पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सचिवालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और आवश्यक जिम्मेदारियां संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई हैं।

राजनीतिक हलकों में भी इस सत्र को लेकर खासा उत्साह है। कई अहम मुद्दों पर मंथन होने से जनता की निगाहें भी विधानसभा की कार्यवाही पर टिकी रहेंगी।

## प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में हुई भजन गजल गायकी की प्रतिस्पर्धा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता का दूसरा चरण 8 से 11 दिसम्बर तक अकादमी के संत गाडगे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसके अंतिम दिन11 दिसम्बर को सुगम संगीत की भजन और गजल गायकी की प्रतियोगिताएं बाल, किशोर और युवा वर्ग में आयोजित की गईं। इसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।भजन के बाल वर्ग में वाराणसी की दिशा शर्मा प्रथम, मिर्जापुर की ख्याति खरे द्वितीय, आगरा के निहार सहाय तृतीय, किशोर वर्ग में बरेली के अजय शंकर प्रथम, गाजियाबाद की धरा खरे द्वितीय, मेरठ के विनायक अग्रवाल तृतीय एवं युवा वर्ग में वाराणसी के सारंग कुमार प्रथम, लखनऊ की प्रियंका श्रीवास्तव द्वितीय, बरेली की सोनल तृतीय रहीं।गजल के बाल वर्ग में मऊ की आंचल गोंड प्रथम, आगरा की स्वरूपिका सत्संगी द्वितीय, लखनऊ की दृष्टि पाण्डेय तृतीय, किशोर वर्ग में बांदा की अनुष्का सिंह प्रथम, प्रयागराज की शुभि पाण्डेय द्वितीय, बरेली के स्वरित तिवारी तृतीय, युवा वर्ग में मेरठ के ज्योति कुमार अग्रवाल प्रथम, वाराणसी की श्रुति मिश्रा द्वितीय और लखनऊ के अंकुश निर्मल तृतीय रहे। निर्णायकों ने मशविरा दिया कि भजन में बहुत अधिक शास्त्रीयता को नहीं लाना चाहिए वहीं उन्होंने शब्दों की शुद्धता पर भी प्रतिभागियों का ध्यानाकर्षण करवाया।भजन की किशोर वर्ग प्रतियोगिता में लखनऊ के आकर्ष सिंह सूर्यवंशी ने मैं तो सांवरे के रंग रांची भजन को पूर्ण भक्तिभाव से सुनाकर अपनी प्रबल दावेदारी पेश की। मीराबाई के इस भजन के उपरांत मेरठ की तपस ने राग पुरिया धनाश्री पर आधारित गजल कुछ न कुछ लगा रहा जान को मेरी सुना कर निर्णायकों का ध्यान अपनी गायकी की ओर आकर्षित किया।

प्रतियोगिता में बरेली के श्री गोरखनाथ मंदिर के पुजारी समाज ने भी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बरेली से अव्वल आए अजय शंकर ने भजन गायकी के किशोर वर्ग में प्रतिभाग करते हुए भजन मोहे अपनी शरण में लेलो सुनाकर ऑडिटोरियम का समांभक्तिमय कर दिया। दूसरी ओर भजन गायकी के ही युवा वर्ग में अयोध्या के कथावाचक शुभम मिश्र ने ताण्डव गति मुंडन पर और मथुरा की सोन कौर ने प्रभ जीयो भजन सुनाया। सोन कौर, बीते दो वर्षों से मथुरा होली गेट स्थित गुरु सिंह सभा के प्रतिष्ठित गुरु तेग बहादुर साहिब में शबद कीर्तन भी कर रही हैं।भजन गायकी के बाल वर्ग में गोरखपुर के प्रणव पांडे ने जय गणेश गणनाथ, मेरठ के रघुनाथ मेंहदीरत्ता ने मरे अवगुण, मेरठ के ही कलश जैन ने आइए प्रभु आइए, यश नारायण यदुवंशी ने मैं ना जिऊ बिन राम, प्रयागराज के कुमार आरव साईं ने मन राम सुमिर पछतायेगा, मुरादाबाद की जाहनवी शर्मा ने म्हारो प्रणाम, आगरा की निहार सहाय ने मोरी चुनरी में, वाराणसी की दिशा शर्मा न भजिए श्री राम, वाराणसी की ही सुवर्णा बसु ने रमता राम का गुण गाओ, बांदा के श्रेयश ने ये तो प्रेम की बात है उद्धव और बहराइच के धैर्य माहेश्वरी ने प्रभु हम भी शरणागत सुनाकर प्रशंसा हासिल की। भजन गायकी के किशोर वर्ग में मिर्जापुर के यश केसरी ने जगदम्बे देवी, बहराइच के नमन अग्रवाल ने श्रीधरम माधवम सुनाकर प्रभावित किया। भजन गायकी के युवा वर्ग में गोरखपुर की अस्मिता सिंह ने जन हित राम धरत शरीर, और कानपुर के आलोक शुक्ला ने हरि बोल भजन सुनाया। गजल गायकी के बाल वर्ग में बांदा के अनमोल गुप्ता ने वक्त का ये परिंदा, किशोर वर्ग में बस्ती के दिव्यांशु पाण्डेय ने भीगी हुई आंखों का ये और लखनऊ की स्वरिता तिवारी ने दिल जिसकी एक नजर सुनाया। हर सितम हर जफा और झांसी के हर्षित झा ने थे जहां रात सुनाकर अपनी तैयारी का प्रभावी प्रदर्शन किया।

## श्रमिक हित में बढ़ाई गई नवीनीकरण तिथि

लखनऊ।सचिव बोर्ड पूजा यादव द्वारा अवगत कराया गया है कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को श्रमिक नवीनीकरण के संबंध में विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों द्वारा 15 नवम्बर तक अपने पंजीकरण का नवीनीकरण कराया जा सके। ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके द्वारा 4 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया गया है, यदि वे 15 नवम्बर तक नवीनीकरण नहीं कराते हैं, तो उनके पंजीयन को निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा। प्रशासक, बोर्ड द्वारा श्रमिक हित में तिथि को 31 दिसम्बर तक और विस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिससे कि अधिकाधिक श्रमिकों द्वारा नवीनीकरण कराया जा सके।

## जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई संचालन समिति की बैठक

लखनऊ । जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 60वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में किया गया। जलशक्ति मंत्री ने बैठक में प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण से सम्बन्धित विभिन्न परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कटाव रोधी कार्यों, तटबंध संरक्षण एवं नदी तटीय सुधार से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए निर्देश दिए।बैठक में प्रमुख रूप से बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी चालू एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। नदियों, नालों, तटबंधों एवं बांधों के सुदृढ़ीकरण के कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विस्तृत चर्चा हुई। बाढ़ क्षेत्रों में जल निकासी तंत्र, पम्प हाउस, और तटबंधों की स्थिति का मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया। कार्य की गुणवत्ता के लिए नियमित निरीक्षण एवं निगरानी तंत्र को और मजबूत करने पर बल दिया गया।जलशक्ति मंत्री द्वारा उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिये गये कि 30 जून तक ड्रेनों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए व सफाई के वीडियो फोटोग्राफ भी तैयार कर संरक्षित रखे जाएं। इस वर्ष प्रस्तावित बाढ़ परियोजनाओं के कार्यों को समय से प्रारम्भ कर बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाए। यह भी निर्देश दिये गये कि क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता अपने अधीन कार्यरत खण्डों के कार्यक्षेत्र में आने वाली नदियों, नालों तथा तटबन्धों का विवरण व उन पर वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक कराये गये ।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर डीएम ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अमेठी



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी संजय चौहान ने विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय पचेहरी के बूथ संख्या 335, 336 और 337,मॉडल प्राइमरी स्कूल मिश्रौली के बूथ संख्या 343 तथा विधान सभा अमेठी के प्राथमिक विद्यालय कुड़वा के बूथ संख्या 28, 29 व 32 का स्थलीय निरीक्षण किया।एवं सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित की।जिससे किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।और किसी अपात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल न हो जाए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी नाम गलत या संदेहास्पद लगे तो उसकी जांच अवश्य कर लें जो लोग मृतक या शिफ्टेड हैं,उनकी भी जांच कर लें।बताते चलें कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से चार नवंबर से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों का वितरण,संग्रहण, डिजिटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है।गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य चारों विधानसभाओं में लगभग पूर्ण हो गया है।जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित कराई जा रहीं हैं।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी, एसडीएम अमेठी आशीष सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया के निरीक्षण पर पहुँचे जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

शुक्रवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने आज विकास खंड बलरामपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड एवं ओपीडी का भ्रमण कर साफ-सफाई, रोगियों की संख्या, चिकित्सकीय सुविधा तथा उपचार प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

डीएम ने औषधि वितरण कक्ष में जाकर दवा स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि समस्त आवश्यक दवाएँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा मरीजों को दवाओं के वितरण में किसी प्रकार की कोई कमी न आए। उन्होंने टीकाकरण कक्ष और कोल्ड चेन रूम का भी निरीक्षण कर टीकों की सुरक्षित भंडारण व्यवस्था, तापमान नियंत्रण और रिकॉर्ड मेनटेनेंस की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित मरीजों से सीधे बातचीत की ।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में अस्पताल आने वाले मरीजों को असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों।

आशा बहुओं के साथ की बैठक, ग्रामस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर जोर

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कार्यरत आशा बहुओं के साथ बैठक की और ग्रामस्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आशा स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे प्रमुख स्तंभ एवं महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, टीकाकरण, परिवार नियोजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

डीएम ने आशा बहुओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनके बिना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो सकतीं। उन्होंने आशा बहुओं का मानदेय बढ़ाए जाने के निर्देश दिए तथा उनके कार्यों को और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आशा बहु गांवों में नियमित भ्रमण करें, टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी करें और किसी भी समस्या की सूचना समय से स्वास्थ्य विभाग को दें।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, संबंधित एमओआईसी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पूर्व सांसद ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को भेजा पत्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर श्रावस्ती



विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले भगवान बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती और उनके बाल्यकाल की स्मृतियों को संजोए हुए पिपरहवा (सिद्धार्थनगर) को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई है। जिला पंचायत बस्ती के अध्यक्ष एवं श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र भेजकर दोनों स्थलों को यूनेस्को (ह्श्वस्ष्टह्र) की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने की मांग उठाई है।

जानकारी के अनुसार पत्र में दद्दन मिश्रा ने कहा है कि श्रावस्ती वह पवित्र भूमि है जहां भगवान बुद्ध ने अपने चमत्कारों से अविश्वासियों को चकित किया था और धर्म के प्रति आस्था जगाई थी। वहीं पिपरहवा का क्षेत्र भगवान बुद्ध के बचपन और कपिलवस्तु की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को अपने भीतर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि ये दोनों स्थल धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विश्व स्तर पर अनमोल विरासत हैं। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (्रस्ढ्ढ) दोनों स्थलों को संरक्षित स्मारक के रूप में अधिसूचित कर चुका है, जहाँ वर्षभर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। ऐसे में इन स्थानों की वैश्विक पहचान बढ़ाने और संरक्षा को और अधिक मजबूत करने के लिए इन्हें यूनेस्को धरोहर सूची में शामिल किया जाना अत्यंत आवश्यक है। दद्दन मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि श्रावस्ती और पिपरहवा को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए भारत सरकार स्तर से आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे उत्तर प्रदेश के इन ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक मानचित्र पर विशेष स्थान मिल सके और भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ हो।

# सांस्कृतिक समिति के संयोजकों की बैठक में संस्थापक सप्ताह के व्यवस्था पर चर्चा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के सांस्कृतिक समिति के संयोजकों की आवश्यक बैठक शुक्रवार को महाविद्यालय के पुस्तकालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 31 जनवरी से 07 फरवरी तक संस्थापक सप्ताह समारोह मनाये जाने का निर्णय लिया गया। वहीं 05 फरवरी की शाम को अन्तर संकाय विविधा प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने संयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थापक सप्ताह समारोह महाविद्यालय में एक पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह संस्थापक सप्ताह महाविद्यालय के आदि संस्थापक महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह जी की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने अवगत कराया कि पूर्व में यह समारोह 01 जनवरी से 07 जनवरी तक मनाया जाता था लेकिन सेमेस्टर परीक्षाओं के कारण अब यह 31 जनवरी से 07 फरवरी तक मनाया जायेगा। सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने बताया कि संस्थापक सप्ताह के अंतर्गत एकल गायन,एकल नृत्य, रंगोली, मेहंदी, आशुकविता, आशुभाषण, हिंदी व अंग्रेजी वाद-विवाद, चित्रकला, फेस पेंटिंग, क्राफ्ट, वीडियोग्राफी, क्विज व एकांकी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। वहीं 05 फरवरी की शाम अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें कला संकाय, विज्ञान संकाय,वाणिज्य संकाय व शिक्षक शिक्षा संकाय के मध्य सुर और ताल का महामुकाबला होगा। मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह व पूर्व सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संयोजकों व सदस्यों से अपील करते हुए आवश्यक सुझाव दिये। बैठक में प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय के निर्देशन में सभी संकायों के संयोजक व सह संयोजक भी नामित किये गए। कला संकाय का संयोजक डॉ स्वदेश भट्ट को तथा लेफ्टिनेंट( डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान व मणिका मिश्रा को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। विज्ञान संकाय में डॉ आकांक्षा त्रिपाठी को संयोजक एवं डॉ वर्षा सिंह व अभिजीत पाण्डेय को सह संयोजक, शिक्षक शिक्षा संकाय में डॉ राम रहीस को संयोजक एवं प्रो0 एस पी मिश्र व डॉ मिथलेश मिश्रा को सह संयोजक तथा वाणिज्य संकाय में डॉ के पी मिश्र को संयोजक एवं डॉ पवन कुमार सिंह व सिद्धार्थ मोहन्ता को सह संयोजक बनाया गया है । इस अवसर पर प्रो0 विमल प्रकाश वर्मा, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ अवनीन्द्र दीक्षित, डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ बी एल गुप्त, पूजा मिश्र, डॉ अनुज सिंह, डॉ के के सिंह व डॉ वंदना सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित तिथियां जारी

**रायबरेली।** निर्वाचन नामावलियों का प्रकशन अब 31 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वार सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम की तिथियों को संशोधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 26 दिसम्बर, 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। कंट्रोल टेबल का अपडेट व ड्राफ्ट रोल तैयार करना की अवधि 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर, 2025 को होगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है।

31 दिसम्बर, 2025 से 21 फरवरी, 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी, 2026 को किया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ में छह लुटेरे गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस । रायबरेली।झ्र



अपराधियों की घेराबंदी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन लंगड़ा के तहत ऊंचाहार पुलिस ने गुरुवार की आधी रात मुठभेड़ के दौरान छह लुटेरों को गिरफ्तार किया है।जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से नगदी,तमंचा,पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए सभी बदमाश ऊंचाहार लूट में शामिल थे। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मनिहार निवासी दीन मोहम्मद के साथ 9 दिसंबर की दोपहर 1.10 लाख की लूट हुई थी। ऊंचाहार पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज किया और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। देर रात ऊंचाहार कोतवाल अजय कुमार राय को बदमाशों की लोकेशन मनीराम मोड़ शारदा नहर के किनारे सड़क से मुखरा जाने वाले मोड़ पर मिली। सूचना पाकर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को देखते ही बदमाश भागने लगे और अपने आप को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। कुछ देर तक चली मुठभेड़ के बाद एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान आशीष पासी निवासी गंगसरी मजरे बड़ागांव, ऊंचाहार के रूप में हुई। साथ ही पुलिस ने आशीष के तीन और साथियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान उत्तम उपाध्याय निवासी पट्टी रहस कैथवल थाना ऊंचाहार,संदीप निवासी सवैया राजे थाना ऊंचाहार,ऋषभ निवासी हसनगंज,ऊंचाहार,मुकेश पाल और प्रियांशु निवासी गदागंज के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूट की नगदी,तमंचा,पिस्टल और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस ने घायल हुए बदमाश आशीष को ऊंचाहार सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं पकड़े गए बदमाशों को जेल भेज दिया है। बदमाशों को पकड़ने में ऊंचाहार कोतवाल अजय कुमार राय,एनटीपीसी चौकी इंचार्ज वागीश मिश्रा,दरोगा सुजीत यादव,अभिज्ञान प्रताप सिंह,संजय यादव,अभिजीत मिश्रा,इंद्रपाल सिंह का विशेष योगदान रहा है।

## मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों व बूथ लेवल एजेण्टों के साथ बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025-26 के अन्तर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जनपद में अवस्थित छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में यथा 177-बछरावां (अ0जा0), 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ0जा0), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार के मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों एवं बूथ लेवल एजेण्टों के साथ बैठक आयोजित की गई, बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट (एएसडी) निर्वाचकों की सूची के मिलान/पढने का कार्य किया गया एवं एक प्रति भी उपलब्ध करायी गई।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 13 दिसम्बर 2025 को भी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहेंगे, आम जनमानस एवं बीएलए को आपत्ति देने हेतु अवसर प्रदान किया जाएगा।

# एनटीपीसी ने आयोजित किया विशाल नेत्र शिविर



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना के समीपस्थ ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सामाजिक दायित्व के तहत कस्तूरबा गांधी विद्यालय उमरन में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सीएस आर नीति के तहत आसपास के लोगों के स्वस्थ और बेहतर जीवन के लिए एनटीपीसी कल्याणकारी कार्य करती रहती है, यह अभियान चलता रहेगा। ग्राम प्रधान उमरन, रंजीत सिंह तथा ग्राम प्रधान मुरारमऊ जितेंद्र सिंह ने एनटीपीसी के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। परियोजना के नेत्र चिकित्सक डॉ ए के मिश्रा ने मरीजों की जांच की तथा उनका पंजीयन किया। एनटीपीसी द्वारा मरीजों को चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। इस नेत्र शिविर में लगभग दो सौ लोगों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, सीएमओ डॉ मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक प्रीति सिन्हा, डॉ दिशा अवस्थी, सी एस आर टीम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।विदित हो कि एनटीपीसी द्वारा नेत्र शिविर अगले दो दिनों तक गंगेहरा गुलालगंज तथा पंचायत भवन ऊंचाहार देहात में भी आयोजित किए जाएंगे।

## आरेडिका में विशेष बाल मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास मूल्यांकन कैंप आयोजित

**रायबरेली।** आरेडिका चिकित्सालय और ग्लोब हेल्थ रिहेब सेंटर, रायबरेली की विशेषज्ञ टीम द्वारा विशेष बाल मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास मूल्यांकन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ऐसे बच्चों का विस्तृत परीक्षण करना था, जिन्हें बोलने, सुनने, व्यवहार या विकास संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कैंप में स्पीच डिले, आइ कॉन्टैक्ट की कमी, संवाद में कठिनाई (ह्लह्लद्बह्यद्व),ष्ठ।ष्ठ तथा व्यवहार संबंधी समस्याओं से जूझ रहे अनेक बच्चों का विशेषज्ञों द्वारा आकलन किया गया। अभिभावकों को बच्चों के विकास, व्यवहार प्रबंधन और घर पर अपनाए जा सकने वाले अभ्यासों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। साथ ही स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी और विशेष शिक्षा से संबंधित उच्चस्तरीय परामर्श भी दिया गया। कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के कुल 45 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए, जहां चिकित्सकों की टीम ने उनका विस्तृत परीक्षण किया। आयोजन से अभिभावकों में जागरूकता बढ़ी और आरेडिका परिवार के लोगों को अपने बच्चों की विकास संबंधी स्थिति का सही मूल्यांकन प्राप्त हुआ।

# जय श्री राम की गूंज, पूरा शहर हुआ राममय

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



श्री राम कथा को लेकर शुक्रवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आज से अस्पताल चौराहा स्थित रिफार्म क्लब में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। इसी उपलक्ष्य में सुपर मार्केट चंदापुर कोठी से श्री राम कथा आयोजन समिति की ओर से शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर का माहौल पूरी तरह राममय हो गया था। शोभा यात्रा में शामिल लोग प्रभु श्री राम का जयघोष करते चल रहे थे।यात्रा के बीच में बदरीनाथ धाम के कथावाचक गोविंद भाईजी जी महाराज सजी हुई कार में चल रहे थे।प्रभु श्रीराम के जयघोष से पूरा शहर गूंजता रहा। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा चंदापुर कोठी से प्रारंभ होकर हाथी पार्क, डिग्री कॉलेज चौराहा, कैनाल रोड, डीएम आवास,कानपुर रोड होते हुए बस स्टॉप कोतवाली रोड, घंटाघर चौराहा, रामकृपाल चौराहा,सुपर मार्केट होते हुए रिफॉर्म क्लब पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए सभी भक्तजन राम ध्वजा थामे जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। रामभक्तों ने भक्तिमय गीतों पर नृत्य करते हुए पूरे नगर को धार्मिक वातावरण से भर दिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालु गहरे भक्ति भाव में लीन दिखाई दिये। आयोजन समिति ने बताया कि कथावाचक गोविंद भाईजी महाराज के मुखारविंद से रामकथा का अमृतपान कराया जाएगा। कथा प्रतिदिन अपराह्न 2 बजे से शाम 6 बजे तक रिफार्म क्लब में आयोजित होगी। यह रामकथा 13 दिसंबर से 21 दिसंबर तक चलेगी।22 दिसंबर को भंडारें का आयोजन किया गया है।इस मौके पर विवेक मिश्रा, अधिवक्ता शेखर शुक्ला,राजन दीक्षित, योगेश त्रिपाठी, कुंवर भूपेंद्र सिंह ,हिमांशु वाजपेई, दीपू सिंह,आशीष पाठक, निलेश पांडे, सूरज शुक्ला, अर्पनेश शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा में उपस्थित रहे।



## मस्जिद में फिल्म की शूटिंग पर विवाद

# सोनम बाजवा

## को मांगनी पड़ी माफी, पिक्चर से हटाए जाएंगे सीन




पंजाबी और हिंदी फिल्मों की एक्ट्रेस सोनम बाजवा 'पिट सियापा' नाम की एक फिल्म पर काम कर रही हैं. हाल ही में पंजाब के सरहिंद स्थित एक ऐतिहासिक मस्जिद में इस फिल्म की शूटिंग हुई थी. उसके बाद विवाद हो गया था. पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी और मुस्लिम समुदाय ने मस्जिद में फिल्म की शूटिंग होने को लेकर विरोध जताया था. पुलिस से कार्रवाई करने की भी मांग की गई थी.

अब खबर है कि विवाद होने के बाद सोनम बाजवा, प्रोड्यूसर बलजिंदर जनजुआ और फिल्म की टीम ने माफी मांगी है.फिल्म की टीम ने शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान से मिलकर उन्हें माफीनामा दिया है. साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मस्जिद में जो सीन फिल्माए गए थे उसे फिल्म से हटा लिए जाएंगे. ये भी सुनिश्चित किया गया है कि आगे से किसी भी धार्मिक स्थल पर ऐसी गलती न हो, जिससे किसी भी धर्म की भावनाएं आहत न हों.

जब मस्जिद में फिल्म की शूटिंग का मामला सामने आया था तो विरोध जाहिर करते हुए शाही इमाम ने कहा था, पवित्र स्थान में शूटिंग करना न सिर्फ अनुचित है बल्कि धार्मिक आस्था का भी अपमान है.

**मस्जिद में शूटिंग की इजाजत नहीं**

उन्होंने ये भी कहा था कि मस्जिद में शूटिंग करने की इजाजत नहीं दी जाती.पर फिल्म की टीम ने शूटिंग की. उन्होंने कहा था कि ये समझ से परे है कि बिना इजाजत और संवेदनशीलता को समझे हुए धार्मिक स्थल पर ऐसा कैसे हुआ. हालांकि, अब सोनम बाजवा और टीम ने माफी मांग ली है और कहा है कि जो भी सीन मस्जिद में फिल्माए गए थे उसे हटा लिए जाएंगे.

**कब रिलीज हो रही है 'पिट सियापा' ?**

'पिट सियापा' पंजाबी भाषा की एक कॉमेडी फिल्म है. इसमें सोनम बाजवा के साथ परमवीर सिंह चीमा लीड रोल में नजर आने वाले हैं. ये पिक्चर 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इसके डायरेक्शन की कमान संभाली है रुपिंद्र चहल ने.



# तान्या मित्तल

## पर फूटा स्टाइलिस्ट का गुस्सा, बोलीं- आउटफिट दिए, लेकिन मिला नहीं पेमेंट

'बिग बॉस 19' से नेशनल सेंसेशन बनी एक्ट्रेस तान्या मित्तल इन दिनों सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनके ग्लैमरस लुक्स या फैशन नहीं, बल्कि एक नई कंट्रोवर्सी है. तान्या की पॉपुलैरिटी भले ही आसमान छू रही हो, लेकिन उनकी स्टाइलिस्ट रिद्धिमा शर्मा ने सोशल मीडिया पर आकर एक्ट्रेस पर पेमेंट न चुकाने का बेहद संगीन आरोप लगाया है. रिद्धिमा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक भावुक लेकिन लंबा नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी निराशा और गुस्सा जाहिर करते हुए बताया कि कैसे तान्या की टीम उन्हें लंबे समय से परेशान कर रही है.रिद्धिमा शर्मा ने अपनी पोस्ट में खुलासा किया कि वो पिछले कई दिनों से तान्या की टीम से अपना बकाया पेमेंट क्लियर करने के लिए गुहार लगा रही हैं. उन्होंने लिखा मैंने हमेशा तान्या मित्तल को सपोर्ट किया है. दर्शक जानते हैं कि मैं उनकी स्टाइलिंग कर रही हूं. लेकिन बाहर आने के बाद उन्होंने मुझसे बात तक नहीं की, और फोन पर कपड़े की तारीफ करने के बावजूद मुझे कोई जवाब नहीं मिला.




**तान्या ने नहीं कहा 'थैंक यू'**

रिद्धिमा ने ये भी बताया कि उन्होंने अपनी तरफ से तान्या को एक गिफ्ट और लेटर भी भेजा था, लेकिन उन्हें 'थैंक यू' तक नहीं मिला. रिद्धिमा का गुस्सा तब फूटा जब उन्हें पेमेंट के लिए ब्लैकमेल किया गया. उन्होंने आगे बताया कि वो तान्या के लिए आउटफिट भेज रही हैं, यहां तक कि पोर्टर चार्ज भी अपनी जेब से भर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें तान्या की टीम की तरफ से दबाव का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने बेहद निराशा जाहिर करते हुए इस नोट में लिखा है, मैं आउटफिट भेज रही हूं, पोर्टर चार्ज दे रही हूं, और अब टीम मुझसे कह रही है कि अगर आज साड़ी नहीं पहुंची, तो मुझे मेरा पेमेंट बिल्कुल नहीं मिलेगा. मैं इतने लंबे समय से काम कर रही हूं ङ्क क्या मैं बेवकूफ हूं ? बिग क्लैप्स ! रिद्धिमा ने ये भी बताया कि ब्रांड्स को उनके कपड़े अभी तक वापस नहीं मिले हैं, और वो पूरे एक हफ्ते से फॉलोअप कर-करके थक चुकी हैं.

## क्यों भाई, आपने कहा तो रुक जाएं...देश छोड़कर जा रहीं प्रियंका चोपड़ा ने किससे कही ये बात?




अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा बीते रोज़ करीब 12 घंटे के लिए अमेरिका से मुंबई आई थीं. इस दौरान उन्होंने मुंबई की सैर की और एक्टर कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के चौथे सीजन के लिए शूट भी करवाया. प्रियंका ने एक पोस्ट के जरिए पहले ही इशारा कर दिया था कि वो कपिल के नेटफ्लिक्स शो के लिए भारत आ रही हैं. अब प्रियंका का भारत से अमेरिका के न्यूयॉर्क लौटते वक्त का एयरपोर्ट का एक वीडियो चर्चा में है, जिसमें वो पैपाराजी से मजाकिया अंदाज़ में बात करती नज़र आ रही हैं.प्रियंका चोपड़ा मुंबई में करीब 12 घंटे ही रहीं. उन्होंने अपनी इस मिनी ट्रिप का वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. जिसमें पूरे दिन की झलककियां दिखाई हैं. हालांकि जब वो देश छोड़कर जा रही थीं, तब उन्होंने जो कहा, उसके बाद उनका वो वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में दिख रहा है कि प्रियंका अपनी कार से उतर कर एयरपोर्ट के आंदर जा रही हैं, तभी एक पैपाराजी उनसे कहता है, प्रियंका जी रुकिए. जैसे ही उनकी तस्वीर ले रहे पैपाराजी ने उन्हें रुकने के लिए कहा प्रियंका ने अपने जवाब से सबको हैरान कर दिया. वो मजाकिया अंदाज़ में कहती हैं, क्यों भाई, आपने कहा तो रुक जाएं. इस पैपाराजी कहता है, यस यस.

**प्रियंका ने शेयर किया ये वीडियो**

प्रियंका ने अपने मुंबई विजिट का वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,मुंबई हमेशा ही अपने स्तर को ऊपर करता है. मैं भी वही करती हूं. जल्द फिर मुलाकात होगी..2026 में मिलते हैं. वीडियो में प्रियंका ने खुद जानकारी दी कि वो मुंबई में 12 घंटे रुकी. इसमें शूट के लिए उनके रेडी होने से लेकर शो पर जाने तक की झलकियां हैं.

वो जब कपिल से मिलती हैं तो सवाल करती हैं कि शो अच्छा चल रहा है तेरा ? इस पर कपिल कहते हैं हां अच्छा चल रहा है. फिर वो कपिल के साथ शूट कराती हुई नज़र आती हैं.

**जाने का नहीं हो रहा था मन**

अंत में जब वक्त आता है देश से विदाई का तो प्रियंका कहती हैं, मैं नहीं जाना चाहती. घर जाने के लिए एक लंबी फ्लाइट लेनी होगी. चलें ? फिर वो बताती हैं कि वो न्यूयॉर्क शहर लौट रही हैं. प्रियंका ने बताया है कि वो अब अगले साल ही भारत आएंगी.

## उम्र में बड़ी इन हसीनाओं संग रोमांस कर चुके हैं अक्षय कुमार, एक से है 13 साल का फासला




बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने साल 1991 में डेब्यू किया था. साल 1987 में फिल्म 'आज' में कुछ सेकेंड के लिए नजर आने के बाद उन्होंने फिल्म 'सौगंध' के जरिए हिंदी सिनेमा में बतौर लीड एक्टर एंट्री ली थी. अक्षय को अगले महीने बॉलीवुड में पूरे 34 साल हो जाएंगे. इन 34 सालों में उन्होंने हमउम्र एक्ट्रेस के अलावा उम्र में कई साल छोटी एक्ट्रेसेस के साथ भी काम किया है. वहीं एक्टर उम्र में खुद से बड़ी हसीनाओं के साथ भी रोमांस कर चुके हैं.

आज हम आपको बॉलीवुड की तीन ऐसी दिग्गज हसीनाओं के बारे में बता रहे हैं जो उम्र में अक्षय कुमार से बड़ी हैं और फिर भी वो अक्षय के साथ रोमांस करती हुई नजर आई हैं. इनमें श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित और रेखा भी शामिल हैं. रेखा और उनके बीच तो 13 साल का अंतर है. इतना ही नहीं जब दोनों ने साथ में फिल्म की थी, उस वक्त उनके अफेयर के भी काफी चर्चे हुए थे.

**श्रीदेवी संग की फिल्म, 10 साल बाद हुई रिलीज**

हिंदी सिनेमा की पहली महिला सुपरस्टर कही जाने वाली श्रीदेवी, अक्षय से उम्र में दो साल बड़ी थीं. दोनों कलाकारों ने साथ में फिल्म 'मेरी बीवी का जवाब नहीं' में काम किया था. ये फिल्म 1994 में बनी थी, लेकिन इसे दस साल बाद यानी साल 2004 में रिलीज किया गया था.

**'आरजू' में दिखे थे अक्षय-माधुरी**

अक्षय कुमार और माधुरी दीक्षित को साथ में फिल्म 'आरजू' में देखा गया था. 1999 में रिलीज हुई इस फिल्म का हिस्सा सैफ अली खान भी थे. फिल्म में अक्षय और माधुरी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था. बता दें कि माधुरी खिलाड़ी कुमार से उम्र में करीब चार महीने बड़ी हैं.

**13 साल बड़ी रेखा के साथ जुड़ा था नाम**

अक्षय जहां 58 साल के हैं, तो वहीं रेखा की उम्र 71 साल है. अक्षय और रेखा ने साथ में साल 1996 की फिल्म 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी' में काम किया था. इसमें रवीना टंडन भी नजर आई थीं.

फिल्म में अक्षय और रेखा ने जमकर रोमांस किया था और उनके बीच इंटीमेट सीन भी देखने को मिले थे. बताया जाता है कि दोनों एक दूसरे के बेहद करीब आ गए थे. हालांकि किसी ने भी अफेयर की खबरों पर कुछ नहीं कहा था.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बलूचिस्तान के बारूद पर बैठकर सोना खोदेंगे ट्रंप

**ऐसा लगता है कि यह सौदा पाकिस्तानी नहीं, बल्कि अमेरिकी एजेंडे का हिस्सा है। दरअसल, अमेरिका का असली मकसद है चीन को पछाड़ना। आज की सच्चाई यह है कि दुनिया में तांबा, सोना और अन्य क्रिटिकल मिनरल्स नई सदी का तेल बन चुके हैं। चीन खासकर अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में इस क्षेत्र में भारी पकड़ बना चुका है। अमेरिका बड़ी तेजी के साथ नए स्रोत ढूँढ़ रहा है और पाकिस्तान का रिकोडिक, जो तिब्बती-ईरानी खनिज बेल्ट का हिस्सा है वह अमेरिकी रणनीति में एक खूबसूरत चेकमेट जैसा दिखता है।**

*अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के सबसे अस्थिर और विद्रोह-ग्रस्त प्रांत बलूचिस्तान में स्थित रिकोडिक तांबा-सोना खदान के लिए 1.25 अरब डॉलर के यूएस EXIM बैंक वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। यह वही परियोजना है जिसे वर्षों से सुरक्षा संकट, राजनीतिक विवाद और बलूच विद्रोहियों की हिंसा ने कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस निवेश के साथ निकट भविष्य में 2 अरब डॉलर तक की अमेरिकी मशीनरी और सेवाएँ पाकिस्तान भेजी जाएँगी। अमेरिकी चार्ज द'अफ़ेयर्स नटाली बेकर ने कहा है कि यह परियोजना अमेरिका के लिए 6,000 और बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियाँ उत्पन्न करेगी। उन्होंने रिकोडिक को दोनों देशों के लिए लाभकारी आदर्श मॉडल बताया है। हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है। इस परियोजना का 50% मालिकाना बैरिक के पास है, जबकि पाकिस्तानी संघीय व बलूचिस्तान सरकार के पास 25-25% हिस्सेदारी है। रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना से 37 वर्षों में 70 अरब डॉलर से अधिक मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न होने की संभावना है। हालाँकि, सुरक्षा खतरे सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बलूच विद्रोही गुट लगातार सेना, खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश पर हमले करते रहे हैं। हाल ही में बलूच नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी निवेशक बलूचिस्तान के कब्जे को वैधता देने की गलती नहीं करे। बलूच नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष नसीम बलूच ने इसे बलूच जनता की संपत्ति पर पाकिस्तानी कब्जे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। इसी बीच विश्व बैंक की ढ्ढस्नष्ट, एशियन डेवलपमेंट बैंक और अन्य वैश्विक उधारदाता 2.6 अरब डॉलर से अधिक का वित्त पैकेज जोड़ रहे हैं। साथ ही सऊदी अरब की मनारा मिनरल्स भी 10-20% हिस्सेदारी खरीदने पर बातचीत कर रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल वही है कि क्या पाकिस्तान इतने लंबे समय तक सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और राजनीतिक स्थिरता की गारंटी दे पाएगा? देखा जाये तो अमेरिकी निवेश ऐसे समय में आया है जब वाशिंगटन चीन-प्रभुत्व वाली खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं से बाहर निकलने के लिए नए स्रोत तलाश रहा है। फिर भी, रिकोडिक पर यह दाँव एक हाई-रिस्क जुआ माना जा रहा है। यह भी देखने में आ रहा है कि रिकोडिक में अमेरिकी निवेश सिर्फ आर्थिक सौदा नहीं बल्कि यह भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर फेंकी गई भारी-भरकम चाल है। पाकिस्तान इसे बड़ी जीत बताकर छाती ठोक रहा है पर असलियत यह है कि अमेरिका ने यह पैसा दक्षिण एशिया के सबसे अस्थिर इलाके में आग से खेलने के अंदाज़ में डाला है। सवाल यह नहीं कि अमेरिका क्यों आया? सवाल यह है कि वह इतना देर से और इतनी जगह पर क्यों आया? हम आपको बता दें कि यह निवेश उस समय हो रहा है जब बलूचिस्तान में विद्रोह चरम पर है। बलूच नेता साफ चेतावनियाँ दे रहे हैं कि यह निवेश उनके लिए शोषण का नया अध्याय है। बलूच नेता कह रहे हैं कि प्रांत में दशकों से मौजूद असंतोष और सैन्य दमन को देखते हुए कोई भी समझदार निवेशक पहले सौ बार सोचे। लेकिन अमेरिका ने शायद जानबूझकर जोखिम को स्वीकार कर लिया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के कोप से पद गंवाना पड़ सकता है ? इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा से हैं। महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी कर सकते हैं।**

# सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को गति देते मोहन यादव



**प्रमोद भार्गव**

**इसका उद्देश्य कुंभ मेला क्षेत्र का स्थाई विकास किया जाना है। उज्जैन और राजा विक्रमादित्य एक-दूसरे के पर्याय हैं। विक्रमादित्य ने ही उज्जैन से विदेशी षकों का पराभव कर उन्हें पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। इस युद्ध की विजय के उपलक्ष्य में ही विक्रम संवत शुरू करके एक नए पंचांग की शुरुआत विक्रमादित्य ने की थी। परंतु वामपंथी इतिहासकारों ने विक्रमादित्य के अस्तित्व को ही नकार दिया था।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पद की शपथ लेने के बाद से ही सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार की कोई निंदा-आलोचना किए बिना, उनके द्वारा खींची गई लकीर को बड़ा करने का काम किया है। इस परिप्रेक्ष्य में हिंदुत्व की वैचारिकता को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, नगरीय विकास से लेकर ग्रामीण विकास और सुशासन को सशक्त बनाने के बाबत उनकी प्राथमिकताएं देखने में आई हैं। हिंदुत्व और सनातन संस्कृति उनके अजेंडे के प्रमुख आधार रहे हैं। अतएव उज्जैन और अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प के साथ राम वन गमन और कृश्ण पाथेय परियोजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है। अब भगवान श्री कृष्ण से जुड़े मध्यप्रदेश के स्थलों को एक नवीन पहचान दी जाएगी। प्रदेश में बड़ा पूंजी निवेश कराकर उद्योगों की स्थापना हेतु कई इंवेस्टर मीट कराए गए हैं। इससे नए रोजगार व तकनीकी विकास के रास्ते जल्दी ही खुलेंगे। चीता पालन परियोजना श्योपुर के कूनो और मंदसौर के गांधी सागर में उन्हीं के कार्यकाल में भलीभूत हुई है। अब इसका विस्तार सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती बाघ आरक्षित क्षेत्र में भी होगा। मोहन यादव मंत्रिमंडल की पहली बार बैठक बुंदेलखंड के खजुराहो में संपन्न हुई है। इसके दूरगामी परिणाम निकलने की उम्मीद की जा रही हैं। अतएव इस अंचल में पर्यटन और औद्योगिक विकास के नए रास्ते जल्द खुलेंगे। प्रदेश में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संगम की त्रिवेणी बह रही है। दुनिया के सामने 'श्री कृश्ण पाथेय' योजना के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम उज्जैन, पीवड़िया-खातेगांव देवास, एरण सागर, चंदेरी, अशोकनगर जामगढ़ रायसेन, सागर, जनापाव इंदौर और अमझेरा धार सहित आठ जिलों में उन पुरातन स्थलों को धार्मिक पहचान दी जाएगी, जो भगवान कृश्ण से जुड़े रहे हैं। इन स्थलों पर कृश्ण के श्रीचरण विद्यार्जन, यात्रा के समय विश्राम और विवाह के लिए रुक्मणी हरण से जुड़े हैं। इन यात्राओं में कृश्ण के साथ उनके बड़े भाई बलराम अर्थात बलदाऊ भी साथ रहे हैं। कृश्ण और बलराम ने एक साथ उज्जैन के सांदीपनि आश्रम के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी। दोनों भ्राताओं में यहां 64 कलाएं और 14 विद्याएं गुरु सांदीपनि से प्राप्त की थीं। मित्र सुदामा भी उनके साथ रहे थे। भागवत पुराण के अनुसार गुरु सांदीपनि के पास जितनी भी शिक्षाएं थीं, सब सिखा दी थीं। शिक्षा प्राप्ति के बाद कृष्ण ने गुरु से गुरु दक्षिणा लेने को कहा, लेकिन उन्होंने कुछ भी लेने से मना कर दिया। तब कृष्ण और बलराम गुरु माता के पास पहुंचे। उन्होंने रोते-रोते अपने पुत्र के अपहरण की कहानी कह दी। पुत्र का अपहरण समुद्र के किनारे से हुआ था। कृष्ण और बलराम समुद्र किनारे पहुंचे और उन्होंने समुद्र का आवाहन किया। समुद्र ने सामने आकर बताया



**मोहन यादव जैसी धार्मिक-सांस्कृतिक चेतना और रुढ़िवादी जड़ताओं को तोड़ने वाले दृढ़ निश्चयी प्रतिनिधियों की मध्यप्रदेश में ही नहीं पूरे देश में जरूरत है। यदि ऐसे नेता जागरुकता और समन्वय की स्थापना के लिए सामने आएंगे तो उनसे पवित्र एवं सात्विक सांस्कृतिक परंपराओं के बीच पनपे अंधविश्वासों को दूर करने की भी अपेक्षा की जा सकेगी।**

कि पंचजन्य नाम के असुर ने गुरु सांदीपनि के पुत्र का अपहरण किया है। कृष्ण ने अंततः पंचजन्य राक्षस को खोज लिया और उसको दंडित करते हुए गुरु पुत्र को वापस मांगा। पंचजन्य ने जब कृष्ण के पुरुषार्थ और उनकी दैवीय शक्तियों को जाना तो तुरंत गुरु पुत्र को लौटा दिया। कृष्ण और बलराम ने इस पुत्र को उज्जैन जाकर गुरु माता को दक्षिणा के रूप में सौंप दिया। इस यात्रा के दौरान कृष्ण और बलराम धार जिले के अमझेरा होते हुए समुद्र तक पहुंचे थे। कृष्ण को जब विवाह प्रस्ताव के रूप में रुक्मणी का पत्र मिला तो वह द्वारका से नारायण, पीवाड़िया-खातेगांव एरन, चंदेरी होते हुए विदर्भ की राजधानी कुंडनपुर पहुंचे थे। रुक्मणी स्वयंवर यहीं चल रहा था। इसी स्वयंवर स्थल से कृष्ण ने रुक्मणी का हरण किया था। अब उन्हीं स्थलों को एक न्यास बनाकर संवारा जाएगा। इन स्थलों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना है। इस योजना को क्रियान्वित करने से पहले स्थलों का शोधवृत्ति के जरिए शोध कराया जाएगा। विक्रमादित्य शोधपीठ इसे क्रियांन्वित करेगी। मोहन यादव गीता और गो-माता की महिमा को बढ़ाने का काम भी प्राथमिकता से कर रहे हैं। गीता और गो-माता हमारी सनातन संस्कृति और आस्था के प्रतीक हैं। गाय की महिमा का गान ऋग्वैदिक युग से ही हो गया था। वैदिक ऋषियों ने जान लिया था कि गाय एक ऐसा पशुधन हैं, जो दूध और दूध से बनने वाले दही, मट्ठा, घी, मक्खन तो देती ही है, खेती के लिए बैल भी देती है। अतएव ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था हेतु गाय के संरक्षण का उपाय करते हुए, उसे गौ माता का दर्जा ऋषियों ने दिया। अक्सर हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदु एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू-माफियाओं के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मोहन यादव ने उज्जैन में पेश कर दिया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और षासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर आसीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के कोप से पद गंवाना पड़ सकता है ? इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, 'मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा से हैं। महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी।' हम सब जानते हैं कि मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिताई और महाकाल की उन पर कृपा बनी हुई है। अतिक्रमण हटाकर बनाए जा रहे चौड़े मार्ग 2028 में उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले में वरदान साबित होंगे। यहां कुंभ नगरी का निर्माण भी किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कुंभ मेला क्षेत्र का स्थाई विकास किया जाना है। उज्जैन और राजा विक्रमादित्य एक-दूसरे के पर्याय हैं। विक्रमादित्य ने ही उज्जैन से विदेशी षकों का पराभव कर उन्हें पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। इस युद्ध की विजय के उपलक्ष्य में ही विक्रम संवत शुरू करके एक नए पंचांग की शुरुआत विक्रमादित्य ने की थी। परंतु वामपंथी इतिहासकारों ने विक्रमादित्य के अस्तित्व को ही नकार दिया था। विक्रम षोधपीठ विक्रमादित्य से जुड़े इतिहास को साक्ष्यों के साथ प्रमाणित करने के लिए देशभर के विद्वानों की उज्जैन में परिचर्चाएं आयोजित कर विक्रमादित्य के नायकत्व की गाथाएं सामने ला रही है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 16:38 तक |
| नक्षत्र: | हस्त अहोरात्र तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | आयुष्मान, 11:15 |
| सूर्योदय: | 07:05 |
| सूर्यास्त: | 17:25 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 09:40-10:57 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:35 |

## जन एक्सप्रेस

### भारत जैसा मित्र !


*खो रहा अमरीका ।*
*भारत जैसा मित्र ।।*
*जब से बैठा आदमी ।*
*ट्रंप ये विचित्र ।।*
*सांसद अमरीका ने ।*
*है दिया बयान ।।*
*ठीक नहीं ये इस तरह ।*
*भारत का अपमान ।।*
*स्वाभिमानी है भारत ।*
*ना उसे उकसाओ ।।*
*सोच समझकर कोई भी ।*
*कदम अब उठाओ ।।*
*ना करो लगातार ।*
*ऐसे यूं परेशान ।।*
*कम नहीं है भारत ।*
*सदियों से महान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ब्रोकली गलत तरीके से पकाने पर नष्ट हो जाते हैं पोषक तत्व



**ब्रोकली** को हेल्दी सब्जियों में से एक माना जाता है। इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को दुरुस्त करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत देने में सहायक माना जाता है। ब्रोकली में विटामिन - ए, सी, के, फाइबर, पोटैशियम और फोलेट जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है, लेकिन इसको गलत तरीके से पकाने से ब्रोकली के पोषक तत्व नष्ट हो सकते हैं। ऐसे में इसको सही तरीके से पकाना जरूरी है। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, ब्रोकली को भाप लगाकर यानी स्टीम करके पकाना इसके पोषक तत्वों को बनाए रखने के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा, आप हल्के तेल में जल्दी से हल्का फ्राई भी किया जा सकता है, लेकिन ध्यान रहे, इसे ज्यादा देर तक गैस पर न रखें क्योंकि ऐसा करने से कुछ हीट सेंसिटिव विटामिन्स खत्म हो सकते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, ब्रोकली को तलना और उबालने से सॉल्यूबल शुगर, सॉल्यूबल प्रोटीन, विटामिन सी और ग्लूकोसाइनोलेट्स जैसे पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, लेकिन ब्रोकोली पकाने में पोषक तत्वों को बनाए रखने के लिए भाप देने की विधि सबसे अच्छी प्रतीत होती है। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन बताती हैं कि ब्रोकली को भाप लगाकर खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। इससे ब्रोकली के पोषक तत्व को कम नुकसान होता है।

**हार्ट को हेल्दी रखे:** ब्रोकली में अच्छी मात्रा में पोटैशियम होता है। इसका सेवन करने से हार्ट की धमनियों को स्वस्थ रखने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**इम्यूनिटी बूस्ट करे:** ब्रोकली में अच्छी मात्रा में विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद मिलती है, जिससे इंफेक्शन से बचाव करने और बीमारियों से बचाव करने में मदद मिलती है।

**पाचन के लिए फायदेमंद:** ब्रोकली में अच्छी मात्रा में फाइबर होता है। इसको भाप लगाकर पकाने से पाचन प्रक्रिया में सुधार करने और स्वास्थ्य को हेल्दी रखने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे आंतों या गट में मौजूद गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में भी मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# विकसित भारत का मूल मंत्र बनेगा 'वंदे मातरम'



**मृत्युंजय दीक्षित**

**कई विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं। वंदे मातरम पर चर्चा की आवश्यकता पर उत्तर देते हुए अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम पर चर्चा की आवश्यकता जब वंदे मातरम रचा गया था तब भी थी, आजादी के समय मे भी थी।**

**इससे पूरा देश हतप्रभ रह गया। देशभक्तों ने कांग्रेस के उस प्रस्ताव के खिलाफ देश के कोने -कोने में प्रभात फेरियां निकाली और वंदे मातरम गीत गाया किन्तु देशभक्तों को अनसुना करते हुए 26 अक्टूबर 1937 को कोलकाता अधिवेशन में कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया।' रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा सम्मान मिलने की बात कही।**

**जिससे** स्वतंत्रता का मूल मंत्र, 'वंदे मातरम' उद्भासित हुआ, जिसे गाते हुए हज़ारों की संख्या क्रांतिकारी फांसी के फंदे पर झूल गए, जीवन जेलों की क्रूर यातनाओं में काट दिया, जिस गीत ने माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण को परिभाषित किया, जिस गीत ने स्वाधीनता की अलख संपूर्ण भारत में जगा दी वह गीत है राष्ट्रगीत- वंदे मतारम। भारत विभाजन के पूर्वाभ्यास के रूप में बंग-भंग के अंग्रेजी षड्यंत्र को पहचान कर सम्पूर्ण राष्ट्र बंगाल विभाजन के विरुद्ध खड़ा हो गया। इस आंदोलन के दो हथियार थे- स्वदेशी का स्वीकार-विदेशी का बहिष्कार और रणघोष बना था वंदे मातरम। इस गीत के रचनाकार थे बंगाल में जन्मे महान सपूत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। आज वंदे मातरम अपनी रचना का 150 वां वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के माध्यम से एक बार पुनः राष्ट्र में 'स्व' की भावना की अलख जगाने का आह्वान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हें। इसी श्रृंखला में संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम पर व्यापक चर्चा हुई।

लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरुआत की। सत्ता पक्ष के वक्ताओं ने जहां वंदे मातरम गीत के इतिहास और उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वंदेमातरम के प्रति कांग्रेस व वामपंथी दलों की विचारधारा और सोच को बेनकाब किया। विपक्ष ने इसके पीछे बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई चर्चा बताया। कुछ विपक्षी सांसदों ने कहा कि वंदे मातरम पर बहस गैरजरूरी और मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है। इतने गंभीर व ऐतिहासिक विषय की बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से गायब रहे। संसद में वंदे मातरम पर हुई व्यापक चर्चा सिर्फ एक गीत पर विमर्श नहीं वरन भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को दोबारा केंद्र में लाने का प्रयास भी है।

चर्चा का आरम्भ करते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी और उसके बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने वंदे मातरम के प्रति कांग्रेस व उनके नेताओं की सोच को बेनकाब कर दिया। सरकार ने वंदे मातरम गीत की प्रेरणा से संकल्प लेकर वर्ष साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ राष्ट्रगीत को जीवंत बनाने का संकल्प लिया। वंदे मातरम गीत की महानता पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्व्जो वंदे मातरम साल 1905 में महात्मा गांधी को राष्ट्रगान के रूप मे दिखता था, देश के हर कोने में हर व्यक्ति के जीवन में जो भी देश के लिए जीता जागता था, उन सबके लिए वंदे मातरम की ताकत बहुत बड़ी थी। वंदे मातरम इतना महान था, उसकी भावना इतनी महान थी तो फिर पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ ? वह कौन-सी ताकत थी जो महात्मा गांधी की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? किसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीट दिया। सदन को बताया गया कि जब वंदे मातरम को 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने को मजबूर था और जब वंदे मातरम के 100 वर्ष पूर्ण हुए तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जिस वंदे मातरम ने देश को आजादी की नई ऊर्जा दी थी जब उसके 100 वर्ष हुए तो दुर्भाग्य से एक काला इतिहास हमारे कालखंड में उजागर हो गया।' प्रधानमंत्री ने बताया कि क्व्वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग के विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्तूबर 1937 को वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा तो उन्होंने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को तगड़ा जवाब देने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी और कहा कि कांग्रेस कार्यकारिणी में वंदे मातरम की उपयोगिता पर चर्चा होगी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# हरिशंकर मौर्य का 'स्मार्ट फार्मिंग मॉडल', एक खेत, दो फसले लाभ दोगुना, मेहनत आधी- खुशीराम भार्गव

## सरदकालीन गन्ने के साथ सहफसली- पीलीभीत के किसानों की बढ़ती आय का वैज्ञानिक रहस्य

- दलहनी फसलों के जोड़ने से मिलने वाले लाभ
- घरेलू दाल की जरूरत की पूर्ण आपूर्ति
- मिट्टी में नाइट्रोजन की बढ़ोतरी
- भूमि की प्राकृतिक उर्वरता में सुधार
- गन्ने के कल्लों की मजबूती और संख्या में इजाफा



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

कृषि में लाभ कम होता जा रहा हैं। यह शिकायत आज देश भर के किसानों की आम आवाज़ है। लेकिन पीलीभीत का ग्राम सैदपुर इस धारणा को बदलने की मजबूत शुरुआत कर रहा है। यहाँ के प्रगतिशील किसान हरिशंकर मौर्य ने जिस सहफसली मॉडल को अपनाया है, वह न केवल आय बढ़ाने का सफल प्रयोग है बल्कि वैज्ञानिक खेती का ज़मीन से जुड़ा हुआ उत्कृष्ट उदाहरण भी है। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने शुक्रवार को उनके खेत का निरीक्षण किया और मौर्य द्वारा अपनाई गई खेती पद्धति की खुलकर सराहना की। दो एकड़ गन्ने की फसल के बीच मटर की ए.पी.-3 किस्म की सहफसली, और इसके साथ उच्च उत्पादन देने वाली गन्ना किस्म को-शा 13235 यह संयोजन आधुनिक कृषि तकनीकों का सटीक मेल है। गन्ने की लाइनों में चार फीट की दूरी, और उनके बीच मटर की दो लाइनें बोकर मौर्य ने खेती को न केवल लाभकारी बल्कि वैज्ञानिक रूप से संतुलित बनाया है।

श्री मौर्य बताते हैं कि वे गन्ने की अधिकतर बुवाई शरदकाल में ही करते हैं, क्योंकि इस मौसम में लगाई गई फसल मजबूत, अधिक पैदावार वाली और लागत-उपज के अनुपात में सबसे लाभदायक होती है। सहफसली फसल—जैसे मटर, मसूर, राजमा, चना—पूरी लागत निकाल देती है और गन्ने से मिलने वाली रकम शुद्ध मुनाफा बन जाती है।

इस वैज्ञानिक पद्धति का असर केवल एक खेत तक सीमित नहीं रहा। पूरे जनपद में 8,000 हेक्टेयर में 18,327 किसान अब शरदकालीन गन्ना बुवाई अपना रहे हैं। यह सफलता का स्पष्ट संकेत है कि किसान वैज्ञानिक खेती के मॉडल को समझ रहे हैं और उससे लाभ उठा रहे हैं।

शरदकालीन गन्ने से जहां किसानों को अधिक पैदावार और ज्यादा आमदनी मिलती है, वहीं चीनी मिलों को भी अधिक चीनी पर्ता (रिकवरी) का लाभ मिलता है। यह 'दोनों के लिए लाभकारी' मॉडल पीलीभीत को गन्ना उत्पादन के उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। किसानों में आर्थिक विविधता भी तेजी से बढ़ रही है। यही कारण है कि कई किसान गन्ने के साथ आलू, फूलगोभी, पत्तागोभी, सरसों, अलसी, धनिया, मूली, शलजम जैसी सब्जियों और तिलहनों की फसलें भी ले रहे हैं।

सहफसली खेती से गन्ने की जड़ों के बीच वायु संचरण बेहतर होता है, मिट्टी की संरचना मजबूत होती है और रोग-कीट का प्रकोप स्वाभाविक रूप से कम हो जाता हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल खेती का उत्तम उदाहरण है। निरीक्षण के दौरान राम भद्र द्विवेदी (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक) तथा रोहतास उपाध्याय (गन्ना पर्यवेक्षक) की उपस्थिति ने ग्रामीण किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन को और मजबूत किया।

हरिशंकर मौर्य का सहफसली मॉडल यह साबित करता है कि जब किसान विज्ञान, नवाचार और परंपरा का संतुलन साध लेता है, तभी खेत से समृद्धि की असली फसल निकलती है।

# मासिक स्वास्थ्य शिविर एक बार फिर सैकड़ों ज़रूरतमंदों के लिए आशा की किरण लेकर आया, कंबल भी किया वितरित

## निशक्तजन सेवा संस्थान का स्वास्थ्य कैंप- जरूरतमंदों के लिए आशा का केंद्र

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





निशक्तजन सेवा संस्थान द्वारा प्रत्येक माह आयोजित होने वाला स्वास्थ्य कैंप केवल चिकित्सा सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता और सामाजिक सरोकारों का जीवंत उदाहरण बन चुका है। 12 दिसम्बर को स्थानीय अंकुर राइस मिल, पूरनपुर रोड पर आयोजित यह मासिक स्वास्थ्य शिविर एक बार फिर सैकड़ों ज़रूरतमंदों के लिए आशा की किरण लेकर आया। कैंप में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और जिला जज की धर्मपत्नी श्रीमती आरती की उपस्थिति ने इस सामाजिक पहल को और भी प्रोत्साहित किया। पीलीभीत के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश चंद्र, पूर्व जनपद न्यायाधीश वी. के. जैन और एल. आर. शर्मा जैसे अनुभवी व्यक्तियों की सहभागिता ने कैंप को प्रभावी और भरोसेमंद बनाया।

इस बार कुल 289 लोगों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 46 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली भेजा गया। 15 मरीजों की ईसीजी, 31 मरीजों के दांतों का इलाज और 187 से अधिक लोगों को चश्मों का वितरण किया गया।

स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए 17 वृद्ध नागरिकों (70 वर्ष से अधिक आयु) के आयुष्मान कार्ड भी कैंप स्थल पर ही बनाए गए। घुटने के दर्द से पीड़ित 100 मरीजों को देसी दवा डॉ. महेश चंद्र द्वारा निःशुल्क दी गई। हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने 29 मरीजों की हृदय जांच कर दवाएं मुफ्त वितरित कीं। इस कार्यवाही ने यह स्पष्ट किया कि चिकित्सा सेवा तभी सार्थक होती है जब वह हर वर्ग तक पहुंचे। इसके साथ ही 100 वृद्ध महिला एवं पुरुषों को कम्बल वितरित किए गए, जो इस कड़ाके की सर्दी में उनके लिए राहत बनकर पहुंचे। अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष अमृतलाल और सचिव अनिल कमल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

कैंप के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि 9 जनवरी 2026 को रिठौरा स्थित एसएस हॉस्पिटल में घुटना प्रत्यारोपण तथा टेढ़े-मेढ़े पैरों वाले बच्चों के ऑपरेशन किए जाएंगे। पीलीभीत के लिए कुल 20 मरीजों का कोटा निर्धारित है, जिनमें से 15 का पंजीकरण पहले ही हो चुका है। शेष जरूरतमंद अपने पंजीकरण के लिए संस्था सचिव अनिल कमल से संपर्क कर सकते हैं।

आज के कैंप में उपस्थित अन्य प्रमुख नागरिकों में डॉ.प्रेम सागर शर्मा, अनिल कमल (पूर्व प्रशासनिक अधिकारी), राजेंद्र सक्सेना (पूर्व बिक्री कर अधिकारी), मोहम्मद कामिल (पूर्व नगर पंचायत सदस्य), मोहम्मद असलम तथा अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। इस कैंप ने एक बार फिर यह साबित किया कि संवेदनशील समाज का निर्माण तभी संभव है जब स्वास्थ्य, सेवा और सहानुभूति मिलकर एक मंच पर आएं। निशक्तजन सेवा संस्थान का यह प्रयास पीलीभीत की सामाजिक चेतना और सकारात्मक पहल का सशक्त उदाहरण है।

# विदेश में फंसे पीलीभीत के नागरिकों की वापसी

## जनप्रतिनिधि की तत्परता और उम्मीद की नई किरण

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

दर्जनों परिवार इन दिनों चिंता और बेचैनी के दौर से गुज़र रहे थे। रोज़गार की तलाश में किर्गिस्तान गए 12 युवक वहां परिस्थितियों में फंस गए थे, और उनकी सुरक्षित वापसी परिवारों के लिए सबसे बड़ी उम्मीद बन चुकी थी। दो दिन पहले जब परिजनों ने अपनी व्यथा किसान नेता देव स्वरूप पटेल के माध्यम से पीलीभीत के सांसद तथा भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद तक पहुँचाई, तब से हालात बदलते नज़र आए। यही वह क्षण था जब जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता और ज़िम्मेदारी वास्तविक अर्थों में दिखाई दी। परिजनों की पीड़ा सुनते ही जितिन प्रसाद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विदेश मंत्रालय से तत्काल संपर्क स्थापित किया। उन्होंने किर्गिस्तान के अधिकारियों से सीधी बातचीत कर स्पष्ट किया कि पीलीभीत के 12 युवकों सहित भारत का कोई भी नागरिक किसी भी प्रकार की परेशानी में नहीं रहना चाहिए। इस पहल ने परिजनों के मन में भरोसा पैदा किया कि उनके अपने अब सुरक्षित घर लौट सकेंगे। भारतीय और किर्गिस्तान के अधिकारियों के बीच तेजी से समन्वय स्थापित किया गया और पूरी प्रक्रिया परिजनों की मौजूदगी में आगे बढ़ाई गई, जिससे उनका डर कम हुआ और उम्मीद मजबूत हुई। दिल्ली में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में जितिन प्रसाद ने परिजनों से मिलकर उनकी परेशानियां सुनीं, उनके साथ भोजन किया और हर संभव सहायता का भरोसा दिया—यह व्यवहार बताता है कि जनसेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि आचरण से सिद्ध होती है। परिजनों को दिल्ली पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह, किसान नेता देव स्वरूप पटेल, लेखराज भारती, डॉ. सौरभ शर्मा, सतीश पांडे, अन्नू मिश्रा, गोकुल प्रसाद मौर्य और आयुष मिश्रा सुबह 6 बजे पीलीभीत से उन्हें साथ लेकर दिल्ली रवाना हुए। यह टीमवर्क दर्शाता है कि सामाजिक सहयोग और राजनीतिक सक्रियता मिलकर बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान कर सकती है।

विदेश मंत्रालय की औपचारिक प्रक्रिया के अनुसार लगभग दस दिनों के भीतर सभी 12 युवकों की भारत वापसी सुनिश्चित होने की उम्मीद है। जितिन प्रसाद ने आश्वस्त किया है कि 24 दिसंबर तक सभी लोग सुरक्षित अपने घर पहुंच जाएंगे। यह खबर न केवल संबंधित परिजनों के लिए राहत है, बल्कि पूरे जनपद के लिए भी सुकून का संदेश है। आज के समय में विदेश में रोजगार बढ़ा है, लेकिन चुनौतियां भी उसी गति से बढ़ रही हैं।

# पीड़ित और उसके ग्यारह सहयोगियों के मुंशी ने मजदूरी हड़पे लाखों रूपए

## ठग पुत्र पिता दे रहे जान माल की धमकी मामला हैदराबाद का

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**



**लखीमपुरखीरी।** मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में ग्राम लेगड़ीपुर के रहने वाले पीड़ित इन्द्रेश अपने साथ अपने भाई रमाकान्त, देवराज, व रामगोपाल पुत्र श्याम लाल राकेश पुत्र मनोज निवासीगण ग्राम लेगड़ीपुर) (बराती लाल पुत्र रामकुमार, काशीराम पुत्र रामकुमार निवासीगण ग्राम तेतारपुर डीह) अनिल पुत्र रामगोपाल, रमेश पुत्र स्वामीदयाल निवासी ग्राम अचाकापुर थाना कोतवाली फूलबेहड़ जिला खीरी विपिन पुत्र सन्तोष,सन्दीप पुत्र रामू निवासीगण ग्राम भंगहरपुरवा मजरा मकसोहा थाना शारदानगर जिला खीरी। कुछ सभी ग्यारह सहयोगियों का हेड होने के साथ दिनांक 04.जून.2025 सेमाक कंसल्टेंट्स लिमिटेड पलवल हरियाणा में स्कार फोलडींग लाइन का काम करने के लिए मुंशी अवधेश पाल पुत्र सुरेश पाल नन्दलालपुर मोहम्मदाबाद थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर-खीरी के साथ गया था अगले दिन दिनांक 05.जून.2025 को काम प्रारंभ किया दो माह काम करने के बाद रक्षा बंधन का त्योहार पड़ने पर पीड़ित 03.अगस्त.2025 को अपने साथियों के साथ घर आया जहां पीड़ित को दो माह की जगह एक माह का रूपया दिया शेष रूपए अवधेश ने आन लाइन पेमेंट करने की बात कही चार माह से ऊपर हो गये पीड़ित को विपक्षी ने रूपए नही दिया जिस कारण पीड़ित को सहयोगियों द्वारा काफी परेशान किया जा रहा है। काफी प्रयास करने पर विपक्षी अवधेश ने दीपावली पर पूरा पेमेंट दे देंगे अभी ठेकेदार सलमान ने रूपए नही दिया ठेकेदार सलमान से मो0.नं0.7532885011 फ़ोन पर बात करने पर मालूम हुआ की विपक्षी अवधेश को सारा पेमेंट दे दिया जिसका रिकॉर्ड सलमान ठेकेदार ने पीड़ित को दे दिया। पीड़ित कोई वाद विवाद नहीं चाहता था इसलिए पीड़ित विपक्षी अवधेश के घर नंदलालपुर गया जहां विपक्षी अवधेश के माता पिता मिले जिन्होंने रूपए न होने की बात करते हुए मिल चलने पर रूपए दे देंगे लेकिन मिल चलने के बाद पीड़ित पुनः रूपए लेने विपक्षी अवधेश के पिता सुरेश पाल के पास गया जहां सुरेश पाल मो.नं0. 7054649663 आमादा फौजदारी होते हुए ऐलानिया कहा एक रूपए नही देंगे अगर पुत्र अवधेश की शिकायत की तो सारा रूपए पुलिस में देकर झूठे केस में फसा देंगे विपक्षी व विपक्षी का पिता काफी सर्कस एव शातिर किस्म के लोग हैं जो कुछ भी कर सकते हैं जो पीड़ित के न्याय हित में नहीं है। भयभीत पीड़ित ने दिनांक 29. अक्टूबर.2025 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी व श्रम आयुक्त से की जिसमें 23. दिसंबर .2025 पेशी की डेट लगी हुई है शिकायत करने पर 56 हजार आन लाइन देने की बात कही जब की शेष रूपए की बात नकार दिया। लगातार विपक्षी अवधेश व उसके पिता द्वारा झूठ पर झूठ बोलकर जान माल की धमकी दी जा रही है पीड़ित के 1 लाख 85 हजार 5 सौ 75 रूपए विपक्षी के पास शेष है जो विपक्षी देने से इन्कार कर रहा है।इतनी बड़ी रकम आर्थिक तंगी से जूझ रहा पीड़ित अपने सहयोगियों को नहीं दे सकता अगर विपक्षी इसी तरह मूर्ख बनाता रहा तो पीडित आत्महत्या कर लेगा जिसका जिम्मेदार विपक्षी व उसका पिता होगा। क्योंकि पीड़ित हर तरफ़ घिर चुका है दिल्ली देखते हैं पीड़ित को न्याय मिल सकेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

# पालिकाध्यक्ष ने किया शिव कॉरिडोर का निरीक्षण

## महाशिवरात्रि से पूर्व तीर्थ कुण्ड और प्रमुख मार्ग दुरुस्त करने के निर्देश दिए



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शुक्रवार को पालिका प्रशासन की टीम के साथ प्राचीन शिव मंदिर परिसर में निर्माणाधीन कॉरीडोर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूढ़े बाबा मंदिर के पास जलभराव देखकर अध्यक्ष ने नाराज़गी व्यक्त की और संबंधित विभाग को कल तक समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि फरवरी माह में महाशिवरात्रि का पर्व है, इसलिए तीर्थ कुण्ड, मंदिर के प्रमुख मार्गों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को 10 फरवरी तक पूर्ण रूप से दुरुस्त कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि से पूर्व तीर्थ कुण्ड में स्वच्छ जल भरा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, जलनिकासी, मार्गों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी तैयारियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।इस दौरान सभासद राजेश अवस्थी, यूपीसीएल जेई नितिन सिंह, एसआई संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, पालिका जेई सिविल अनिल कुमार यादव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, सफाई नायक नरेश कुमार, संजय कुमार, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, अनुराग गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार महेश पटवारी, श्याम किशोर अवस्थी, रविन्द्र कटियार, विश्वनाथ शुक्ला, लवकुश अवस्थी, विकास मिश्रा, विजय मिश्रा,शत्रोहन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## रजा नगर व बिलहरी बीट क्षेत्र के गावों मे बाघ का आतंक



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला रेंज की रजा नगर बीट के गांव मे किसान के पशुबाडे से बछडे को उठा ले गया बाघ।बिलहरी खीरी।गोला रेज के अंतर्गत आने बाली रजानगर के बीट के गांव रामपुर गांव मे किसान काशीराम के पशुबाडे मे बधां दो महीने के बछडे को बाघ शुक्रवार की अल सुवह उठा ले गया। जब जब किसान को बाघ की आहट लगी तो किसान अपने कुछ साथियो के साथ बछडे को तलाशने के लिये बाघ पग चिन्हो पर चलकर सोर मचाते हुये जंगल के समीप पहुचे तो वहां उस बछडे की छोड़कर बाघ जंगल की तरफ भाग गया।सूचना पर पहुचे वन दरोगा अंकित बाबू ने मौका मुआयना कर क्षेत्र मे बाघ होने की पुस्टि की। और सभी ग्रामीणो को सचेत रहने के लिये कहा है। वही दूसरी घटना महेशपुर रेज की बिलहरी बीट के गांव कोटखेरबा की है जहां पर ग्राम प्रधान राम सिंह वर्मा के ट्यूबवेल के निकट कुछ मजदूर शाम के बक्त ऐक बोगी मे गन्ना लाद रहे थे तभी रोड को पार करता हुये बाघ उन्हे दिखाई दिया बाघ को देखकर मजदूर हल्ला मचाते हुये ट्यूबवेल की कोठरी मे जा छुपे इसके बाद मजदूर कई घंटो उसमे कैद रहने के बाहर आपने अपने घरो को रवाना हुये।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कोतवाली गंगाघाट ने तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** नगर कोतवाली गंगाघाट श्रेत्र में बढ़ती चोरियो पर अंकुश लगाते हुए कोतवाली गंगाघाट प्रभारी अजय सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए आज तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जिनकी पहचान इन्द्रेश सिंह उर्फ़ कल्लू पुत्र राकेश सिंह निवासी गायत्री नगर भातु फार्म गंगाघाट उन्नाव, आकाश निषाद उर्फ़ लाला उर्फ़ लोनी पुत्र सिपाही लाल निवासी आजाद नगर गंगाघाट एंव अभिषेक बाजपेई पुत्र नवीन बाजपेई निवासी मिश्रा कालोनी गंगाघाट जिनको ह्णश्च निरीक्षक रवि शंकर पाण्डेय की टीम द्वारा सुखलाल खेड़ा जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया और इनके पास से एक अदद गले की चेन एक अदद हाफ पेटी दो जोड़ी तोडिया एक जोड़ी हाथफूल एक विछिया 900 रूपये नगद बरामद किया जिन पर पूर्व में भी अपराधिक मुकदमे दर्ज है कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने मु0अ0स0 331(3)305 ब्हृस् पंजीकृत कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

### पूर्व विधान परिषद सदस्य वेणु रंजन भदौरिया ने जनसंपर्क कर दिया शिक्षकों को आमंत्रण

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** नगर शुक्लागंज गंगाघाट में आज पूर्व विधान परिषद सदस्य (शिक्षक एमएलसी) वेणु रंजन भदौरिया का नगर आगमन हुआ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों से जनसंपर्क कर आगामी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया और बताया विद्यालय संस्कारों की पाठशाला होते हैं जिन पाठशालाओं में शिक्षक पुजारी बनकर सरस्वती मां का पूजन भी करते हैं और शिक्षित एवं संस्कारित भारत वासियों की नई पौध को तैयार भी करते हैं उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व शिक्षक विधायक प्रत्याशी एवं प्रदेश सहसंयोजक वेणु रंजन भदौरिया ने आज विद्यालयों में संपर्क के दौरान व्यक्त किया आगामी 14 दिसंबर को शुक्लागंज के कंचन नगर में महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में होने वाले शिक्षक मिलन समारोह को सफल बनाने हेतु अनेक विद्यालयों में जाकर उन्होंने शिक्षाविद परिषद शुक्लागंज गंगाघाट के सदस्यों के साथ शिक्षक संपर्क अभियान चलाया उन्होंने बताया कि शिक्षकों को सम्मान देना एवं उनके लिए किसी भी प्रकार के कार्य सुगमता हेतु कार्य करने का बल समाज को उन्हें देना चाहिए एक शिक्षक ही समाज के उत्थान का कारण बनता है उन्होंने गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शिशु मंदिर, लोहिया इंटर कॉलेज, एसवीएम समेत अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों में शिक्षाविद सुरेश शुक्ला, गंगासागर यादव, शिवम मिश्रा, जय सिंह आदि के साथ मिलकर संपर्क किया कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुरेश शुक्ल ने बताया इस प्रकार के कार्यक्रम सभी शिक्षाविदों को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए नई ऊर्जा देना का कार्य करते हैं शिक्षाविद एवं कार्यक्रम आयोजक प्रभात शुक्ला ने बताया आगामी 14 दिसंबर को 10.30 प्रातः होने वाले इस शिक्षक मिलन समारोह में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, प्रबंधक को सम्मानित करने के लिए उन्नाव सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी उपस्थित होंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक प्रत्याशी वेणु रंजन भदौरिया स्वयं उपस्थित रहेंगे।

# रजिस्ट्री कार्यालय स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

तहसील बिल्हौर में स्थित उप-निबंधक (रजिस्ट्री) कार्यालय को करीब दो किलोमीटर दूर सुभानपुर में स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव ने अधिवक्ता समुदाय में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। इसे मनमाना, अव्यावहारिक और असुरक्षित निर्णय बताते हुए बार एसोसिएशन और लॉयर्स एसोसिएशन ने संयुक्त बैठक में शुक्रवार से कलमबंद हड़ताल का एलान कर दिया।इसके समर्थन में दस्तावेज लेखक, टाइपिस्ट, स्टाम्प वेंडर और रजिस्ट्री से जुड़े सभी लोग भी आंदोलन में शामिल हो गए हैं। अधिवक्ताओं ने साफ किया है कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन चरणबद्ध रूप से और तीव्र किया जाएगा।

अधिवक्ताओं का कहना है कि कस्बे के मध्य स्थित वर्तमान रजिस्ट्री कार्यालय और उसके पास स्थित थाना बिल्हौर की वजह से लेनदेन करने वालों के लिए माहौल हमेशा सुरक्षित रहा है। लूट, छिनैती या धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ कभी सामने नहीं आईं।लेकिन रजिस्ट्रार कार्यालय को ग्रामीण क्षेत्र सुभानपुर मुरादनगर भेजे जाने से अपराध बढ़ने की आशंका है।अधिवक्ताओं ने कहा कि वहां क्रेता विक्रेताओं, किसानों और जमीन से जुड़े लेनदेन करने वालों के साथ लूट या धोखाधड़ी की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। साथ ही स्थान दूर होने के कारण अधिवक्ताओं और जनता दोनों को भारी दिक्कतें होंगी। यह निर्णय पूरी तरह मनमाना है। तहसील और थाना के पास सुरक्षित माहौल में रजिस्ट्री का काम होता है। इसे सुनसान इलाके में भेजना जनता को असुरक्षा की ओर धकेलना है। हम इस फैसले को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे।

### पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन रामकुमार भदौरिया

रजिस्ट्री कार्यालय को सुभानपुर भेजना न्यायिक व्यवस्था को बिखेरने जैसा है। वर्षों से तहसील के पास कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। हम अधिवक्ता केवल अपने लिए नहीं लड़ रहे, यह जनता के हित की लड़ाई है। यदि आदेश वापस नहीं हुआ तो आंदोलन तेज होगा।

### वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेन्द्र प्रताप सिंह

गांव में न सुरक्षा है, न यातायात की सुविधा। किसकी बुद्धिमानी है कि हजारों लोगों के दैनिक काम को ऐसे दूरस्थ स्थान पर शिफ्ट किया जाए? यह निर्णय व्यवहारिक नहीं है, इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

### अधिवक्ता अनुराग द्विवेदी (चौबेपुर)

हमने कई बार अधिकारियों को समझाया है कि रजिस्ट्री का काम गांव में नहीं चल सकता। जमीन, पूँजी और दस्तावेज दांव पर होते हैं। ऐसे में लोगों को जोखिम भरे क्षेत्र में भेजना प्रशासन की संवेदनहीनता दर्शाता है। यह कदम किसी भी रूप में स्वीकार नहीं होगा।

### आशीष सिंह 'चटरू' — युवजन सभा प्रदेश सचिव

बार-बार अधिकारियों को बताया गया कि सुभानपुर अपराध की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है। वहाँ लेनदेन करना आम जनता के लिए खतरा है। हम अधिवक्ताओं के साथ खड़े हैं और जनता की सुरक्षा के लिए यह फैसला तुरंत वापस होना चाहिए।

### अवकाश सिंह — जिला पंचायत सदस्य, घिमऊ

रजिस्ट्री कार्यालय को गांव में भेजना जनता के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन ने एकतरफा फैसला लिया है, जबकि स्थानीय प्रतिनिधियों से राय तक नहीं ली गई। हम इस गलत कदम का पुरजोर विरोध करेंगे। किसी भी कीमत पर रजिस्ट्री कार्यालय तहसील से बाहर नहीं जाने देंगे। कलमबंद हड़ताल से रजिस्ट्री का काम ठप हड़ताल के कारण शुक्रवार से भूमि रजिस्ट्री, नामांतरण, नवीनीकरण, सत्यापन स्टाम्प पेपर से जुड़े कार्य सभी प्रभावित होंगे, जिससे जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार और प्रशासन जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस फैसले को तुरंत वापस ले।

### भूमि चयन की प्रक्रिया पर भी उठाए सवाल

सूत्रों के अनुसार रजिस्ट्रार कार्यालय के लिए महीनों से नई भूमि की तलाश चल रही थी।

कई गांवों का निरीक्षण किया गया, लेकिन अंत में सुभानपुर की जमीन को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने इसे पूर्वनियोजित और मनमाना निर्णय बताते हुए कहा कि यह जमीन न तो सुरक्षित है और न ही जनता के लिए सुविधाजनक।

# पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिले के सभी विधायकों को दिया गया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिले के सभी विधायकों को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने के क्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नितेश अग्रवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष नितेश अग्रवाल के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन सदर विधायक योगेश वर्मा के माध्यम से एक ज्ञापन सौंप कर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में ज्ञापन दिया है।ज्ञापन में बताया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है इसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार कार्य कर रहे हैं जो संगठन प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है इसका पंजीकरण संख्या 1153/86 है ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की शाखा उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों एवं 75 जनपदों व 551 तहसीलों में गठित होकर सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे इन पत्रकारों को सरकार व संस्थान की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है।पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे यह पत्रकार अनेक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं इसके लिए उपरोक्त पत्रकारों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निम्न समस्याओं पर विचार करने के लिए ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है जिसमें तहसील स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी पत्र संख्या 1484 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रेस 36/2004 दिनांक 19 जून 2008 को संशोधित करते हुए सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं के मान्यता प्राप्त करने हेतु आदेश निर्गत किया जाए।पत्रकार हितों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय स्थाई समिति की नियमित बैठकें कराई जाए और मंडल मुख्यालय पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया जाए और उसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए।ग्रामीण पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा से आच्छादित करते हुए उन्हें आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की जाए और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाए। मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय हेतु दारुलसफा में निःशुल्क भवन उपलब्ध कराया जाए।ग्रामीण पत्रकारों के समस्याओं का अध्ययन व समाधान करने हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाए। पत्रकारिता के दायित्व का निर्वहन करते समय परिस्थितियों वश होने वाले विवाद के प्रकरण में पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच करने का आदेश निर्गत किया जाए। जिला अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने मांग की है कि उपर्युक्त बिंदुओं पर सम्यक विचारोंउपरांत आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश देने का कष्ट। इस दौरान जिला महामंत्री योगेश अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, नैमिष वर्मा, विनीत गुप्ता, मनोज चौधरी सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में इंटर की छात्रा का कमरे के अंदर फंदे पर लटकता मिला शव

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** सांडी थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में एक इंटर की छात्रा का संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर शव लटकता हुआ मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सांडी थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी राजेश की लगभग 18 वर्षीय पुत्री राखी का गुरुवार को घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर शव लटकता हुआ मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।मृतका राखी देव दरवार इंटर कालेज सांडी में इंटर की छात्रा थी।घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम बिधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों से किया संवाद

## ग्राम प्रहरियों को कंबल और टार्च का किया गया वितरण

जन एक्सप्रेस । बी जी मिश्र



गुरुवार की देर रात सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम धोन्धी में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रहरियों को टार्च और कंबल का वितरण किये गए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए एसपी मीणा ने सड़क सुरक्षा,मिशन शक्ति,साइबर अपराध और गांव में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी और प्रकाश व्यवस्था आदि पर विस्तृत जानकारी और सुझाव दिए। उन्होंने कहा मिशन शक्ति के तहत आज प्रदेश में अपराध नियंत्रण में सफलता पाई है। सुरक्षा के लिए सभी ग्राम प्रधानों को अपने गांव में हर निकास पर सीसीटीवी कैमरा लगवाना चाहिए ताकि चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने ग्राम अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर सभी से अपराध और अपराधी से दूर रहने की अपील की।सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह ने कहा प्रधानी के चुनाव को देखते हुए अक्सर गांव में पार्टी बंदी और विवाद होते हैं। आप सभी प्रधानी के चुनाव को व्यक्तिगत रंजिश न माने। चुनाव को सिर्फ चुनावी मतभेद मानते हुए अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा अपराधियों के साथ पुलिस सख्ती से निपटना जानती है।इसलिए आप सभी अपराध से हमेशा दूर रहें। इस अवसर पर सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों को टार्च और कंबल का वितरण किया गया।थाना प्रभारी राकेश यादव प्रधान प्रतिनिधि पवन कश्यप, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य व हलका इंचार्ज सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दुकान में लगी आग पर समान निकालते समय गिरा दुकानदार, मौत


**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिझोना में स्थित पनचून की दुकान में आग लग गई। समान निकालते समय बेहोश होकर गिरे दुकानदार की मौत हो गई।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मिझोना निवासी परचून दुकानदार कुंअर सिंह पांचाल 40 वर्ष शुक्रवार सुबह दुकान खोल कर सर्दी से बचाव के लिए हीटर से आग तापने लगा। बताया गया कि तभी हीटर से निकली चिंगारी से दुकान में आग लग गई। इस दौरान कुंअर सिंह दुकान में रखे सामान को निकालते समय वही पर बेहोश होकर गिर गया। दुकान में आग की लपटें देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लगभग दो लाख रूपये का सामान जलकर राख हो गया। तभी परिजनों ने बेहोशी हालात में दुकानदार को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुन मां विटटन देवी, पत्नी उमा पुत्र भुवनेश, बैभव का रो-रोकर बुरा हाल है।

# धनु संक्रांति के साथ शुक्र अस्त से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

## मंगलवार से धनु राशि में प्रवेश करेंगे सूर्यः स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



वैदिक पंचांग के अनुसार मांगलिक कार्यों को सम्पन्न करने के लिए ग्रह नक्षत्रों की दशा का विशेष महत्व होता है। इनके उदय और अस्त होने से शुभ कार्य प्रभावित हो जाते हैं। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार इस वर्ष धनु की संक्रांति और इसके साथ शुक्र अस्त का संयोग होने से सभी शुभ एवं मांगलिक कार्यों पर विराम लग चुका है।

स्वामी जी ने बताया कि शुक्र ग्रह सौंदर्य, विवाह, समृद्धि और शुभाचार का कारक हैं, इनके अस्त काल में विवाह, गृह प्रवेश, लग्न, शुभ समारोह और नए आरंभ स्थगित रखना ही शास्त्रीय रूप से कल्याणकारी है।14 दिसंबर से अस्त हुए शुक्र पुनः 31 जनवरी 2026 को उदय होंगे।वहीं धनु संक्रांति के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सूर्य के धनु राशि में आने से एक विशेष तपशील काल बनता है, जिसे देव कार्यों के लिए तो श्रेष्ठ माना गया है, परंतु सांसारिक शुभ कार्यों हेतु निषेध माना गया है।आगामी 16 दिसंबर को प्रातः 04~26 बजे धनु संक्रांति प्रारंभ हो रही है अर्थात इस दिन सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इस संक्रांति के साथ खरमास की अवधि भी प्रारंभ होगी,जो कि 14 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस अवधि में उचित और अनुचित कार्यों के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि
विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, व्यवसाय आरंभ के साथ
नए कार्यों के शुभारंभ को त्याग कर
जप,तप,ध्यान,साधना
दान, सेवा और ब्रह्मचर्य पालन,तीर्थ-स्नान, पूजा-पाठ
स्वाध्याय एवं सत्संग आदि को इस अवधि में प्रारंभ करना चाहिए क्योंकि जब प्रकृति और ग्रहों की ऊर्जा केंद्रित रूप से तप और साधना की ओर हों, तब मनुष्य को भी अपने भीतर की शांति से जुड़ने का अवसर ग्रहण करना चाहिए। यह काल आत्मबल को बढ़ाने वाला और ज्ञान-वृद्धि का समय है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।
डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद निवासी नेहा 24 वर्ष पत्नी बृजेश बरार की गुरुवार रात को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। युवती के ससुर महेश्वरीदीन ने बताया कि 3 साल पहले नेहा और उनके लड़के बृजेश की कोर्ट मैरिज हुई थी। नेहा का मायका मकरंदपुर जालौन में है। जिसके पिता आत्माराम को घटना की जानकारी दे दी गई है। बताया गया कि नेहा टीबी की बीमारी से पीड़ित और उसका इलाज चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### किशोरी और युवती हुई लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** अलग अलग थाना क्षेत्रों से एक युवती और एक किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 14 वर्षीय पुत्री को 8 दिसंबर की शाम 6 बजे शाहाबाद थाना के ग्राम कचूरा निवासी कपिल पुत्र रामसिंह अपने पिता, मां रामदेवी और भाई जितेंद्र के सहयोग से बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री 10 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे अपने छोटे भाई के साथ किताबें लेने गई थी। पिहानी के गर्ग भट्ठा के निकट शाहजहांपुर जनपद के सदर थाना क्षेत्र के चिनौर निवासी आकाश राना पुत्र कुंदनलाल चार पहिया वाहन से बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गया है।

# एसडीएम ने ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक को सीज किया, ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



एसडीएम शाहाबाद अंकित तिवारी की एक ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक को सीज करने की कार्रवाई के बाद ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को पूर्वाह्न एसडीएम अंकित तिवारी ने गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक पकड़ा और उसको सीज करने की कार्रवाई कर दी। एक सप्ताह पूर्व एसडीएम ने समस्त अधिकारियों को पत्र लिखकर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन एसडीएम के आदेशों का किसी पर कोई असर नहीं हुआ। लोनी चीनी मिल के ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक सड़कों पर दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए देखे जा सकते थे। एसडीएम के निर्देश के बाद भी जब स्थित पहले जैसी ही बनी रही तो शुक्रवार को एसडीएम अंकित तिवारी ने हरदोई से आते वक्त हाईवे पर ककरघटा गांव के पास एक ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक को पकड़ा और सीज कर दिया। एसडीएम की इस कार्रवाई के बाद ट्रांसपोर्टरों में दहशत व्याप्त हो गई। ट्रकों के पहिए एकदम थम से गए हैं।

## न्यायालय के आदेश पर 6 लोगो के खिलाफ हमला व लूटपाट का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

हरपालपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में जानलेवा हमला व लूट पाट के मामले में न्यायालय के आदेश पर लगभग डेढ़ माह बाद 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र सुखपाल ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया 31 अक्टूबर की सुबह 7~00 बजे उसके गांव के ही राकेश, किशनपाल, सूरज, पिंटू, रामनिवास तथा दिनेश उसकी जमीन पर दरवाजा रख रहे थे।विरोध करने पर आरोपित अपने अपने हाथों में लाठी डण्डे व कुल्हाड़ी लेकर अनिल कुमार के घर के अंदर घुस गए तथा राकेश ने हत्या के इरादे से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया था। तथा बीच बचाव के लिए आए ईश्वर पाल, रामलड़ैते व चंद्रपाल भी मारपीट में चुटहिल हो गए थे। आरोपितों ने घर में तोड़फोड़ कर धान की बिक्री का रखा तीस हजार रुपए भी लूट लिया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने करीब डेढ़ माह बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।आरोपितों ने घर में तोड़फोड़ कर धान की बिक्री का रखा तीस हजार रुपए भी लूट लिया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने करीब डेढ़ माह बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## वृद्ध ने सूने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़गांव में किन्हीं कारणों के चलते वृद्ध किसान ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़गांव निवासी 70 वर्षीय तुलसीराम घर में अकेले थे। बताया गया कि उनके दो पुत्र गयाप्रसाद व राजकिशोर व पत्नी खेतों पर काम करने गए थे। देर शाम जब वह घर लौटे तो देखा कि पिता का कमरा बंद है और अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही है। इसके बाद उन्होंने कमरे में झांककर देखा तो पिता फंदे पर लटके थे। इस पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दरवाजा तोड़कर उन्हें फंदे से उतारा लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। मामले में कैलिया थाना प्रभारी अवनीश पटेल व फोरेंसिक टीम ने जांच की लेकिन मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी रामदेवी व पुत्रों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बूथों पर पहुंचकर भरवाए एसआईआर फार्म



जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

एसआईआर को लेकर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मतदाताओं के प्रपत्र भरवाने में जुटे हैं।भाजपाई एसआईआर को लेकर बूथ-बूथ पर पहुंचकर लोगों के फार्म भरवाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।शुक्रवार को भाजपा के हरपालपुर मंडल अध्यक्ष कमलेश पाल ने हरपालपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत ककरा के बूथ संख्या 342,343,344,345 पर पहुंचकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के लिए बीएलओ का सहयोग किया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि एसआईआर अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है। प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है कि उन्हें एसआईआर फार्म भरकर समय से बीएलओ के पास जमा करने चाहिए। भाजपा भी इस अभियान में सहयोग कर रही है। बूथों पर कार्यकर्ता एसआईआर फार्म भरवाने में लगातार सहयोग कर रहे हैं।कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।उन्होंने साथी कार्यकर्ताओं से कहां कि घर-घर पहुंचकर लोगों से संपर्क करें। बूथ मजबूत होगा तो पार्टी मजबूत होगी।

### इस सर्दी में अपनी त्वचा की देखभाल करें कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ

जन एक्सप्रेस/आगरा। सर्दियाँ अपने साथ सुकून भरी रातें और त्योहारों का उत्सव लेकर आती हैं, लेकिन कई लोगों के लिए यह एक परिचित चुनौती भी पेश करती है- शुष्क, बेरंग और संवेदनशील त्वचा। ठंडी हवा त्वचा से नमी खींच लेती है, जिससे यह रूखी और जलनशील हो जाती है। टॉपिकल स्किनकेयर मदद कर सकता है, लेकिन लंबे समय तक पोषण शरीर के अंदर से ही शुरू होता है। न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की देखभाल का सबसे प्रभावी तरीका सही खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर को पोषण देना है। वह बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की सूखापन केवल स्किनकेयर का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह पोषण से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन ई और ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया, जैसे फैटी फिश और कैलिफ़ोर्निया बादाम। रोज़ाना बादाम को अपने आहार में शामिल करने से त्वचा को भीतर से पोषण मिलता है और यह कठोर मौसम में भी मुलायम, हाइड्रेटेड और स्वस्थ बनी रहती है। बादाम आवश्यक पोषक तत्वों का एक शक्तिशाली स्रोत हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य को कई तरीकों से समर्थन प्रदान करते हैं।

## सवायजपुर में ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन ने पत्रकारों की समस्याओं से सम्बंधित सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस । प्रतुल कुमार

शुक्रवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सवायजपुर तहसील अध्यक्ष विकास मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्रीय समस्याओं एवं पत्रकार हितों से जुड़ी सात सूत्रीय मांगों पर चर्चा करते हुए सवायजपुर कस्बा स्थित विधायक निवास पहुंचकर कार्यालय प्रभारी राजन सिंह को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार लगातार चुनौतियों का सामना करते हैं,जिन पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार सीमित संसाधनों के साथ जोखिम उठाकर काम करते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा, सुविधाओं और मान्यता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।पदाधिकारियों ने ज्ञापन में विशेष रूप से ग्रामीण पत्रकारों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने,प्रेस से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए एक अलग तंत्र बनाने, सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं में पत्रकारों को प्राथमिकता देने जैसी मांगें रखीं। साथ ही उन्होंने प्रेस क्लब भवन के निर्माण और मान्यता प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।कार्यालय प्रभारी राजन सिंह ने पत्रकारों की बात विस्तार से सुनी और आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं को वे विधायक जी के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुँचाएंगे।एसोसिएशन के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएगी।इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष बृजेश अग्निहोत्री,तहसील महामंत्री दीपांकुर पांडेय,हरपालपुर के ब्लॉक अध्यक्ष आलोक सिंह,ब्लॉक उपाध्यक्ष अभिषेक त्रिवेदी,अमित सिंह,महामंत्री प्रतुल कुमार,कोषाध्यक्ष प्रशांत तिवारी आदि सदस्य मौजूद रहे हैं।

## श्रीमद् भागवत के छठे दिन सुनाई गई गोवर्धन पूजा की कथा

**जालौन।** क्षेत्रीय ग्राम मलकपुरा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथाव्यास सुबोधानंद महाराज ने गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। भागवताचार्य सुबोधानंद महाराज ने कहा कि गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, इसलिए हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। कथा वाचक ने लोगों से गोपालन करने की भी अपील की। इस मौके पर इस मौके पर परीक्षित मालती तिवारी, भगवानदास तिवारी, जगराम शुक्ला, रमाकांत तिवारी, सुबोध तिवारी, अनिल तिवारी, शशिकांत तिवारी, अवनीश तिवारी, नीरज, दिव्य, प्रकृति, तृषिका, मोक्ष आदि ने कथा श्रवण किया।

## घर में घुसकर मारपीट, बंदूक तानकर दी जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस । उरई

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना में घर में घुसकर एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमलाकर घायल करने और बंदूक तानकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरोना निवासी निकेत राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को उसकी पत्नी नैंसी घर के बाहर दीवार पर कपड़े सुखा रही थी। इसी बात को लेकर रामपाल पुत्र चित्तर ठाकुर उसका बेटा हरेंद्र उर्फ कल्लू ठाकुर और कल्लू का पुत्र यश ठाकुर उनके घर में घुस आए और नैंसी व निकेत की मां अनीता पिता महेशचंद्र राठौर को जमकर पीटा। इस दौरान बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने पीड़ित पर भी लाठी-डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित के मुताबिक मारपीट के दौरान कल्लू ठाकुर का नाबालिग बेटा यश ठाकुर राइफल लेकर घर में घुस आया और जान से मारने की धमकी देने लगा।तभी मोहल्ले के लोग जुट गए तो आरोपी गालियां देते हुए मौके से भाग निकले। बताया कि तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपियों की दबंगई यह पहली घटना नहीं है। गांव में आए दिन मारपीट और झगड़ा करना उनकी आदत बन चुकी है। पीड़ित ने बताया कि उसने मारपीट और बंदूक लहराने की पूरी घटना के वीडियो भी रिकॉर्ड किए हैं, जिनमें आरोपी साफ तौर पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। मामले में थाना प्रभारी पंकज पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दृष्टिहीनों ने कार्यशाला में प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । उरई



ऑल इंडिया कन्फेडरेशन ऑफ द ब्लाइण्ड संस्था द्वारा शुक्रवार को कालपी रोड स्थित श्याम धाम गेस्ट हाउस में नेत्रहीनों की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें जिले में नेत्रहीनों के बने हुए चैट्र के लोग उपस्थित हुए कार्यशाला में प्रोजेक्ट ऑफिसर सुधांशु शुक्ला ने अपने प्रोजेक्ट की रिपोर्ट प्रस्तुत की। एडवोकेसी ऑफिसर सुरेश चतुर्वेदी ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया और चैट्र के कई नेत्रहीन साथियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत की लय में मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्च?लित करके माल्यार्पण किया गया। इसके बाद अतिथियों का माल्यार्पण के बाद सभी अधिकारियों ने एआइसीवी को सहयोग देने की बात कही और जो चैट्र के लोग उपस्थित हुए थे, उन सभी ने अपने-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें राधा गुप्ता, सुमेर सिंह, सागर, शिव सिंह प्रमुख थे। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह हैं रही की पहली बार नेत्रहीनों के द्वारा संगीत में कार्यक्रम जिसमें ढोलक, हारमोनियम, आर्गन को बजाकर गीत प्रस्तुत किए गए। सूरज, ज्योति राम और नारायण दास ने संयुक्त रुप से अपनी क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। साथ में एआईसीबी के अधिकारी श्रीमती मंजुला रथ एवं डेनमार्क से आए हुए थॉमस स्किल व साथ में जिले के विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सियाराम द्विवेदी जिला अस्पताल के वरिष्ठ आई सर्जन जगजीवन राम एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह व झांसी मंडल के मंडल डायरेक्टर शिव सिंह सहित माधौगढ़ क्षेत्र से जिला योजना समिति के सदस्य अरविंद सिंह सेंगर उपस्थित रहे।

## न्यायालय के आदेश पर महिला सहित 4 लोगो पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

न्यायालय के आदेश पर साढ़े चार माह बाद दलित एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। मामले में एक महिला सहित चार लोगों पर केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम भदेऊना निवासी सियाराम पुत्र रामदास के अनुसार 30 जुलाई 2025 को उसके पुत्र कुलदीप के साथ विमलेश बाजपेई पुत्र राम प्रकाश बाजपेई का झगड़ा हो गया था। तब उसने थाने में तहरीर देकर शिकायत की। उसी दिन रात्रि में 9~00 बजे विमलेश बाजपेई, राम प्रकाश बाजपेई, राजन और सुधा देवी एक राय होकर आए और उसे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर विमलेश ने दाहिने हाथ पर चाकू मार दिया और सभी लोग मिलकर मारने पीटने लगे तथा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने लगे और कहने लगे कि तेरी इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि तूने थाने में शिकायत की। पीड़ित के अनुसार ग्राम वासियों के हस्तक्षेप के बाद उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। उसने घटना के बारे में बेहटा गोकुल पुलिस को बताया। बेहटा गोकुल पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर उपरोक्त चारों दबंगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

## स्मार्ट टीवी बंद मिलने पर जताई नाराजगी, व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने के सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मिठौरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षा कक्ष, रसोईघर, छात्रावास, शौचालय तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं की शैक्षिक प्रगति, सुरक्षा व्यवस्था और दैनिक गतिविधियों के संचालन की जानकारी बीएसए से प्राप्त की। इस दौरान कक्षा 6 और 8 में लगे स्मार्ट टीवी क्रियाशील न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और तुरंत उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है।



रसोईघर और भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हुए जिलाधिकारी ने पोषण मानकों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। वहीं परिसर और छात्रावास की साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा कर बीएसए को व्यवस्था और सुदृढ़ करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने छात्राओं से संवाद भी किया। उन्होंने बच्चियों को निडर होकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने और लगन के साथ उन्हें हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को स्कूल की छात्राओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। अंत में जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुधारकर छात्राओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, बीएसए सुश्री रिद्धी पांडेय, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### एंटी रोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान, साइबर अपराध के मद्देनजर किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की फतनपुर थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थाना इलाके में के. डी. यादव इण्टर कॉलेज व आसपास व्यापक से पर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान टीम द्वारा कॉलेज परिसर एवं आसपास उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को जागरूक करते हुए साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रमुख हेल्पलाइन नंबर जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वूमेन पावर लाइन, स्वास्थ्य सेवा समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों को बताया गया। साथ ही बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों, सोशल मीडिया सुरक्षा, ओटीपी लिंक फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। अभियान के दौरान बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन तथा मिशन शक्ति से जुड़े जागरूकता बिंदु भी विस्तृत रूप से समझाए गये।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 54 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## 53 हिन्दू जोड़े व 1 मुस्लिम जोड़ा विवाह के बंधन में बंधा

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले में शुक्रवार को राम प्रिया गार्डेन कटरा मेंदनीगंज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के 54 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस दौरान 53 हिन्दू जोड़े एवं 01 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण नागेन्द्र कुमार मौर्य, प्रयागराज से उपनिदेशक द्वारा नामित नोडल जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) प्रयागराज अंजिका मोना सहित समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य व अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी जोड़ों को बधाई दी और कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी से अपना जीवन यापन करें।

# सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन करायें- डीएम

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में गुरुवार को कैम्प कार्यालय के सभागार में डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। एनएच व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़कों पर झाड़ियों की साफ-सफाई करायी जाये और इसका प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें। ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि शहरों में किये गये अतिक्रमण पर आवश्यक कार्यवाही की जाये। शहर में जाम की स्थिति के दृष्टिगत डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को





निर्देशित किया कि महाकुम्भ के दौरान जो भी यातायात के नियम लागू किये गये थे उसी के अनुरूप यातायात के नियमों का पालन किया जाये जिससे शहरों में जाम की स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को चिकित्सालय पहुँचाने व उनका सहयोग करने वाले व्यक्तियों को प्रदेश सरकार द्वारा राह-वीर योजना के तहत निर्धारित प्रोत्साहन राशि 25-25 हजार रूपये उपलब्ध करायी जाये। डीएम ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये।

### अवैध गांजे के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, जेल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ।** जिले में शुक्रवार को नगर कोतवाली पुलिस ने एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत थाना इलाके के नया माल गोदाम के पास से दो युवकों को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त सागर मौर्य जौनपुर जिले के मुंगरा बादशाहपुर व पवन शुक्ला रानीगंज थाना इलाके के मंशाराम का पूरा संडीला का रहने वाला है। दोनों के पास से पुलिस ने पांच किलो आठ सौ नब्बे ग्राम नाजायज गांजे के साथ ही गांजा बिक्री के ढाई सौ रूपये नगद बरामद किया है। जिले भर में एसपी दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सतत एवं कठोर कार्यवाही की जा रही है। उसी क्रम में एसआई अंकित श्रीवास्तव व उनकी पुलिस टीम ने थाना इलाके में वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

# सोनौली बॉर्डर पर सुविधाओं का संकट, विदेशी पर्यटक लौट रहे वापस

जन एक्सप्रेस | सोनौली/महराजगंज

भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सोनौली सीमा देश का सबसे बड़ा स्थल मार्ग नाका माना जाता है, जहाँ प्रतिदिन हजारों भारतीय व विदेशी पर्यटक आवाजाही करते हैं। इसके बावजूद सीमा पर पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव बना हुआ है। लंबी चेकिंग प्रक्रिया, जाम और इमिग्रेशन दफ्तरों की धीमी कार्यप्रणाली के चलते कई विदेशी यात्रियों ने नेपाल यात्रा ही रद्द करनी शुरू कर दी है। इसका सीधा असर नेपाल के सीमावर्ती बाजारों और लुम्बनी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पड़ रहा है।



ग्रुप पर्यटकों को सीमा पार करने में दिनभर लग रहा है। इमिग्रेशन, एसएसबी और नेपाल प्रशासन की जांच-पड़ताल में दिन में औसतन 4 घंटे तो लग ही जाते हैं, जबकि जाम बढ़ जाए तो पूरी प्रक्रिया 6 से 8 घंटे तक खिंच जाती है। कई बार यात्रियों का पूरा दिन सिर्फ सीमा पार करने में निकल जाता है।

गया के गाइड अजित कुमार बताते हैं कि देरी और अव्यवस्थाओं के कारण बड़ी संख्या में विदेशी यात्री अपनी नेपाल बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं। इससे नेपाल के पर्यटन उद्योग को बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है।

उन्होंने बताया कि एक यात्री के वीजा पर 4320 नेपाली रुपये, लुम्बनी विकास कोष के 700 रुपये टिकट और होटल उद्योग का अलग से नुकसान हो रहा है। कुशीनगर के गाइड मनोज प्रजापति ने कहा कि अगर टूरिस्ट बसों की चेकिंग एक ही स्थान पर हो और जाम से राहत मिले, तो स्थिति काफी सुधर सकती है। समय बर्बाद होने की वजह से टूर ऑपरेटर जबरन टूर कैंसिल कर रहे हैं।

वाराणसी के गाइड जैकी ने बताया कि सोनौली सीमा से सबसे अधिक पर्यटक लुम्बनी की ओर जाते हैं। शार्क देशों के यात्रियों के लिए नेपाल वीजा फ्री है, लेकिन अन्य देशों के पर्यटकों को वीजा लेना पड़ता है। इस मार्ग से कंबोडिया, म्यांमार, लाओस, थाईलैंड, वियतनाम और कोरिया के पर्यटक सबसे अधिक आते हैं। स्थानीय गाइडों और टूर ऑपरेटरों ने भारत-नेपाल दोनों सरकारों से मांग की है कि सीमा पर सुविधाएं बढ़ाई जाएं और चेकिंग प्रक्रिया को सरल बनाया जाए, ताकि पर्यटन उद्योग को बचाया जा सके।

# डीएम ने किया धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

## समयबद्ध व पारदर्शी खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश, किसानों ने व्यवस्था पर जताया संतोष

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को मिठौरा क्षेत्र स्थित खाद्य एवं विपणन विभाग के धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीद व्यवस्था, अभिलेखों तथा निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार की गई तैयारियों का गहनता से परीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ विवेक सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि धान क्रय केंद्र मिठौरा प्रथम पर अब तक 149 किसानों से 348.32 मीट्रिक टन तथा मिठौरा द्वितीय केंद्र पर 111 किसानों से 295.92 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी के पहुंचने के समय मिठौरा प्रथम केंद्र पर कृषक प्रेम नारायण सिंह (जमुई) का लगभग 118 क्विंटल तथा मिठौरा द्वितीय केंद्र पर राजमणि (चैनपुर) का लगभग 41 क्विंटल धान तौला जा रहा था। उपस्थित किसानों ने केंद्रों की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि पंजीकरण व बिक्री प्रक्रिया में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और केंद्र कर्मियों ने पूरा सहयोग प्रदान किया।

जिलाधिकारी ने धान खरीद की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए खरीद की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी किसानों से समयबद्ध एवं नीति के अनुरूप खरीद सुनिश्चित की जाए। यदि किसी किसान को समस्या आती है तो उसका तत्काल और प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ विवेक सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, केंद्र प्रभारी आशीष मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ढूठीबारी में 61 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटे

**जन एक्सप्रेस/ढूठीबारी/महराजगंज।** बिजली बिल राहत योजना के तहत विभाग की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले 61 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इसमें धरमौली गांव के 34 तथा ढूठीबारी कस्बे के 27 उपभोक्ता शामिल रहे। कनेक्शन कटने के बाद सात उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपना बकाया जमा कर पुनः कनेक्शन बहाल कराया, जिससे विभाग को 27 हजार रुपये की वसूली हुई। ढूठीबारी विद्युत उपकेंद्र के जेई रजनीश गोंड ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एकमुश्त बकाया जमा कर ब्याज और 25 प्रतिशत मूलधन में छूट का लाभ दिया जा रहा है। योजना के प्रति जागरूक किए जाने के बाद शुक्रवार को उपकेंद्र क्षेत्र के 47 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए कुल 5 लाख 61 हजार रुपये जमा किए। कार्रवाई के दौरान अमरेंद्र यादव, उमाशंकर, स्वतंत्र, शेषनाथ यादव, विवेकानंद तथा प्रतीक द्विवेदी मौजूद रहे।

# ऑटो रिक्शा व मोबाइल चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के रानीगंज थाने की पुलिस ने ऑटो रिक्शा व मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि बीते मंगलवार की रात रैपीडो एप्प से बुकिंग करके दो युवक प्रयागराज के झूसी थाना इलाके के निवासी मो. जसीम के ऑटो में प्रयागराज से प्रतापगढ़ आ रहे थे। रानीगंज थाना इलाके के नरसिंहगढ़ पुलिया के पास जसीम ने पेशाब करने हेतु वाहन रोका तो दोनों युवक उसका ऑटो व वीवो मोबाइल लेकर भाग गए। खोजबीन से ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाइल नंबर का उपयोग करने वाला व्यक्ति सचिन पाल निवासी थाना पट्टी तथा एक अज्ञात साथी द्वारा चोरी की घटना की गई। तहरीर के आधार पर रानीगंज पुलिस एक नामजद व एक



अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से उनकी तलाश कर रही थी। उसी क्रम में रानीगंज पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को एक ऑटो रिक्शा (तीन पहिया) व चोरी के एक मोबाइल के साथ थाना इलाके के भगवतगंज बाजार पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त सचिन पाल पट्टी थाना इलाके के डेईडीह धौरहरा नई बस्ती व अनुराग चतुर्वेदी जौनपुर जिले के महराजगंज थाना इलाके के बरहूपुर का रहने वाला है। सचिन के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं। जबकि अनुराग के खिलाफ प्रतापगढ़, जौनपुर व मिर्जापुर में अलग अलग मामलों में पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने ऑटो रिक्शा व मोबाइल चुराया था। बताया कि पकड़े जाने के डर से ऑटो रिक्शा ड्राइवर के मोबाइल के सिम को निकाल कर फेंक दिया और मोबाइल अनुराग अपने पास रख लिया। मौका पाकर ऑटो रिक्शा बेचने की फिराक में थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

# लापता बुजुर्ग का नहीं मिला सुराग, परिजन चिंतित

## पनियरा पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर, खोजबीन में जुटी

जन एक्सप्रेस | पनियरा/महराजगंज

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया निवासी 70 वर्षीय दुलारे साहनी 12 दिनों से लापता हैं। बीते 1 दिसंबर की दोपहर लगभग 2 बजे वह अचानक घर से निकले, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में दिनों तक खोजबीन की, लेकिन दुलारे का सुराग न मिलने पर परिवार और अधिक चिंतित हो गया। थक-हारकर परिजनों ने पनियरा थाना पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी और लिखित तहरीर सौंपकर सहायता की गुहार लगाई। तहरीर मिलते ही पनियरा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और तलाश तेज कर दी गई है। बताया जा रहा है कि दुलारे साहनी के चार पुत्र हैं, सबसे बड़े कबिलास, फिर चंद्रशेखर, तीसरे नंबर पर अखिलेश और सबसे छोटे पुत्र शैलेश। चारों भाइयों की शादी हो चुकी है और सभी अलग-अलग रहते हैं। पिता के अचानक लापता होने से पूरे परिवार में तनाव का माहौल है। परिजनों का कहना है कि उम्र अधिक होने के कारण उन्हें चलने-फिरने में भी कठिनाई होती है, ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका उन्हें लगातार परेशान कर रही है।परिवार के सदस्यों ने आसपास के गांवों, बाजारों और संभावित स्थानों पर भी खोज की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली। इस संबंध में पनियरा थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस लगातार जांच कर रही है और हर संभावित स्थान पर जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही उनकी लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### स्कूली बस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, जलकर हुई खाक

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के थाना लालगंज कोतवाली क्षेत्र के भटनी में कमल चौराहे पर शुक्रवार सुबह एक स्कूल बस में आग लग गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार रायबरेली जिले के मटका सलोन स्थित निमिषा कान्वेंट स्कूल की एक बस में लालगंज कोतवाली इलाके के भटनी के समीप कमल चौराहे पर धूं-धूंकर जल गई। शुक्रवार सुबह पौने आठ बजे चालक अबरार ने जैसे ही बस स्टार्ट की। तभी अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और बस से धुआं निकलने लगा। ड्राइवर ने सूझबूझ से काम लिया और तत्काल बस में सवार तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चों को उतारते ही बस में आग तेजी से फैल गई और लपटें उठने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज और सलोन की फायर ब्रिगेड टीमें मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया हालांकि तब तक पूरी बस जलकर खाक हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बीते दिनों आसपुर देवसरा थाना इलाके के सैफाबाद बाजार अंतर्गत स्थित एक स्कूल परिसर में खड़े स्कूली वाहन में भी आग लग गई थी। हालांकि उस घटना में भी कोई अनहोनी नहीं हुई थी। लेकिन इस तरह के मामले चिंताजनक हैं। कोतवाल लालगंज आलोक कुमार ने बताया कि चालक बच्चों को लेने जा रहा था। बस में बच्चे नहीं थे। स्कूल बस में आग लगी थी जिसे फायर ब्रिगेड ने जाकर बुझाया।

# पुलिसिंग होगी और मजबूत: पीआरबी के बेड़े में 12 नये वाहन शामिल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइन से एसपी दीपक भूकर ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने के लिए बारह चार-पहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन उन गाड़ियों के स्थान पर उपलब्ध कराए गए हैं जो अपने निर्धारित समयावधि पूर्ण कर कंडम श्रेणी में आ चुकी थी। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि इन नई पीआरवी के शामिल होने से जिले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई क्षमता बढ़ेगी। ये वाहन आपात स्थितियों, सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर अपराधों और महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाओं में तेजी से मौके पर पहुंच सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पीआरवी यूनिट को संवेदनशील व्यवहार, अनुशासन और समयबद्ध प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एसपी ने स्पष्ट




किया कि पुलिस की 112 सेवा जनता की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आधुनिक उपकरणों से लैस इन नए पीआरवी वाहनों के जुड़ने से जमीनी स्तर पर पुलिसिंग और मजबूत होगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी त्वरित सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर एसपी ने पीआरवी टीमों को विशेष निर्देश दिए कि किसी भी कॉल पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए और जरूरतमंद लोगों की सहायता में कोई लापरवाही न बरती जाए। एसपी दीपक भूकर ने आशा व्यक्त की कि इन नये वाहनों के संचालन से जिले में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ेगा। इसके बाद बारह पीआरवी वाहनों को विधिवत रूप से आपातकालीन सेवाओं के लिए रवाना कर दिया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक(सीओ सिटी), एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल, डायल-112 प्रभारी दौलत यादव व प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी का सख्त निर्देश

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विरुद्ध तत्काल अभियान चलाएँ, उल्लंघन पर होगी कठोर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

8:00 बजे थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर एक दुखद घटना घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप तिवारी उम्र 40 वर्ष, निवासी मोहल्ला-उमरपुर, हरिबंधनपुर, जौनपुर अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने के बाद वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शास्त्री ब्रिज पर उनकी बाइक पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से उनके गले पर गहरी चोट आ गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह अत्यंत दुःखद एवं संवेदनशील घटना है, जिस पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 11.07.2017 के अनुसार सिंथेटिक सामग्री से बने नायलॉन धागे या चाइनीज मांझे के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का उपयोग न केवल गैरकानूनी है, बल्कि पूरी तरह से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु पूर्व में भी अवगत कराया गया था बावजूद इसके चायनीज़ माँझे से इस प्रकार की दर्दनाक घटना होना अत्यंत ही चिंताजनक एवम दुखद है। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न खरीदे, न बेचे और न ही उपयोग करे। यह कानूनन दंडनीय अपराध है तथा उल्लंघन करने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित मांझे के विरुद्ध अभियान चलाएं एवं बाजारों में निगरानी बढ़ाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। और अगर जिस अधिकारी के क्षेत्रांतर्गत चायनीज माँझा बिकता हुआ पाया जाता है एवम अनहोनी होती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके उत्तरदायी वह स्वयं होंगे।



विषय- चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के सम्बन्ध में।

1- नगर मजिस्ट्रेट, जौनपुर।
2- समस्त उप जिलाधिकारी, जौनपुर।
3- समस्त क्षेत्राधिकारी, जौनपुर।

(डा० दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी
जौनपुर

## बुढ़वल रामनगर चैराहे पर भीषण जाम से जूझती जनता, जिम्मेदार बेखबर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बुढ़वल रामनगर चैराहे पर बाराबंकी गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन भीषण जाम लगता है, जिससे आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि बुढ़वल रामनगर चैराहे पर केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग से लेकर बुढ़वल स्टेशन व फतेहपुर मोड़ तक आए दिन जाम की समस्या से राहगीर जूझते है, शाम को तो अक्सर जाम लग जाया करती है। लगभग एक किलोमीटर के दायरे में केसरीपुर क्रॉसिंग से अंदर बाज़ार मार्ग, बुढ़वल चैराहे से बुढ़वल गांव व नगर पंचायत होते हुए टिकैतनगर जाने वाले मार्ग तथा बुढ़वल चैराहे से ही सुढ़ियामऊ फतेहपुर व सीतापुर जाने का मार्ग और बुढ़वल स्टेशन को भी जाने का मार्ग भी पड़ता है जिससे काफी आवागमन होने के कारण आए दिन लंबा जाम लगता है। शुक्रवार को शाम 5 बजे ब्लॉक कार्यालय से फतेहपुर मोड़ तक भीषण जाम लग गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम का मुख्य कारण चैराहे पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण भी बताया जा रहा है। क्षेत्रीय जनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस चैराहे पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके।

## धर्म ही मानव की मर्यादा और संस्कारों का मार्ग दिखाती हैं और राम सनातन धर्म के वाहक: विधायक रमेश सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शाहगंज। सरपतहा थाना क्षेत्र के कटघर गांव में शुक्रवार को राम जानकी मंदिर के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रमेश सिंह ने भगवान राम को सनातन धर्म का वाहक बताया। उन्होंने कहा कि धर्म ही मानव को मर्यादा और संस्कारों का मार्ग दिखाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने जीवन के हर संघर्ष में धर्म और आचरण की मर्यादा का पालन कर समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत किया। हमें भी जीवन में सदैव धर्म, मर्यादा और संस्कारों को महत्व देना चाहिए। शिलान्यास विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समारोह में पहुंचे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि भव्य मंदिर निर्माण से गांव में धार्मिक माहौल और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा मिलेगी।
मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक पन्नालाल मोदनवाल ने जानकारी दी कि पूर्व में यहां प्राचीन राम जानकी मंदिर था, जो समय के साथ जर्जर हो चुका था। समिति ने सर्वसम्मति से नए भव्य मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि नया मुख्य मंदिर लगभग डेढ़ हजार वर्गफीट क्षेत्र में बनाया जाएगा। गर्भगृह में भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। समारोह में अखंडप्रताप सिंह प्रधान हरिश्चंद्र बिंद, राजेश सोनी, बबलू मोदनवाल, प्रमोद सोनी, दिनेश प्रताप सिंह, राम नवल दुबे, अशोक सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने नए मंदिर निर्माण को क्षेत्र के लिए शुभ संकेत बताया।

# बच्चों में खेल प्रतिभाओं की कमी नही: महेश शुक्ल

### कैरम में अर्पिता, बैडमिंटन में सकीना ने मारी बाजी, कबड्डी में एचएमए इण्टर कॉलेज रहा अव्वल

जन एक्सप्रेस। बस्ती



डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बसदेवा कुंवर अमारी बाजार के परिसर में शुक्रवार को स्व. हाजी मोहम्मद अमीन के पुण्य तिथि के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गो सेवा आयोग दर्जा प्राप्त मंत्री महेश शुक्ल और केंद्रीय विद्यालय संगठन के पूर्व प्राचार्य एमडी ओझा ने किया। प्रतियोगिता का समापन विशिष्ट अतिथि हर्रैया नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू और पूर्व प्रमुख योगेंद्र सिंह ने पुरस्कार वितरण के साथ किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहम्मद शहजाद के नेतृत्व में अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण और बैज अलंकरण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि का स्काउट टीम द्वारा संगीत और उत्साह के साथ बैंड, ड्रम और अन्य वाद्य यंत्रों से मधुर धुनें बजाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को नैतिक मूल्यों, आत्म-विश्वास और विपरीत परिस्थितियों से निपटने की सीख देना ज़रूरी है। कहा कि बच्चों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें सही मंच, सुविधाएं और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, जिससे ये प्रतिभाएँ दब जाती हैं, खेलकूद से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन-कौशल विकसित होते हैं, इसलिए स्कूलों में इस तरह की प्रतियोगिताएं लगातार होनी चाहिए ताकि ये छिपी प्रतिभाएँ निखर सकें। प्रतियोगिता बैटमिंटन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम बीएससी नर्सिंग की सकीना प्रथम और एचएमए इण्टर कॉलेज की श्रेनी द्वितीय स्थान पर रहीं। कैरम में बीएससी नर्सिंग की अर्पिता और पलक क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं। रस्सी कूद में बीएससी नर्सिंग की शालू पटेल और अनुप्रिया कुशवाहा क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रही। जैवलिन थ्रो में एचएमए इण्टर कॉलेज के मो. इरफान प्रथम और फार्मेसी कॉलेज के पीयूष पाण्डेय द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में मो. अरमान अंसारी प्रथम और अनुराग द्वितीय स्थान पर रहे। खो-खो बालिका वर्ग में एचएमए इण्टर कॉलेज विजेता और बीएससी नर्सिंग उपविजेता रहा। कबड्डी बालक वर्ग में एचएमए इण्टर कॉलेज विजेता रहा। खेल प्रतियोगिता खेल शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा के निर्देशन में संपन्न हुई। रेफरी की भूमिका में मोहम्मद जमाल, अमितेश सिंह, अमित यादव, विवेक श्रीवास्तव, रमेश चंद्र गुप्ता, दीपक सिंह, सुनील कुमार, राम सिंह रहे। प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक अजय कुमार वर्मा ने किया।
इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष आलम चौधरी, दिवाकर रंजन ओझा, रामसागर, अब्दुल रब, मोहन सिंह, विनीत मिश्र, के एन वर्मा, मोहम्मद शमशाद, रवीश कुमार मिश्र, विवेक कान्त पाण्डेय, मनोज मिश्र, गौरव सिंह, राकेश सिंह, अविनाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# भगवान राम सनातन धर्म के वाहक क्षेत्रीय विधायक



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुइथाकल शुक्रवार को क्षेत्र के कटघर गांव स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर के नवनिर्माण शुभारंभ सत्र में क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि भगवान राम को सनातन धर्म का वाहक कहा। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति के तमाम लोग मौजूद रहे।
उक्त गांव स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर समय के साथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गया था।जिसे देखते हुए उसके जीर्णोद्धार के लिए समिति के लोगों द्वारा लगभग डेढ़ हजार वर्ग फुट में मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को पण्डित दीपक दुबे के पाण्डित्य कर्म के बीच क्षेत्रीय विधायक श्री सिंह के हाथों उक्त मंदिर के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने भगवान राम को सनातन धर्म का वाहक बताते हुए सभी से उनके द्वारा धर्म और मर्यादा के लिए उठाए गए पद चिन्हों पर चलने की अपील किया। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लिए धर्म और मर्यादा का पालन करना आवश्यक है।
इस दौरान प्रधान हरिश्चन्द्र बिंद, राजेश सोनी, बबलू मोदनवाल, प्रमोद सोनी, दिनेश प्रताप सिंह, राम नवल दुबे, अशोक सोनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# केदारनाथ फार्मा से जुड़े व्यक्ति के घर ईडी की छापेमारी, लगातार ईडी की छापेमारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जिले में केदार फार्मा से जुड़े एक व्यक्ति के घर शुक्रवार के दिन ईडी ने छापेमारी की है खबरों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में जहरीली कफ सिरप मिलने के बाद जांच डोने की बात बीते 20 नवंबर को सामने आई थी। केदारनाथ मेडिकल से बीते नवंबर को छापेमारी के दौरान 62 हजार 250 सरप की बोतलें पाई गई थी। जबकि 20 नवंबर को जांच के दौरान जिले के निगम मेडिकल एजेंसीज, ओलंदगंज के मालिक देवेश कुमार दुबे के यहां से 21 हजार तो एसएन मेडिकल एजें मुफ्ती मोहल्ला की मालिक महरून निशा के यहां 18 हजार बोतलें और केदार मेडिकल एजेंन्सी, उदपुर, नौपेडवा के यहां से सबसे अधिक 62 हजार 250 बोटल की प्रतिबंधित सीरप के बेलिंग की बात सामने आई है। इस मामले में बीते कुछ दिनों पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के औषधि निरीक्षक जत कुमार पांडेय 15 फर्मों का नाम सामने आने की बात कह थी। इन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई थी। इस खेल में शामिल शहर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वाचल एसोसिएट के मालिक अंकित कुमार श्रीवास्तव का नाम भी सामने आया था, जिनके फर्म से 4 लाख हजार बोतल की बेलिंग की बात सामने आई थी। शुक्रवार के दिन ईडी की टीम किदार फार्मा से सम्बंधित अमर पाण्डेय नाम के व्यक्ति के घर प छापेमारी की है। प्रदेश के कई जिलों में मौजूद नाम सामने आने के बाद ईडी का लगातार छापेमारी का दौर जारी है।

### मीडिया के प्रति डीएम ने जताया आभार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम दौलतपुर में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन में खेती की बात खेत पर एवं किसान पाठशाला के शुभारंभ कार्यक्रम के सफल एवं उच्च स्तरीय आयोजन पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा मीडिया बन्धुओं के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और उत्कृष्ट रूप से संपन्न कराने में प्रशासन, पुलिस, कृषि विभाग, एवं अन्य सभी ने अत्यंत समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य किया। उनके अथक प्रयासों के कारण यह व्यापक कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका, जो पूरे जिला प्रशासन के लिए गर्व का विषय है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की निर्बाध एवं सुव्यवस्थित कवरेज सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु मीडिया बन्धुओं के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं मीडिया के बीच प्रभावी समन्वय और सहयोग ही जनहित से सम्बंधित जानकारियों के समयबद्ध एवं व्यापक प्रसार को सुनिश्चित करता है, जिससे योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अधिकतम उपयोगिता जनता तक पहुँच पाती है।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को परसरामपुर पुलिस ने दबोचा



जन एक्सप्रेस। बस्ती

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत परसरामपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिम सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष परसरामपुर भानु प्रताप सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी रामवतार खटीक पुत्र श्याम नारायण, निवासी ग्राम नागपुर कुंवर के विरुद्ध मु0अ0सं0 362/2025 धारा 60(1) उ0प्र0 आबकारी व उत्पाद शुल्क अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक झारखंडे पाण्डेय व कांस्टेबल शिव यादव शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### समस्याओं का समाधान होगा तभी शिक्षक देंगे ऑनलाइन हाजिरी: अभिषेक सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को शिक्षकों की प्रमुख मांगों को पूरा किए बिना लागू किए जाने के आदेश को अव्यवहारिक बताया है, उन्होंने कहा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कमेटी का गठन किया गया था उसकी बैठक भी हुई लेकिन शिक्षकों की मूल समस्याओं पर शासन ने ध्यान न देते हुए शिक्षकों का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का आदेश जारी किया है उन्होंने बताया कि शिक्षकों को आकस्मिक अवकाश के अलावा 30 ईएल ,14 हाफ डे सीएल, चिकित्सा सुविधा आदि लागू करने की मांग की है ताकि विपरीत परिस्थितियों में शिक्षक समय से स्कूल न पहुंचे तो इन छुट्टियों का प्रयोग कर सकें। लेकिन अभी तक इन मांगों पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है, ऑनलाइन उपस्थिति हेतु शिक्षकों को कोई समस्या नहीं है परन्तु शिक्षकों की व्यावहारिक मांगो एवं अन्य आवश्यक मांगों पर शीघ्र अतिशीघ्र विचार कर आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

# डायट बस्ती में योग महोत्सव, सभी ब्लॉकों के शिक्षकों ने दिखाया दम

जन एक्सप्रेस। बस्ती



पुरुष वर्ग में विक्रमजोत ब्लॉक के हरीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि बनकटी ब्लॉक के अमित कुमार द्वितीय और कुदरहा ब्लॉक के अजीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के सभी ब्लॉकों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया।
पुरुष वर्ग में विक्रमजोत ब्लॉक के हरीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि बनकटी ब्लॉक के अमित कुमार द्वितीय और कुदरहा ब्लॉक के अजीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे।
वहीं महिला वर्ग में साऊँघाट ब्लॉक की पूनम चौधरी और निवेदिता श्रीवास्तव क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कप्तानगंज ब्लॉक की शिखा त्रिपाठी ने तीसरा स्थान हासिल किया।
योग प्रतियोगिता के मूल्यांकन में डॉ नवीन सिंह, ध्रुव चंद यादव, संध्या त्रिपाठी, शशि आदि निर्णायक के रूप में शामिल रहे। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित कर जीवन में शांति, सकारात्मकता और स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बताया कि योग तनाव व चिंता कम कर शरीर को लचीला, सशक्त और ऊर्जावान बनाता है। नोडल प्रवक्ता अमन सेन द्वारा अष्टांग योग पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता डॉ गोविन्द प्रसाद, डॉ रविनाथ, कल्याण पाण्डेय, अलीउद्दीन खान, कुलदीप चौधरी, वर्षा पटेल, अमन सेन, सरिता चौधरी, वंदना चौधरी, मो. इमरान खान, अनिल चौधरी, नवनीत कुमार सहित अनेक शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एडीओ पंचायत ने किया गांवो का निरीक्षण, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने शुक्रवार को बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के सैदनपुर और परसा गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया और संबंधित सचिवों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रेरणा ऐप और मिड-डे मील की गुणवत्ता भी परखी गई। सैदनपुर विद्यालय में मनोज मिश्रा ने प्रेरणा ऐप और एमडीएम की गुणवत्ता की जांच की। इसके बाद, परसा द्वितीय में भी प्रेरणा ऐप और एमडीएम की गुणवत्ता परखी गई। उन्होंने विद्यालय के सफाईकर्मी को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए और ग्राम सचिव से विकास कार्यों पर चर्चा की। परसा गांव में भारतीय किसान यूनियन द्वारा तहसील में दिए जा रहे धरने में नाली निर्माण की मांग उठाई गई थी। सहायक विकास अधिकारी ने इस मांग पर स्थलीय निरीक्षण किया और ग्राम सचिव से बात की। उन्होंने बताया कि नाली निर्माण कार्य का प्रस्ताव बनवाकर उसे मनरेगा योजना में शामिल कर लिया गया है।

### एक मुश्त समाधान योजना का उपभोक्ता उठायें लाभ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। एक मुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत विभाग द्वारा कस्बों व गांवों में शिविर लगाकर बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में भारी छूट दी जा रही हैं। ज्ञात हो सरकार द्वारा 1 दिसंबर से लागू की गई ओटीएस योजना के तहत बकायेदार विद्युत उपभोक्ता अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर इस योजना का लाभ ले सकते है। बकाऐदार विद्युत उपभोक्ताओं को पूरे ब्याज माफी के साथ 25 प्रतिशत मूलधन में भी छूट दी जा रही है। योजना का पहला चरण 21 दिसंबर तक चलेगा। जिसके तहत विद्युत उपखंड रामनगर के अधिकारी व कर्मचारी कस्बा गांवों में कैंप लगाकर बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन करके योजना का पूरा लाभ दे रहे हैं। इस योजना के तहत बीती 30 नवम्बर के बाद के बकायेदार इसका लाभ उठा सकते हैं। यही नही विद्युत चोरी के मामले में हुए जुर्माने की रकम में भी 50 प्रतिशत की भारी छूट मिल रही है। अधिशासी अभियंता हरिपाल सिंह ने बताया कि पहले चरण में उपभोक्ताओं को ब्याज के साथ-साथ मूलधन में भारी छूट दी जा रही है 21 दिसंबर को पहले चरण की समाप्ति होगी इसलिए उपभोक्ताओं से अपील है कि वह अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर योजना का पूरा लाभ उठाएं।

### त्रिशताब्दी जन्मोत्सव वर्ष का बैजनाथ ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। शुक्रवार को ननका चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सेठ जगदेव मेमोरियल सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज इसरौली सेठ, भानमऊ में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद सिंह मोनी ने की। कार्यक्रम की प्रस्तुति अवधी लोक समूह समिति अयोध्या के 50 कलाकारों के द्वारा की गई। कार्यक्रम में महावीरांगना अहिल्या बाई होलकर जी के बाल्य जीवन से लेकर सभी संघर्षों एवं उनके योगदान का विस्तृत नाटकीय मंचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आनंद मोनी ने कहा कि हम अपने वीरों की शहादतों को भूल रहे है जिनके संघर्षों के बाद हम आज स्वतंत्र जीवन व्यतीत कर रहे है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तथा प्रधानाचार्य आनंद वर्मा सहित समस्त जनमानस सहित तक़रीबन 2 हजार लोग उपस्थित रहे।

### 14 को होगी शिक्षणेत्तर संघ की बैठक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की बैठक डीएवी उ.मा.विद्यालय दयानन्दनगर में रविवार को अयोजित होगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ इकाई जिलाध्यक्ष नीरज पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संगठन के प्रदेश मंत्री शिव कैलाश सोनी के नेतृत्व में 14 दिसम्बर को समय 11 बजे डी.ए.वी उ.मा. विद्यालय दयानन्दनगर में आयोजित की गई है।

# गन्ना किसानों को 2.92 लाख करोड़ का अब तक का हुआ रिकॉर्ड भुगतान: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दौलतपुर गांव में पद्मश्री किसान राम सरन वर्मा के फार्म पर आयोजित किसान पाठशाला के आठवें संस्करण का शुभारम्भ किया। हजारों किसानों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में खेती का भविष्य सचिवालय के कमरों में नहीं, बल्कि खेतों की मिट्टी में लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले खेती की योजनाएं फाइलों में ही सिमटी रहती थीं। अधिकारी सचिवालय में बैठकर कृषि नीति तैयार करते थे। लेकिन हमारी सरकार खेत में उतरकर किसानों की समस्या समझती है, और खेती की बात किसान के खेत पर ही होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज, खाद, सिंचाई और बाजारकृइन सभी क्षेत्रों में से बिचैलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। किसान को अब उसकी फसल का सही दाम बिना देरी और बिना कटौती के मिल रहा है। किसान जिन सुविधाओं के लिए पहले महीनों चक्कर काटता था, वह अब उसके घर तक पहुंच रही हैं। किसानों की आय दोगुनी हो चुकी है, और आने वाले समय में तीन गुना होने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार ने सिंचाई प्रणाली का आधुनिकीकरण किया है, किसानों को बड़े पैमाने पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए हैं, और बेहतर तकनीक को खेत-खेत तक पहुंचाया है। ÷उत्तर प्रदेश में आज कृषि तकनीक का वह विस्तार हो रहा है, जिसकी कल्पना दशकों तक नहीं की गई थी। मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश देश के कुल गन्ना उत्पादन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। गन्ना किसानों के भुगतान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2 लाख 92 हजार करोड़ रुपये का रिकॉर्ड भुगतान किया है। यह आंकड़ा किसानों के सम्मान, मेहनत और उनकी कमाई की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बाराबंकी पूरे पूर्वांचल का प्रवेश द्वार है और आज यह जिला कृषि नवाचार और तकनीकी मॉडल का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 79 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों से किसानों को मिट्टी परीक्षण, फसल चयन, कीट प्रबंधन और बेहतर खेती के वैज्ञानिक तरीके बताए जा रहे हैं। खेत की मिट्टी किस फसल के लिए उपयुक्त है, यह जानकारी मिलने के बाद किसान कम खर्च में ज्यादा कमाई कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे प्रेरक उदाहरण पद्मश्री रामशरण वर्मा हैं। 32 वर्ष पहले 6 एकड़ से खेती शुरू करने वाले राम सरन वर्मा आज 275 एकड़ में वैज्ञानिक और सहकारिता आधारित कृषि का मॉडल तैयार कर चुके हैं। वे केला, टमाटर, आलू, तरबूज, खरबूजा, मेंथा और गेहूं सहित अनेक फसलों की उन्नत खेती कर रहे हैं। टिश्यू कल्चर केले की तकनीक ने पूरे प्रदेश में हजारों किसानों को नई दिशा दी है। श्री वर्मा ने बताया कि टमाटर की खेती में 60 हजार रुपये की लागत पर 2 से ढाई लाख रुपये तक लाभ मिलना संभव हुआ है। छोटे किसान जो पहले 20-25 हजार रुपये सालाना कमाते थे, अब डेढ़ से दो लाख रुपये कमा रहे हैं।÷ श्री वर्मा वर्षभर में 30 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने में सक्षम हैं। वर्ष 2020 में योगी सरकार की अनुशंसा पर केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा था। इस मौके पर कैबिनेट कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, ईफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी, प्रभारी मंत्री सुरेश राही, राज्य मंत्री खाद एवं रसद सतीश शर्मा, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, राज्यमंत्री कृषि बलदेव सिंह औलख, एससी एसटी अयोग अध्यक्ष अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा उर्फ भुल्लन, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, विधायक आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के., एडीएम निरंकार सिंह।

# बर्फबारी का मजा लूटना चाहते हैं तो, पटनीटॉप हैं आपके लिए पर्फेक्ट



पटनीटॉप-सनासर (जम्मू कश्मीर)। चारों ओर बिछी हुई बर्फ की सफेद चादर, देवदार तथा चीड़ के पेड़ों से गिरते बर्फ के टुकड़े सच में यहां आने वालों को नई दुनिया का आभास देते हैं। जिधर नजर दौड़ाएं, बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और उस पर दिखते हैं बर्फ के खेलों का आनंद उठाते हुए लोग, जो देश के विभिन्न भागों से आए थे। यह है पटनीटॉप का प्रसिद्ध और मनमोहक पर्यटन स्थल जहां सिर्फ गर्मियां ही नहीं बल्कि सर्दियां भी मनोहारी होती हैं।

जम्मू से 108 किमी दूर पटनीटॉप का रमणीय और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल समुद्रतल से 6400 फुट की ऊंचाई पर है। लंबे लंबे चीड़ और देवदार के पेड़ हर उस शख्स को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं जो प्रकृतिप्रेमी हैं। साल भर इसकी खूबसूरत ढलानों पर जमी रहने वाली बर्फ भी पर्यटकों को अपनी ओर खींच लेने की शक्ति रखती है।

जम्मू पर्यटन विभाग पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का मजा आने वाले पर्यटकों को देने के लिए अगले कुछ दिनों में 'स्कीइंग फैस्टिवल' आयोजित करने जा रहा है। जम्मू क्षेत्र में यह अपने किस्म का वार्षिक स्कीइंग फेस्टिवल होता है जिसमें पर्यटकों को स्कीइंग तो सिखाई ही जाती है और साथ ही पर्यटक बर्फ के खेलों का आनंद भी लूटते हैं।

जब कश्मीर में आतंकी घटनाओं ने देश-विदेश के पर्यटकों को गुलमर्ग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल से मुख मोड़ने पर विवश किया तो उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश के बर्फीले क्षेत्र बर्फ के खेलों के विकल्प के रूप में उभर कर सामने आए थे। अब जम्मू क्षेत्र के 'पहलगाम' के रूप में जाने जाना वाला पटनीटॉप नए और महत्वपूर्ण बर्फ के पर्यटन स्थल के रूप में पूरी तरह से उभर चुका है।


पहलगाम के उपरांत पटनीटॉप को स्कीइंग स्थल के रूप में ख्याति प्राप्त करवाने में पर्यटन विभाग के जम्मू विंग का अच्छा खासा सहयोग रहा है। विभाग की मेहनत ही है कि आज पटनीटॉप में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करने वालों की भीड़ लगी रहती है। स्कीइंग के लिए तो पटनीटॉप की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बनी छोटी और बड़ी स्लोपों के साथ ही पटनीटॉप के साथ लगते नथाटाप क्षेत्र को भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जो आप ही खूबसूरती की एक मिसाल है। पर्यटन विभाग की ओर से अन्य स्लोपों की तलाश तथा उनका विकास किया जा रहा है ताकि स्कीइंग के लिए आने वालों की भीड़ से निपटा जा सके।

आने वाले सभी लोगों को बर्फ के खेलों का आनंद उठाने का अवसर उपलब्ध नहीं हो पाता क्योंकि स्कीइंग साल में सिर्फ सर्दियों के अढ़ाई महीनों में ही होती है। हिमाचल में यह सिर्फ दो महीने होती है पर पटनीटॉप व नत्थाटाप में यह कभी-कभी 3 महीनों तक होती रहती है क्योंकि बर्फ पिघलती नहीं है।

ऐसा भी नहीं है कि स्कीइंग न कर पाने वालों को पटनीटॉप आकर निराश होना पड़ता हो बल्कि कई बार लोग बर्फ पर फिसलने वाली लकड़ी की स्लेज का मजा लूटते हैं। कुछ लोग बर्फ के पुतले बना बर्फ के अन्य खेलों में लिप्त होते हैं। यह सब कुछ साल के सिर्फ अढ़ाई महीनों के दौरान ही इसलिए होता है क्योंकि बर्फ इसी दौरान रहती है और गर्मियों में पटनीटॉप आने वाले इन नजारों तथा अनुभवों से वंचित रहते हैं।

गर्मियों में आने वालों को निराशा होती हो ऐसा भी नहीं है क्योंकि गर्मियों में पटनीटॉप आने का अपना ही अलग लुत्फ है जो कश्मीर के मुकाबले का है। ऐसा इसलिए है क्योंकि समुद्रतल से जितनी ऊंचाई पर पटनीटॉप स्थित है उससे कम ऊंचाई पर श्रीनगर शहर है।

कश्मीर का मुकाबला करने वाले इस अनछुए पर्यटनस्थल पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का एक रोचक पहलू यह है कि इसका आनंद उठाने वालों में अधिकतर वे लोग हैं जो पटनीटॉप से करीब अढ़ाई घंटों की यात्रा की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल माता वैष्णो देवी की गुफा के दर्शनार्थ आते हैं। आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार पटनीटॉप आने वाले पर्यटकों में 80 प्रतिशत वैष्णो देवी के तीर्थयात्री ही हैं।



# सबसे आकर्षक और बेहद खूबसूरत होती हैं इन जगहों की शाम

सुबह और शाम दिन के दो ऐसे प्रहर होते हैं, जब हमें जिंदगी के प्रति एक अलग सा लगाव महसूस होता है। हम में से कई लोग अपनी शाम पहाड़ो के बीच तो कोई नदी किनारे बीताना पसंद करता हैं। हममें से ज्यादातर लोग इन पलों को सुकून से प्रकृति के बीच महसूस करना चाहते हैं। आइए, आज उन चुनिंदा जगहों के बारे में जानते हैं, जहां की शाम बेइंतहा खूबसूरत होती है। हैं कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां पर आप अपनी शाम बीता सकते हैं और वाकइ में इन जगहों की शाम का नाज़ारा काफी सुंदर और देखने लायक होता हैं। तो आई जानते हैं इन जगहों के बारे में -

**बनारस** - वाराणसी शहर में लोग आध्यात्मिक उपचार की तलाश में आते हैं और गंगा यहां सबसे सुंदर अनुभव प्रदान करती है। गंगा नदी के किनारे बैठे उगते सूरज का नजारा आपको गदगद कर देगा। अगर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं तो नाव की सवारी भी कर सकते हैं। वैसे वाराणसी को महाकाल की नगरी भी कहा जाता है। यहां विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित है।

**राधानगर बीच, अंडमान** - अंडमान में स्थित हैवलॉक द्वीप की शाम बहुत ही खूबसूरत होती है। यह सनसेट प्वाइंट प्राकृतिक सौंदर्य के कारण दुनियाभर में लोकप्रिय है। हैवलॉक द्वीप हनीमून के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। पूरे एशिया में सबसे बेस्ट सनसेट प्वाइंट माना जाता है। यहां पर जाने का सही समय अक्टूबर से अप्रेल के बीच का हैं।

**टाइगर हिल** - यह सूर्योदय देखने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। दार्जिलिंग आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण रहता है। टाइगर हिल राजसी माउंट कंचनजंगा, और प्रतिष्ठित माउंट एवरेस्ट के मनोहारी दृश्य भी दिखाती है। अपनी शाम को यादगार बनाने के लिए यहां से अच्छी जगह और कोई नहीं हैं। दार्जलिंग जाने वाले पर्यटकों के लिए यह एक बहुत बड़ा आकर्षण हैं।

**नंदी हिल्स** - यहां पर आप वादियों के बीच लाल रंग के आसमान का लुत्फ उठा सकते हैं। अगर आपको एकांत पसंद करने वाले व्यक्ति हैं तो यह जगह आपके लिए एकदम सही हैं। अगर आप यहां जाना चाहते हैं तो आप उसके लिए अक्टूबर से जून में जा सकते हैं।

**उमियम लेक** - भारत के उत्तर पूर्व में स्थित यह झील सबसे शानदार स्थानों में से एक है। यह शिलांग से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। जैसे ही सूरज उगता है और पहली किरणें झील के पानी को छूती हैं, आपको एहसास होगा कि आप किसी और दुनिया में आ गए हों।



# नए साल पर इन जगहों पर घूमें, बजट भी नहीं बिगड़ेगा

नए साल का स्वागत करने के लिए अधिकतर लोग घूमने का प्लान बनाते हैं। लेकिन साथ ही उनके मन में यह भी होता है कि नए साल का स्वागत करने के चक्कर में कहीं उनका बजट ना बिगड़ जाए। कई बार तो लोग इस वजह से अपने घूमने का प्लान भी कैंसिल कर देते हैं। अगर आपको भी लगता है कि नए साल में घूमने पर आपका बजट बिगड़ जाएगा तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको ऐसी कुछ जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां आप बजट में रहते हुए नए साल का स्वागत कर सकते हैं...

**गोवा**

नए साल पर घूमने की बात हो और गोवा का नाम ना आए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। वैसे तो आप गोवा कभी भी घूमने जा सकते हैं, लेकिन नए साल का जश्न गोवा में एक बेहद ही अलग तरह से मनाया जाता है। अगर आप यहां गए हैं तो बोहेमियन बीच पार्टी से लेकर नाइट क्लब इवेंट्स में जाएं। दिसंबर के आखिरी दिनों में गोवा में पार्टी का दौर चालू रहता है, ऐसे में आप यहां जमकर मस्ती कर सकते हैं। अगर आप गोवा में न्यू ईयर सेलिब्रेशन करने का मन बना रहे हैं, तो टीटो क्लब, मैम्बो कैफे व बोट क्रूज पार्टी को एन्जॉय करें। अगर आप पहले से ही पैकेज बुक करवाते हैं तो आपको हर व्यक्ति का लगभग पांच से सात हजार रूपए खर्च आएगा।

**ऊटी**

अगर आप शोर-शराबे से दूर एक शांत जगह पर रहकर नए साल का स्वागत करना चाहते हैं तो आपको ऊटी जाना चाहिए। आप यहां पर आकर टी फैक्टी और म्यूजियम, बोटिंग, बोटेनिकल गार्डन में जाएं। साथ ही नए साल की फील लेने के लिए आप सड़कों पर निकल जाएं। वहां पर आतिशबाजी का माहौल देखकर आपके मन को यकीनन काफी अच्छा लगेगा। अगर आप यहां जा रहे हैं तो आपका खर्च सात से आठ हजार रूपए प्रति व्यक्ति आएगा।

**पांडिचेरी**

समुद्र तटों पर बाइक चलाने से लेकर छत पर बने कैफे में घूमने तक पॉन्डिचेरी आपको नए साल में एक अलग ही अनुभव महसूस कराएगा। खासतौर से, अगर आपका बजट काफी कम है और आप किसी बेहतरीन जगह पर घूमना चाहते हैं तो पांडिचेरी यकीनन आपकी जरूरत को पूरा करेगा। अगर आप वहां जा रहे हैं तो श्री अरबिंदो आश्रम, प्रोमेनेड बीच, हेरिटेज वॉक, विइट फेंच कॉलोनी जाएं। यहां पर आपका प्रति व्यक्ति खर्च लगभग चार से पांच हजार आएगा।



# आप भी हैं कैंपिंग के शौकीन तो जरूर जाएं इन बेहतरीन जगहों पर

क्या आपको हैं कैंपिंग करने का शौक और आप खोज रहे हैं कोई ऐसी जगह जगहां पर आप आराम से और शांत वातावरण में कैंपिंग कर पाएं तो आज हम आपके लिए लाएं है कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां पर आप आराम से और शांत वातावरण में कैंपिंग कर सकते हैं। नेश्नल पार्क से प्राइवेट ग्राउंड तक यह हैं कुछ बहुत ही बेहतर जगह कैंपिंग करने के लिए। तो आईए जानते हैं इन जगहों के बारे में -

अलास्का-यह सबसे मशहूर और सबसे बेहतरीन कैंपिंग ग्राउंड्स में से एक हैं। यह जगह अलास्का के कूपर लैंडिंग में स्थित हैं। यह तीन कैंपसाइट लूप प्रदान करता है, जिनमें से एक झील पर है। यह वन्यजीवों के अवलोकन के लिए एक आदर्श स्थल है, जिसमें लायनक्स, भालू, गिलहरी और लॉन शामिल हैं। यहां पर जाने का सही समय मई से सितंबर का हैं।

अरिज़ोना-ग्रैंड कैन्यन-यह एक ऐसी कैंपिंग साइट हैं जो कि यहां के पर्यटकों के बीच काफी मशहूर हैं। यहां पर हर साल कई पर्यटक कैंपिंग करने आते हैं। रात के समय यहां का नज़ारा देखने लायक होता हैं। अगर आप यहां पर कैंपिंग का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो मार्च से मई और सितंबर से नवंबर आपके लिए एकदम सही समय हैं।

अर्कांसस-पेटिट जीन स्टेट पार्क-यह पार्क अर्कांसस का पहला स्टेट पार्क हैं। यह जगह अपने पर्यटकों के 125 कैंपिंग साइट्स प्रदान करती हैं। यह जगह परिवार के साथ जाने के लिए काफी अच्छी हैं। यहां पर आपको मछली पकड़ना, स्विमिंग पूल, प्लेगाउंड, टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट और वॉटर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां उपलब्ध कराई जाती हैं। यहां पर और भी कई खूबसूरत जगह भी हैं। यहां पर जाने का सही समय अक्टूबर से नवंबर क बीच का हैं।

कैलिफोर्निया-योसेमाइट नेशनल पार्क-वैसे तो कैलिफोर्निया में घूमने के लिए कई सारे नेश्नल पार्क्सहैं लेकिन यह पार्क कैलिफोर्निया का सबसे मशहूर पीर्क हैं। बता दें कि इस पार्क को यूनेस्कों की सूची में भी शामिल किया गया हैं। यहां पर आपकोसिकोइया के पेड़ और झरनों क बीच अपना समय बीताने का मौका मिलेगा। आपको यहां पर कैंपिंग करने के लिए पहले से ही रिसर्वेशन करना हेगा। अगर आप यहां पर कैंपिंग करने जाना चाहते हैं तो आपको मई से अक्टूबर और नवंबर से दिसंबर क बीच जाना चाहिए।

मिनेसोटा-स्प्लिट रॉक लाइटहाउस स्टेट पार्क-यहां पर आपको काफी सारे पर्यटक मिल जाएंगे यह कैंपिंग करने वाले पर्यटकों के लिए एक बहुत ही पसंदीदा स्थल हैं। इसलिए अगर आप यहां पर कैंपिंग के लिए जाना चाहते हैं तो आप अपने लिए पहले से ही रिसर्वेशन कर लें। यहां कई पर्यटक कैंपिंग के साथ साथ हाइकिंग और फिशिंग भी करने आते हैं। यहां पर जाने का सही समय जून से अगस्त के बीच का हैं।



# सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान बनाएः राहुल

## रिजिजू बोले, हम संसद में चर्चा को तैयार, अनुराग ठाकुर बोले, तमिलनाडु सरकार सनातन धर्म विरोधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 'हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं।' राहुल ने कहा, 'यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और हमारे बीच इस मामले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के कारण देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।' इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार ने पहले दिन से ही अपना रुख साफ कर दिया था कि हम सभी अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। सरकार कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टी के नेताओं से सुझाव लेने के लिए भी तैयार है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु में दीपक जलाने की मांग पर हिंदुओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। उन्होंने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बन गया है। उनके मंत्री सनातन धर्म के विरुद्ध बयान देते हैं।



### एविएशन मिनिस्टर बोले, हमने जरूरत पड़ने पर फ्लाइट्स के किराए पर लिमिट लगाई

लोकसभा में विमानों के किराए पर बोलते हुए सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा- महाकुंभ के समय हमने देखा कि पूरे देश और देश के बाहर के लोग प्रयागराज की यात्रा करना चाहते थे। उस समय रूट पर फ्लाइट्स की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई थीं। ऐसे में सरकार ने प्रयागराज जाने वाली सभी फ्लाइट्स के किराए पर लिमिट लगा दी। साथ ही फ्लाइट्स की संख्या भी बढ़ा दी। पहलगाम हमले के बाद भी सरकार ने अपने स्पेशल पावर्स का इस्तेमाल करके ऐसा ही किया था। आगे कहा कि जरूरत पड़ने पर हवाई किराए पर सीमा लगानी होगी, हमने एयरलाइंस को इस बारे में बता दिया है। लेकिन पूरे साल हवाई किराए पर सीमा लगाना संभव नहीं है। तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के आरोपों के बीच लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने भाजपा सांसद के आरोपों का विरोध किया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है।

### अनुराग ठाकुर बोले, तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बना

लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु में दीपक जलाने की मांग करने को लेकर हिंदुओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बन गया है। उनके मंत्री सनातन धर्म के विरुद्ध बयान देते हैं। जब प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के लिए अपने कर्तव्य निभाए, तब भी उन्होंने इसका विरोध किया। भाजपा सांसद ने कहा- अभी भी, मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने तिरुप्परनकुंड्रम पहाड़ी पर कार्तिकेय दीपम का दीपक जलाने के अपने आदेश की अनदेखी करने के लिए सरकार की आलोचना की है। अदालत के निर्देशों के बावजूद श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज किया गया। यह स्पष्ट रूप से उल्लंघन और अवमानना है। राज्य में हिंदुओं के साथ इस तरह का भेदभाव क्यों किया जा रहा है?'

### राहुल बोले, एकदूसरे पर दोषारोपण के बजाय, जनता के बारे में बात करते हैं

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा- मुझे लगता है कि बेहतर होगा कि हम चर्चा को इस बात पर केंद्रित न करें कि हम क्या नहीं कर पाए और आप क्या नहीं कर पाए, बल्कि सीधे इस बात पर ध्यान दें कि हम भविष्य में भारत की जनता के लिए क्या करने जा रहे हैं, हमें कौन से कदम उठाने होंगे। राहुल ने कहा- मेरा मानना है कि हम एक-दूसरे पर दोषारोपण करने के बजाय, इस एक मुद्दे पर (प्रदूषण), जिस पर हम सहमत हैं, कोई असहमति नहीं है, चर्चा करें। चलिए, भारत की जनता के भविष्य के बारे में बात करते हैं।

### राहुल बोले, लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे


राहुल ने कहा, 'हमारे ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चादर के नीचे जी रहे हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। उनका भविष्य नष्ट हो रहा है। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। यह एक अहम मुद्दा है। मुझे यकीन है कि इस मामले पर चर्चा के लिए सरकार और हमारे बीच पूर्ण सहमति होगी। राहुल ने आगे कहा, 'यह कोई वैचारिक मुद्दा नहीं है। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि वायु प्रदूषण और इससे हमारे लोगों को होने वाला नुकसान ऐसी चीज है जिसपर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।'

# पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन

- इंदिरा-राजीव के भरोसेमंद थे, मुंबई हमले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दिया था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लातूर**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। हालांकि मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी हमलों के दौरान उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। देश में इतने बड़े संकट के बावजूद शिवराज ने एक ही दिन में कई बार ड्रेस बदली। इसके लिए उनकी आलोचना हुई।



### पीएम ने लिखा, समाज की भलाई में योगदान देने हमेशा तैयार रहते थे पाटिल

पीएम मोदी ने शिवराज पाटिल के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है- शिवराज पाटिल जी के गुजर जाने से दुख हुआ। वे एक अनुभवी नेता थे, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में एमएलए, एमपी केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर और लोकसभा के तौर पर काम किया। वे समाज की भलाई में योगदान देने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। पिछले कुछ सालों में मेरी उनसे कई बार बातचीत हुई, सबसे हाल की मुलाकात तब हुई जब वे कुछ महीने पहले मेरे घर आए थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

### पाटिल का राजनीतिक सफर...

12 अक्टूबर 1935 को जन्मे पाटिल ने 1966 और 1970 के बीच लातूर म्युनिसिपैलिटी के प्रेसिडेंट के तौर पर अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। बाद में दो बार एमएलए चुने गए। 1977 से 1979 के बीच उन्होंने महाराष्ट्र असेंबली में डिप्टी स्पीकर और स्पीकर समेत कई अहम पद संभाले। वे राज्यसभा के सदस्य भी थे। पंजाब के गवर्नर थे और 2010 से 2015 तक केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के एडमिनिस्ट्रेटर भी रहे।

### बायोग्राफी में नहीं किया था मुंबई हमले का जिक्र

शिवराज पाटिल ने अपनी बायोग्राफी ओडिसी ऑफ माय लाइफ में मुंबई हमलों का जिक्र नहीं किया था। बायोग्राफी के होम मिनिस्टर चैप्टर में उन्होंने गृह मंत्रालय के काम और शक्तियों, केंद्र-राज्य संबंधों, आतंकवाद और नक्सलवाद की व्याख्या की थी। लेकिन उन्होंने मुंबई पर हुए आतंकी हमले का कोई जिक्र नहीं किया। 26/11 हमलों की रात तीन अलग-अलग सूट में दिखने के कारण पाटिल को आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि अपना बचाव करते हुए उन्होंने कहा था कि लोगों को पॉलिसी की आलोचना करनी चाहिए, कपड़ों की नहीं।

### गीता की तुलना कुरान से की थी...

शिवराज पाटिल ने गीता और कुरान की तुलना करते हुए एक विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था- जिहाद न केवल इस्लाम में, बल्कि भगवद् गीता और ईसाई धर्म में भी था। पाटिल ने कहा था कि गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन से जिहाद की बात कही है। 2022 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई की बायोग्राफी के विमोचन के दौरान में शिवराज पाटिल ने कहा था-सिर्फ कुरान में ही नहीं, गीता के हिस्से में श्री कृष्ण भी अर्जुन से जिहाद की बात करते हैं। यह बात सिर्फ कुरान या गीता में नहीं बल्कि ईसाई धर्म में भी है। ईसाइयों ने भी लिखा है कि वे सिर्फ शांति स्थापित करने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि साथ में तलवारें भी लाए हैं।

# गाज़ियाबाद के अंकुर विहार में किशोर की गोली मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस। गाज़ियाबाद**

अंकुर विहार कॉलोनी से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। 18 वर्षीय एक किशोर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक अपने दोस्तों के साथ कॉलोनी के बाहर हुक्का पीने गया था। इसी दौरान अचानक कुछ बाइक सवार हमलावर वहां पहुंचे और बिना किसी विवाद के किशोर पर फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने उस पर दो गोलियां चलाई, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही किशोर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों



ने तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है और स्थानीय लोग गहरी चिंता में हैं। परिवार का आरोप है कि किशोर को पहले से धमकियाँ मिल रही थीं, हालांकि पुलिस ने इन दावों की अभी पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और हमलावरों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का कहना है कि मामला आपसी रंजिश, किसी झगड़े या अचानक हुई कहासुनी का परिणाम हो सकता है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# मद्रास हाईकोर्ट में कुछ तो गड़बड़: सुप्रीम कोर्ट

- करूर भगदड़ पर एसआईटी कैसे बनाई, ये तो मदुरै बेंच के अधिकार क्षेत्र का मामला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

करूर भगदड़ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट पर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट में कुछ सही नहीं हो रहा है, कुछ तो गड़बड़ है। मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच के क्षेत्र में आता है, यह समझना जरूरी है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि टीवीके पार्टी की याचिका सिर्फ एसओपी तय करने के लिए थी, फिर ये आदेश क्यों दे दिया। तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की 27 सितंबर को रैली के दौरान भगदड़ मची थी। रैली में आई भीड़ अचानक बेकाबू हो गई थी जिसमे कुल 41 लोगों की मौत हो गई थी।

### ये मामला क्या है?

करूर भगदड़ मामले की मद्रास हाईकोर्ट और उसकी मदुरै बेंच में एक साथ सुनवाई चल रही है। 3 अक्टूबर को मद्रास हाईकोर्ट ने टीवीके पार्टी की एसओपी बनाने की याचिका पर



एसआईटी बनाने का फैसला दिया था। उसी दिन यानी 3 अक्टूबर को मदुरै बेंच ने पीड़ित परिवार की याचिका पर एसआईटी बनाने के आदेश को खारिज कर दिया था। इस तरह, दोनों बेंचों के फैसलों में टकराव था। इसके बाद टीवीके पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी।

### 'करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी'

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में 13 अक्टूबर को अपने निर्देश को बदलने से इनकार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस महेश्वरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो।'

### 'सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए'

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। बेंच ने कहा था- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवास नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितंबर की रैली को कैसे इजाजत दी गई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। दरअसल, 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी। 100 से ज्यादा लोग घायल थे।

# एक व्यक्ति की जनगणना पर 97 रुपए खर्च आएगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

- केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए, पहली बार डिजिटली होगा सेंसस

देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे। दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।

### कोपरा के लिए एमएसपी तय

इसके अलावा कैबिनेट ने कोलसेतु विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है। सरकार ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के मिनिमम सपोर्ट प्राइस को मंजूरी दी। 2026 सीजन के लिए फेयर एवरेज क्वालिटी मिलिंग कोपरा के लिए एमएसपी 12,027 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 2026 सीजन के लिए एमएसपी में पिछले सीजन के मुकाबले मिलिंग कोपरा (सूखे नारियल का गोला) के लिए 445 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने मार्केटिंग सीजन 2014 के लिए मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के लिए एमएसपी को 5,250 रुपए प्रति क्विंटल और 5,500 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाए हैं।



### इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई 100% होगी

केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की लिमिट 100% करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74% था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसंबर को खत्म हो रहा है।

### सरकार मनरेगा का नाम बदलेगी

केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है।

### जनगणना 2027 की प्रमुख बातें...

जनगणना जिस एप से की जाएगी उसमें प्री-कोडेड ड्रॉपडाउन मैन्यू है। जवाब सेट हैं। जानकारी उसी में दर्ज होगी। एप में दर्ज डेटा सीधे बैक हैंड सिस्टम में जाएगा। इससे बाद में मैनुअल कंपाइलेशन की जरूरत नहीं। एप में इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिक्गनिशन तकनीक है जो हाथ लिखी या अधूरे वाक्य को पढ़ लेगी। पहली डिजिटल, पेपरलेस जनगणना आधार नंबर देने का विकल्प भाषा-शिक्षा, डिजिटल एक्सेस डेटा हर घर का GPS-आधारित डिजिटल रिकॉर्ड महिलाओं के शिक्षा-रोजगार का डेटा

# इंडिगो पर एक्शन, 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

- डीजीसीए की एयरलाइन सीईओ से दूसरे दिन पूछताछ, बेंगलुरु एयरपोर्ट से 54 फ्लाइट कैंसिल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में फ्लाइट कैंसिल को लेकर जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इधर इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स आज लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश होंगे। इससे पहले गुरुवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल-जवाब किए गए। वहीं बेंगलुरु एयरपोर्ट से शुक्रवार को इंडिगो की 54 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें 31 आने वाली (अराइवल) और 23 जाने वाली (डिपार्चर) फ्लाइट शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई थीं।

### गोपीनाथ बोले, इंडिगो संकट ओवरकॉन्फिडेंस का नतीजा

इस बीच, देश में कम किराए वाली विमान सेवा शुरू करने वाले कैप्टन गोपीनाथ ने कहा कि इंडिगो संकट शायद इसलिए बढ़ा, क्योंकि एयरलाइन संचालकों में घमंड और ओवरकॉन्फिडेंस आ गया था। इसलिए एयरलाइन हालात नहीं समझ पाई।

### कौन हैं कैप्टन गोपीनाथ

कैप्टन आर. गोपीनाथ 2003 में एयर डेक्कन लेकर आए थे। उन्होंने ही भारत में कम लागत वाली एयरलाइन मॉडल की शुरुआत की थी। एयर डेक्कन ने एटीआर टर्बोप्रॉप विमानों के साथ ऑपरेशन शुरू किया था। हालांकि एयरलाइन के घाटे में जाने के बाद निवेशकों के दबाव में 2008 में उन्हें एयर डेक्कन को विजय माल्या को बेचना पड़ा। माल्या ने इसे किंगफिशर नाम दिया। गोपीनाथ ने एयर डेक्कन को बर्बाद करने के लिए इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को दोषी ठहराया है। गुरुवार को दिल्ली और बैंगलोर एयरपोर्ट पर 200+ फ्लाइट कैंसिल हुई। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने एयरलाइन को जो आम तौर पर करीब 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है, अपने विंटर शेड्यूल को 10 परसेंट कम करने का भी निर्देश दिया है।

### गोपीनाथ के बयान की बड़ी बातें ...

- 1 नवंबर से लागू हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों के दूसरे फेज को लागू करने में सही प्लानिंग की कमी ही 2 दिसंबर से शुरू हुए संकट का कारण है।
- नए नियमों के साथ, एयरलाइन के पास अपनी फ्लाइट्स ऑपरेट करने के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट नहीं थे।
- जब बॉटम लाइन, रेवेन्यू और प्रॉफिट में ग्रोथ और स्टॉक मार्केट पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है तो ऐसा होता है कि वे पायलट और दूसरे स्टाफ की बात सुनना बंद कर देते हैं।
- इंडिगो ने टिकट बेचने से पहले फ्लाइट्स की संख्या कम कर दी होती, तो सब कुछ ठीक होता।
- डीजीसीए को पूरी तरह से एक इंडिपेंडेंट रेगुलेटर होना चाहिए और इसमें कोई भाई-भतीजावाद और कोई पॉलिटिकल असर नहीं होना चाहिए।

# गोवा अग्निकांड: क्लब मालिकों को भारत लाया जा रहा

- बैंकॉक में भारतीय एजेंसियों के हवाले किए जाएंगे, पूरी प्रॉसेस में 4 दिन लगेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गोवा के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसंबर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। इधर, लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौरभ और गौरव, बर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं, जिनमें कई सिर्फ कागज पर मौजूद हैं। ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते (2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नार्थ वेस्ट दिल्ली) पर रजिस्टर्ड हैं।

### लूथरा ब्रदर्स ने आग लगने के समय थाईलैंड के टिकट बुक किए थे

जांच एजेंसियों के मुताबिक, सौरभ और गौरव लूथरा ने थाईलैंड के लिए फ्लाइट टिकट उस समय बुक किए, जब गोवा में उनके नाइट क्लब में फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने और फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि लूथरा भाइयों ने 6 दिसंबर की रात 1:17 बजे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी की वेबसाइट पर लॉग इन किया था। दोनों सुबह 5:30 बजे इंडिगो फ्लाइट 6ई 1073 से दिल्ली से फुकेट के लिए रवाना हो गए। गोवा पुलिस ने विदेश मंत्रालय और सीबीआई के जरिए इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन से उनकी गिरफ्तारी की अपील की थी। इसके बाद इंटरपोल ने उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था। लूथरा ब्रदर्स, उनके बिजनेस पार्टनर, मैनेजर और कुछ कर्मचारी दिल्ली के रहने वाले हैं। इसलिए गोवा पुलिस के साथ अब दिल्ली पुलिस भी अग्निकांड मामले की जांच कर रही है। दिल्ली में भी एक केस दर्ज किया गया है।

### लूथरा ब्रदर्स फर्जी कंपनियों के डायरेक्टर या पार्टनर

कॉर्पोरेट रिकॉर्ड से पता चलता है कि लूथरा भाई फर्जी कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप में डायरेक्टर या पार्टनर के तौर पर लिस्टेड हैं। ऐसी कंपनियों का इस्तेमाल आमतौर पर बेनामी लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता है। हालांकि, अभी इसकी जांच होना बाकी है। बर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। थाई पुलिस ने दोनों को फुकेट में एक होटल के कमरे से हिरासत में लिया। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।